रांची, मंगलवार
05.11.2024
वर्ष : 9, अंक : 331 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## झारखंड में भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है : मोदी

बिभा संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को गढ़वा के चेतना गांव स्थित श्रीकृष्ण गौशाला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है। 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार'। अब हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है।



मोदी ने कहा कि झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब पूरा देश 'विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा। झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं। झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है। मोदी ने कहा कि आपने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनाई। अब झारखंड में विधानसभा का चुनाव है। झारखंड के हर गरीब के पास एक्का घर होगा, ये मेरी गारंटी है।

मोदी ने कहा कि माताओं, बहनों, बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र में अनेक संकल्प लिए गए हैं। 'गोगो दीदी योजना' के तहत हर महीने माताओं-बहनों को 2,100 रुपये दिए जाएंगे। गरीब परिवार की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत पहले गैस कनेक्शन दिए गए, अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी। इसके साथ अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर दो मुफ्त सिलेंडर भी देगी। भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता व समृद्धि की गारंटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि कल झारखंड भाजपा ने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। मोदी ने कहा कि ये संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड के नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन वादा पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। सिपाही भर्ती के दौरान जेएमएम सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवाओं की दुखद मृत्यु हो गई। अब झारखंड भाजपा ने इस स्थिति को बदलने का निर्णय लिया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद करीब तीन लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा।

मोदी ने कहा कि आज कल अफवाहें फैलाने का बड़ा उद्योग चल पड़ा है। कुछ लोग भांति-भांति की दुकानें खेलकर बैठे हैं और अफवाह फैलाने का माल बेच रहे हैं। आपको ऐसी किसी भी अफवाह में नहीं आना है। आजादी के बाद ही कांग्रेस की राजनीति का बहुत बड़ा आधार रहा है-जनता से झूठ बोलना, जनता को धोखा देना। ये झूठे वादे करके मतदाताओं को धोखा देते हैं। हमारे नागरिकों की आंख में धूल झोंक देते हैं। अभी हाल ही में हरियाणा ने इन्हें सबक सिखाया है। कांग्रेस और उसके साथी जहां-जहां भी झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं, उस राज्य को उन्होंने बर्बाद कर दिया है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष ने भी मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देती है। पता नहीं कैसे खड़गे जी के मुंह से जाने-अनजाने में सच निकल गया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस की ये अनाप-शनाप घोषणाएं राज्यों को दिवालिया कर देंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड का एक और बहुत बड़ा दुश्मन है और वह है- परिवारवाद। झामुमो-कांग्रेस-राजद, ये तीनों दल घोर परिवारवादी हैं। ये लोग चाहते हैं कि सत्ता की चाबी केवल इन्हीं के परिवार के पास रहे।

मोदी ने कहा कि झारखंड में हमने 16 लाख गरीबों के घर बनाए। ये घर एससी-एसटी और ओबीसी को मिले, जिनके पास पक्का घर नहीं था। एक लाख 15 हजार घर तो गढ़वा में गरीब परिवारों को मिले हैं। आप कह रहे हैं कि यहां पहले कोई प्रधानमंत्री नहीं आया। मोदी पहला प्रधानमंत्री है जो यहां आया। जो बड़े-बड़े अच्छे काम होते हैं वो भी मेरे ही नसीब में लिखे हैं। साथ ही कहा कि आप जेएमएम-कांग्रेस से पूछिए कि आवास योजना का क्या हुआ। क्यों इसको लेकर आपके साथ विश्वासघात किया गया। लोकसभा में हमने तीन करोड़ घर बनाने की गारंटी दी थी। हमने इस पर काम भी शुरू कर दिया।

## सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं करने देने के पीछे विपक्ष की साजिश: हेमंत



बिभा संवाददाता

**पलामू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष ने एक साजिश के तहत हमारी सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया। चुनाव समय से एक महीने पहले कराया जा रहा है। भाजपा को लगने लगा कि ये सरकार लंबे समय तक रह गई तो भाजपा को झंडा ढोने वाला भी नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को डालटनगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमारी सरकार के लोगों को बहकाने का भी काम किया। सरकार गिराने की साजिश रची। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगली बार झामुमो की सरकार बनी तो घर बैठे जाति आर आय प्रमाण पत्र मिलेगा। इसके लिए प्रखंड, अंचल या डीसी ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष की घोषणा और योजना पर भी तंज कसा और कहा कि मुख्यमंत्री मईयां योजना से भाजपा को तकलीफ हुई। इसी को देखते हुए मंईयां योजना जैसी योजना लाने की घोषणा कर दी। 2100 रुपए देने की योजना एक तरह से वोट खरीदने के लिए है। इस योजना के तहत हर घर में एक लाख रुपए सालाना पहुंचाने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली बिल माफ किया। भाजपा 2014 से कह रही है कि किसानों की आय दो गुनी कर देंगे। लेकिन आज तक नहीं हुआ। हमारी सरकार ने किसानों का दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ कर दिया। इनके पास सिर्फ पूजींपतियों और कारोबारियों का कर्ज माफी के लिए पैसा है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मुख्य सचिव ने की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य की नवनियुक्त मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज भवन में मुलाकात की। राज भवन की ओर से बताया गया कि यह मुख्य सचिव की शिष्टाचार मुलाकात थी।

### राजनाथ सिंह आज रातु और लोहरदगा में करेंगे जनसभा

**रांची:** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 नवंबर को रांची के रातु स्थित सी एन राज छोटानागपुर हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे. दोपहर 1:30 बजे से लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 5 नवंबर को जामताड़ा के सारठ स्थित तेतुलबांधा मिशन ग्राउंड में 11:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. दुमका जिले के आसनसोल में दोपहर 12:30 बजे से मुरहाबहाल मोतीपुर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. मधुपुर स्थित करौन स्कूल मैदान में दोपहर 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे.

## अल्मोड़ा सड़क दुर्घटना में 36 की मौत, कई घायल

एजेंसी

**अल्मोड़ा/नैनीताल :** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में भीषण सड़क हादसे में कुल 36 लोगों की मौत हो गयी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी घायलों का हाल चाल जानने के लिये सोमवार की शाम को रामनगर का दौरा करेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वाल मोटर आनर्स यूनियन की बस आज सुबह पौड़ी गढ़वाल के नैनीडांडा से रामनगर आ रही थी। इसी दौरान मरचूला के पास कूपी के पास सारड बैंड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

बताया जा रहा है कि बस खचाखच भरी हुई थी। इसमें 55 लोग सवार थे जिनमें से 28 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि शेष घायलों को रामनगर और सल्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने 36 लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि 28 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि आठ लोगों ने रामनगर अस्पताल में दम तोड़ा है।

पता चला है कि चार लोगों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर एयर लिफ्ट किया गया है। तीन लोगों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है।

दूसरी ओर श्री धामी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री आज शाम को घायलों का हाल चाल जानने के लिये रामनगर चिकित्सालय पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को इस घटना की जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही लापरवाही बरतने के आरोप में अल्मोड़ा और पौड़ी के सहायक संभागीय अधिकारियों (प्रवर्तन) को निलंबित करने के निर्देश भी दिये हैं।



### उत्तराखंड बस हादसे पर मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**अल्मोड़ा:** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्मोड़ा में हुए भयानक बस हादसे पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा , ₹उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हर संभव प्रयास में जुटा है। वहीं,आगे प्रधानमंत्री ने इस दौरान सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजन को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है।

### राष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री ने अल्मोड़ा बस हादसे पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए बस हादसे पर दुख जताया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर अपना शोक संदेश साझा करते हुए कहा, अल्मोड़ा, उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा राज्य में विधानसभा चुनाव प्रचार: के रवि

बिभा संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में विधानसभा चुनाव प्रचार शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। आदर्श आचार संहिता की छिटपुट घटनाएं भी सामने आ रही हैं। अभी तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में 31 प्राथमिकी दर्ज की गईं हैं। उनमें सर्वाधिक 18 मामले गढ़वा जिले में दर्ज हुईं हैं। जबकि, रांची, सिमडेगा और रामगढ़ जिले में दो-दो मामले दर्ज हुए हैं। वहीं सरायकेला, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, देवघर, जामताड़ा, हजारीबाग और पलामू जिले में एक-एक मामले दर्ज हुए हैं। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सूचना प्राप्त हो रही है कि त्योहार और फसल कटाई को लेकर राज्य से बाहर गये श्रमिक अपने घर लौट रहे हैं। चुनाव के समय उनकी घर वापसी से उम्मीद जगी है कि वे इस दौरान मतदान में भी हिस्सा लेंगे। इससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी संभावित है। मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान ऐसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश भी की जा रही है। दूसरी ओर उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस हर तरह के संस्थानों में कार्यरत लोगों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित कराने पर है। पिछले चुनाव में कतिपय लोक उपक्रमों में इसे लेकर थोड़ी उहापोह की स्थिति देखी गयी थी, लेकिन इस बार अनिवार्य रूप से कर्मियों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश देना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर रांची में किसी संस्थान में कोई कार्यरत है और वह पाकुड़ में मतदान करने जाना चाहता है, तो उसे भी समय से अवकाश देना नियोक्ताओं के लिए अनिवार्य है। वहीं उन्होंने हर छोटे-बड़े संस्थानों को अपने कर्मियों के साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए अपने संस्थान में गठित वोटर अवेयरनेस फोरम के जरिये सपरिवार मतदान हेतु विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 1 अरब, 47 करोड़, 80 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

### अमेरिका में अगले राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान आज

**वाशिंगटन :** अमेरिका में नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मंगलवार (पांच नवंबर) को मतदान होगा। राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार एवं वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच है। देश के अलग-अलग राज्यों में मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से नौ बजे के बीच शुरू होगा। अमेरिका में अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया पांच नवंबर को यहां पूर्वी (तट) के मानक समय (ईएसटी) के अनुसार शाम सात बजे से 11 बजे के बीच बंद हो जाएगी। यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडिया की इलेक्शन लैब के अनुसार डाक मतदान जैसी सुविधाओं के तहत इस बार कुल सात करोड़ 80 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। इनमें राष्ट्रपति जो बाइडेन भी शामिल हैं। रविवार तक की अंतिम सूचना के अनुसार, ह्लअग्रिम मतदान के तहत सात करोड़ 80 लाख तीन हजार 222 पड़ चुके थे। इनमें 42,654,364 वोट व्यक्तिगत रूप से, 35,348,858 वोट डाक से प्राप्त हुए हैं। चुनाव प्राधिकरण ने मतदाताओं के आवेदन के आधार पर कुल 67,456 847 डाक मत पत्र भेजे थे। इससे पहले पिछले चुनाव में कुल 10.1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अग्रिम में मतदान किया था जो अब तक का रिकार्ड है। पिछली बार कोविड-19 महामारी के कारण लोगों ने डाक मतपत्र जैसी अग्रिम मतदान सुविधाओं को अधिक इस्तेमाल किया था।

### केंद्र के प्रयासों से बड़ी संख्या में महिलाएं विमानन को करियर के रूप में चुन रहीं : राष्ट्रपति



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थीं। यह बैठक ह्लद प्रेसिडेंट विद द पीपलह्व पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विमानन उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर भी आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाएं विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, 11 प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और 9 प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वाली 18 प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं। उन्होंने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे अभिनव सोच रखती हैं और नए रास्ते पर चलने का साहस रखती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण के अलावा परिवार का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा जाता है कि कई महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार से सहयोग न मिलने के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं। उन्होंने सफल महिलाओं से आग्रह किया कि वे अन्य महिलाओं के लिए मार्गदर्शक बनें और उन्हें अपना करियर चुनने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करें।

## विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों को 6.10 लाख करोड़ का घाटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की सपाट स्तर पर मिलीजुली शुरूआत हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार 1.5 प्रतिशत से भी अधिक लुढ़क गया। सेंसेक्स 79 हजार अंक से नीचे और निफ्टी 24 हजार अंक से नीचे फिसल गए?। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने मोर्चा संभाला, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक निचले स्तर से मामूली रिकवरी करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.18 प्रतिशत और निफ्टी 1.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।



आज के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके अलावा टेक, रियल्टी, एनर्जी, हेल्थकेयर, आईटी और बैंकिंग इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स में 1.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 442 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया जबकि पिछले शुक्रवार को मुहूर्त ट्रेडिंग के बाद इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 448.10 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6.10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,199 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,356 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,708 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 135 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,587 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 581 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,006 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 10.98 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 79,713.14 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से शुरूआती 2 घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक 1,491.52 अंक टूट कर 78,232.60 तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 549.64 अंक की रिकवरी करके 941.88 अंक की कमजोरी के साथ 78,782.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरु नानक विद्यालय में गुरबाणी गायन प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची(बिभा) :** गुरु नानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांची में गुरु नानक देव जी 555वें जयंती के शुभ अवसर पर गुरबाणी गायन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों ने शबद गायन के माध्यम से गुरु नानक देव जी के विचारों और संदेशों को अभिव्यक्त किया तथा कृपा और आशीष की कामना की। शबद गायन प्रतियोगिता में सतलुज सदन के विद्यार्थी प्रथम स्थान पर रहे तथा चेनाब सदन के विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर रहे। रावी तथा ब्यास सदन ने क्रमशः तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडली में रागी भरपूर सिंह ,रागी रणजीत सिंह, रागी कुलदीप सिंह (मेन रोड, गुरुद्वारा) शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर कैप्टन सुमित कौर, उपप्राचार्या सुश्री सोनिया कौर तथा प्रधानाध्यापिका श्रीमती हरप्रीत कौर उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेमलता , तनुश्री, राजवीर कौर, हरजीत कौर, दिलप्रीत सामरा और रणमीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई ।

### सिल्ली में आज जयराम महतो का महासभा



**रांची(बिभा) :** राज्य में विधानसभा चुनाव का माहौल गर्म है। सभी राजनीतिक दल अपने रणनीति के अनुसार से प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। मतदाता भी अपने अच्छे प्रत्याशी को टटोलने में लगे हुए हैं। इस बीच झारखंड की नई नवेली पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी अपने चुनावी रेस में है। जनसंपर्क चला रहे है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र काफी होट और चर्चित बना हुआ है। आज मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का आगमन है। जयराम का सभा पतराहातू मैदान सिल्ली में सुनिश्चित है। महासभा के प्रचार प्रसार हेतु क्षेत्र में कल सोमवार को बाइक रैली निकालते हुए जन समर्थन का अपिल किया गया। रांची जिला महिला अध्यक्ष पार्वती कुमारी ने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष का विधिवत तरीके से भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हजारों की भारी भीड़ पतराहातू मैदान में जुटेगी। प्रशासनिक अनुमति के साथ संपूर्ण तैयारी कर लिया गया है।

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने 25 सदस्यीय समन्वयक समिति का किया गठन

**रांची(बिभा) :** झारखंड विधान सभा चुनाव 2024 के लिए झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमृत कुमार सिंह के द्वारा भारतीय युवा कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश भदौरिया के निर्देश पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं प्रदेश प्रभारी कृष्णा अलावरु के मार्गदर्शन में 25 सदस्यीय समन्वयक समिति का गठन किया गया है। सभी मनोनीत समन्वयक झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी इशिता सेढा एवं प्रदेश अध्यक्ष अभिजित राज का सहयोग करते हुए विधान सभा चुनाव के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और गठबंधन दलों के उम्मीदवार को आवश्यक कानूनी सहायता, चुनाव के दौरान विरोधी दलों द्वारा किए जाने वाले आचार संहिता के उल्लंघन के कार्यों पर उचित कानूनी करवाई हेतु कार्य करेंगे। इस समन्वयक समिति में रामगढ़ से रोहन ठाकुर, हटिया से सुमित सिंह, कांके से इलियास हुसैन, लोहरदगा से खालिद युसुफ, सिमडेगा बजरंग गोयल, धनबाद विश्वजीत मिश्रा, बोकारो सरिता कुमारी, संतोष कुमार, डाल्टनगंज सचिन कुमार, दुमका सैमुएल सोरेन, हजारीबाग अमर रंजन, रवि सिंह, सुनील प्रजापति, गिरिडीह सलाउद्दीन अंसारी, साहेबगंज मृणाल भगत, जमशेदपुर राहुल गोस्वामी, चाईबासा विशाल शर्मा, देवघर करण सिंह, खूंटी राजकुमार, इत्यादि की नियुक्ति कि गयी है।

### सीपीआई ने कांके प्रत्याशी के लिये किया दौरा, मतदान की अपील की



**रांची(बिभा):** सीपीआई के प्रत्याशी संतोष कुमार रजक के समर्थन में सीपीआई रांची जिला सचिव अजय सिंह एवं राष्ट्रीय परिषद सह सीपीआई के स्टार प्रचारक पीके पाण्डेय ने कांके के सुदूर गांवों का सघन दौरा किया. अपने प्रत्याशी को वोट देकर जिताने की अपील की. गांव-गांव में सीपीआई के प्रत्याशी को अपूर्व समर्थन मिल रहा है, कांके विधानसभा क्षेत्र में यदि जल जंगल जमीन और किसानों को उचित सम्मान मिले, इसके लिए सीपीआई लगातार आपके बीच काम कर रही है. कांके विधानसभा को देश के चुनिंदा स्थानों में शामिल हो, इसके लिए सीपीआई को मौका दें. इन्होंने कोनकी इच्छापीढ़ी, नावाडीह,ऊपर कोनकी, सुकुरहुटू, मल्श्रृंग मनहा सहित कई गांवों का दौरा किया.

### इमरान प्रताप गढी आज चान्हों में



**रांची(बिभा) :** चान्हो प्रखंड के बलसोकरा बाजार टांड़ मैदान में राज्य सभा सांसद सह अल्पसंख्क कॉग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रताप गढी का 6 नवम्बर बुधवार को आगमन जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। चान्हो के बलसोकरा बाजार टांड़ मैदान में वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के पक्ष में करेंगे चुनाव प्रचार। जिसमें झारखंड प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं झारखंड प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के गण्य मान्य नेता गण उपस्थित रहेंगे। ये जानकारी चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक ने दिया।

**विशेष सामान्य प्रेक्षक एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक ने विधानसभा चुनाव के मतदान पूर्व तैयारियों का लिया**

# चुनाव को लेकर मतदान पूर्व पूरी तैयारी कर लें व कमियों को तत्काल दूर करें

प्रकाश पटवारी / बिभा



**हजारीबाग/रामगढ़:** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर हजारीबाग में निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली के विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र तिवारी और विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में हजारीबाग प्रमंडल के सभी सात जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए।

निर्वाचन आयोग से नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र तिवारी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह सोमवार को हजारीबाग पहुंचे। प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग के जिला समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में सभी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पक्षपात रहित मतदान कराने की दिशा में कार्य करने को कहा। विशेष सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव को लेकर मतदान पूर्व पूरी तैयारी कर लें और कमियों को तत्काल दूर करते हुए अलर्ट मोड में रहें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पक्षपात रहित मतदान आवश्यक है। चुनाव आयोग के निदेशों का पालन करते सभी बिंदुओं पर बारीकी से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र तक उन्हें लाने के लिए परिवहन सुविधा की पूर्व मैपिंग करने का निदेश दिया। साथ ही मतदान कर्मियों को विभिन्न परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र के सभी स्थान एवं निर्धारित समय तक पहुंचाना सुनिश्चित कराने से मतदान प्रतिशत की कमियों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर कड़ी निगरानी रखते हुए अफवाहों पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया। उन्होंने निदेश दिया कि विधि-व्यवस्था संधारण में किसी तरह की कोई समस्या नहीं आने दें।

विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान त्योहार का भी माहौल है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखा जाना आवश्यक है। विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होने से स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में सहुलियत होगी। प्रेषकों ने मतदान के समय एवं मतदान केंद्रों के बदलाव को लेकर मतदाताओं को विशेष रूप से जागरूक करने का निर्देश दिया। अंतराज्यीय एवं अंतर्जिला चेक पोस्ट की निगरानी बढ़ाते हुए जब्ती संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित एवं प्रकाशित हो रहे न्यूज, आपत्तिजनक खबरें, फेक न्यूज पर प्रभावी कार्रवाई करने, व्हाट्सएप ग्रुप की पोस्ट को नियमित निगरानी रखते हुए आपत्तिजनक या दूसरों को आघात पहुंचाने वाले पोस्ट पर कार्रवाई करने, क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया। साथ उन्होंने बेहतर स्वीप एक्टिविटी के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के हर प्रभावी कदम को उठाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र के अलावे 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्र या दस्तावेज के माध्यम से भी मतदान किया जा सकते हैं इसकी विस्तृत जानकारी देने की बात कही। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं (ए.एम.एफ) को सुनिश्चित करने को कहा।

समीक्षा के क्रम में प्रेक्षकों ने हर जिला की संरचना व भौगोलिक स्थित की जानकारी ली तदोपरांत मतदाताओं की संख्या,मतदान केंद्रों की संख्या,85+ आयुवर्ग, पीडब्ल्सू वोटर्स, थर्ड जेंडर, अनुसूचित जनजातियों के मतदाताओं की संख्या, यूनिक पोलिंग स्टेशन,ईवीएम एवं वीवीपेट की स्थिति, कार्मिक कोषांग, पोस्टल बैलट कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, वाहन कोषांग, व्यय कोषांग, स्वीप कोषांग व वोटर इनफॉर्मर स्लिप के वितरण आदि की जानकारी ली।

इसके पूर्व जिलावार उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने मतदान से पूर्व किए गए तैयारियों का विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस समीक्षा बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार, डीआईजी सुनील भास्कर, डीआईजी बोकारो रेंज,उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज, उपायुक्त बोकारो विजया जाधव, उपायुक्त चतरा रमेश घोलप, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा एवं उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा वहीं पुलिस विभाग से पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह, एसपी बोकारो मनोज स्वर्गीयरी, एसपी रामगढ़ अजय कुमार, एसपी कोडरमा अनुदीप सिंह, एसपी धनबाद एच.पी.जनार्दनन, एसपी गिरिडीह श्री डॉ विमल कुमार मौजूद थे।

## सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची बांटने के साथ उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें: उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**रांची :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने आगामी विधानसभा को लेकर 64- हटिया के विभिन्न मतदान बूथ यथा- लोयला स्कूल बूथ संख्या- 446, 447, 449, लोरेटो स्कूल नार्थ ऑफिस पाड़ा बूथ संख्या- 385 से 394, रा. म. विद्यालय बीएमपी -1 डोरंडा बूथ संख्या- 370, 371, 372, मॉडल उच्च विद्यालय डोरंडा बूथ संख्या- 373, 374 एवं शांति देवी मध्य विद्यालय डोरंडा बूथ संख्या- 356 से 359, राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नया लटमा बूथ संख्या-431 से 433, आँगनबाड़ी केंद्र चोरया बूथ संख्या-430 का निरीक्षण किया। सभी मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्था का जायजा लेते हुए सम्बंधित पदाधिकारी को ससमय मतदान बूथों पर सभी व्यवस्था पूरा कराने का निर्देश दिया ताकि मतदाताओं को मतदान के समय किसी प्रकार की समस्या नही हो।

इस दौरान 64-हटिया निवार्ची पदाधिकारी सह अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक एवं अंचल अधिकारी अरगोड़ा, सम्बंधित बीएलओ मौजूद थे।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा 64- हटिया के विभिन्न मतदान बूथों का भौतिक निरीक्षण करते हुए मतदान में अटक्ष सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान बूथों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप से हो यह सभी सम्बंधित अधिकारी पहले से सुनिश्चित कर ले।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा मतदान बूथों पर उपस्थित बीएलओ से जानकारी लेते हुए पूछा की सभी मतदाताओं को उनके घर में मतदाता सूची का वितरण किया जा रहा है ना साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की सभी मतदाताओं को पर्ची बांटने के साथ उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़े। उन्होंने सम्बंधित बीएलओ से अरऊमार्किंग के बारे में, वोटर टर्न आउट की जानकारी लिया।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सम्बंधित सभी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर दे, इसके लिए मतदाताओं को मतदान केंद्र में लाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाए। उन्हें प्रोत्साहित करें उन्हें बताए उनका मतदान कितना अहम है। जागरूकता से ही मतदान को बढ़ाया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री को दूसरे दलों पर टिपण्णी करने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए: डॉ मनोज

बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखण्ड में दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को दूसरे दलों पर टीका टिप्पणी करने से पूर्व अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। इसके बाद किसी दूसरे दलों पर टिप्पणी करनी चाहिए। उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री के रूप में कतई शोभनीय नहीं है।

राजद के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल, झामुमो, कांग्रेस पर बेबुनियाद आरोप लगाया कि यह तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा हैं। शायद भाजपा के नेताओं को यह ज्ञात होगा कि भाजपा का पृष्ठभूमि ही समाज विरोधी और धर्म विरोधी रहा है। हमेशा से भाजपा समाज को तोड़ने का काम किया। धर्म के नाम पर समाज को तोड़ने का काम कर रही। समाज में नफरत पैदा करने का काम रही है। कभी जाति के नाम पर कभी धर्म के नाम पर राजनीतिक कर रही है। राजद तो हमेशा समाज को देश को और सभी वर्गों को जोड़ने और लेकर चलने का काम करती है।

मनोज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने झारखंड में तीनों दलों पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। आरोप लगाने से पूर्व पहले अपने अंदर झांकना चाहिए। शायद प्रधानमंत्री को ज्ञात नहीं है कि झारखंड में जितना परिवारवाद भारतीय जनता पार्टी में कूट-कूट कर भरा हुआ है, उतना शायद अन्य दलों में नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू चुनाव लड़ रही हैं। क्या यह परिवारवाद नहीं है। चंपई सोरेन और चंपई सोरेन का बेटा चुनाव लड़ रहे हैं। क्या यह परिवारवाद नहीं है। अर्जुन मुंडा की पत्नी चुनाव लड़ रही हैं। क्या यह परिवारवाद नहीं है। ढुलू महतो के भाई चुनाव लड़ रहे हैं। क्या यह परिवारवाद नहीं है। जहां तक भ्रष्टाचार की बात है तो भाजपा भ्रष्टाचार की जननी है।

## पोस्टल बैलट से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर पर मतदान की सुविधा

**रांची।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की है। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 40 प्रतिशत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) वैकल्पिक घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसी के क्रम में सोमवार को रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा चुनाव-2024 के लिए पोस्टल बैलट के माध्यम से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पर मतदान की सुविधा देकर उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा दी गई। मतदान कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के पूरे दल की भागीदारी से घर से मतदान कराया गया और पूरी मेहनत के साथ मतदान की गोपनीयता बनाकर रखी गई।

## सेंट जेवियर्स कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने चलाया स्वच्छता अभियान



**रांची :** एनसीसी सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची ने 4 नवंबर को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। छठ पूजा के शुभ त्योहार को स्वच्छ वातावरण में मनाने के लिए करमटोली तालाब, मोराबादी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कुल 40 कैडेट मौजूद थे जिन्होंने जगह की सफाई में एक-दूसरे की मदद की। प्लास्टिक रैपर, पॉलिथीन, बोतलें आदि सहित सूखे और ठोस कचरे को मिलाकर लगभग 80 किलोग्राम कचरे का ढेर लगाया गया था। कैडेटों को स्वच्छता का महत्व बताया गया। सारा ठोस कचरा रांची नगर निगम द्वारा एकत्र और ले जाया गया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफल रहा।

# नागरिक संगठनों ने जारी किया मिलेट मेनिफेस्टो, पार्टियों से जलवायु परिवर्तन को चुनावी मुद्दा बनाने की अपील

बिभा संवाददाता

**रांची:** जलवायु-स्थायी कृषि और खाद्य सुरक्षा का समर्थन करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पलकिया फाउंडेशन के नेतृत्व में नागरिक संगठनों ने झारखंड के लिए मिलेट मेनिफेस्टो जारी किया। इस मेनिफेस्टो में राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया है कि वे जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए अपने चुनावी एजेंडे में प्राकृतिक खेती को शामिल करें और पौष्टिक व जलवायु-स्थायी पारंपरिक और स्वदेशी फसलों जैसे मडुआ (मिलेट्स) को वरीयता दें। दशकों से हाइब्रिड बीजों, रासायनिक इनपुट और आधुनिक सिंचाई पद्धतियों ने आदिवासी समुदायों और स्थानीय कृषि के बीच पारंपरिक संबंध को बाधित कर दिया है, जिससे झारखंड की पारिस्थितिकी और किसानों की आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इन बदलावों के कारण राज्य के 24 में से 20 जिले अत्यधिक जलवायु-संवेदनशील हो गए हैं, जिससे कुपोषण का खतरा और जैव विविधता का ह्रास बढ़ गया है।

संस्था ने मडुआ और दालों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करने, मडुआ किसानों के लिए सुविधाजनक ऋण, तकनीकी सहायता और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने, सप्लाई चेन और भंडारण सुविधाओं को मजबूत करने, पंचायत स्तर पर मडुआ उत्पादकों को सहयोग करने, महिला किसानों के नेतृत्व वाले किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाने, महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को स्थानीय मडुआ प्रसंस्करण इकाइयों से जोड़ने, आंगनबाड़ी और स्कूलों में मडुआ आधारित भोजन को शामिल कर कुपोषण की समस्या को दूर करने, मडुआ और अन्य स्थानीय खाद्य पदार्थों को रेस्टोरेंट और होटलों में रचनात्मक पाककला अनुभवों के माध्यम से प्रस्तुत करने और खाद्य उत्सव और संगोष्ठियों के माध्यम से पारिस्थितिकी-संवेदनशील उपभोग को बढ़ावा देने जैसे सुझाव मिलेट मैनिफेस्टो के जरिए राजनीतिक दलों को दिए हैं।

पलकिया फाउंडेशन की निदेशक महिमा बंसल ने कहा, जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हमें झारखंड में मडुआ जैसे स्वदेशी और पारंपरिक अनाजों को पुनर्जीवित करने के लिए नीति-स्तरीय हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि हम चावल और गेहूं के फसल चक्र से हटकर बहुफसली खेती को अपनाएं। चुनावों में जा रहे राजनीतिक दलों से हम चाहते हैं कि वे झारखंड के किसानों और महिलाओं को आश्वस्त करें कि इन सिफारिशों को लागू किया जाएगा। हम भाजपा का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने हमारे सुझावों को अपने संकल्प पत्र में शामिल कर मडुआ के लिए एमएसपी सुनिश्चित करने का वादा किया है। हमें उम्मीद है कि अन्य दल भी अपने घोषणापत्र में इन सिफारिशों को शामिल कर किसानों, जन स्वास्थ्य, और जलवायु स्थायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाएंगे।

अशरफी नंद प्रसाद, स्टेट कन्वीनर, राइट टू फूड ने कहा, झारखंड सरकार ने मडुआ (मिलेट) के संदर्भ में कई पहल की है जैसे कि हफ्ते में दो दिन मडुआ लड्डू स्कूलों में दिए जाएँ। हालांकि इन अभियानों का पालन जमीनी स्तर पर बहुत कमजोर है। मिलेट मेनिफेस्टो के जरिए हम झारखंड के सभी राजनीतिक दलों से अपील कर रहे हैं कि वे अपने घोषणापत्रों में खेती-किसानी, जलवायु परिवर्तन, पौष्टिक भोजन आदि मुद्दों को तवज्जो दें ताकि सरकार बनने के बाद इन पार्टियों को जवाबदेही तय की जा सके।

बताते चलें कि बीते दशकों में आधुनिक कृषि और खाद्य प्रणालियों में आए ऐतिहासिक बदलावों के कारण आदिवासी समुदायों का पारंपरिक कृषि और खाद्य पद्धतियों से संबंध बाधित हुआ है। हाइब्रिड बीजों, रासायनिक पदार्थों और आधुनिक सिंचाई पद्धतियों, जो स्थानीय पारिस्थितिकी और जरूरतों के अनुकूल नहीं थीं, से झारखंड की खेती किसानी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। नतीजतन, झारखंड के 24 में से 20 जिलों को उच्च जलवायु संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है, जिससे पोषण असुरक्षा और जैव विविधता ह्रास का संकट बढ़ता जा रहा है।

वर्ष 2023 के इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स मनाए जाने के बाद, झारखंड में मडुआ (मिलेट्स) के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए कई सरकारी पहल किए गए हैं। इसी क्रम में सामाजिक संगठन आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों को कृषि और जलवायु परिवर्तन को चुनावी मुद्दा बनाने का आग्रह कर रहे हैं।

## पुलिस करेगी छठ घाटों की सफाई, व्रतियों को नहीं होगी समस्या

**रामगढ़।** चुनाव की ड्यूटी के साथ-साथ रामगढ़ पुलिस समाज सेवा में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। आस्था के महापर्व छठ को लेकर रामगढ़ पुलिस ने अपनी तैयारी की है। एसपी अजय कुमार ने छठ व्रत के लिए सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है उन्होंने खुद चौकीदारों की एक टीम बनाई है। यह टीम पुलिस कार्यालय और पुलिस लाइन से अलग हटकर छठ घाटों की भी सफाई करेगी। एसपी ने बताया कि आस्था का महा सैलाब छठ व्रत में नजर आता है। पवित्रता के इस पर्व में व्रतियों की सेवा भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि चौकीदारों की टीम को पहले से ही इसके लिए तैयार कर लिया गया था। अब शहर के छठ घाटों की सफाई शुरू कर दी गई है। दामोदर नदी तट पर छठ घाटों की सफाई के साथ-साथ शहर के उन स्थानों पर भी सफाई अभियान चलाया जाएगा जहां व्रतियों का हुजूम पहुंचता है। एसपी ने बताया कि सफाई के कार्यों का निरीक्षण भी किया जाएगा। साथ ही छठ के दिन व्रतियों की सुरक्षा में भी पुलिस मुस्तैद रहेगी। सभी चौक चौराहों और छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पूजा कमेटी के द्वारा रोशनी के इंतजाम किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने लगाया रेकी व फोन टेप का आरोप, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन


**रांची(बिभा):** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और ज्ञापन सौंपा की भाजपा नेताओं के फोन टेप किया जा रहा है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार के इशारे पर पुलिस के उच्च पदाधिकारियों द्वारा भाजपा के नेताओं एवं पदाधिकारियों का फोन टेप किया जा रहा है,केवल फोन ही नहीं बल्कि भाजपा नेताओं का रेकी किया जा रहा है एवं भाजपा नेताओं के आवास एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर छापेमारी करने की योजना बनाया जा रहा है। जिस प्रकार पुलिस कार्य कर रही है उससे लग रहा है कि चुनाव के दौरान ही भाजपा नेताओं का हत्या कराया जा सकता है। श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी के पास इस बात के पक्के सबूत है कि उनके नेताओं का कैसे फोन टेप हो रहा है । चुनाव के दौरान किसी व्यक्ति का फोन टेप करना आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन तो है ही साथ में आर पी एक्ट की धारा 123(7) के तहत अपराध है।ऐसा करना भारतीय टेलीग्राफ एक्ट की धारा 5(2) के तहत भी अपराध है।बिना पुलिस के उच्च अधिकारियों के यह फोन टैपिंग संभव नहीं है ,इस फोन टैपिंग में राज्य के आला अधिकारी भी शामिल हैं। मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।प्रतिनिधिमंडल में पुष्कर तिवारी शामिल थे।

### नवीन जयसवाल ने विस क्षेत्र में पदयात्रा कर जनता-जनार्दन का लिया आशीर्वाद



**रांची(बिभा) :** हटिया से भाजपा प्रत्याशी नवीन जयसवाल ने हिनु बंधु नगर, शुक्ला कॉलोनी, साकेत नगर, खोखमा टोली, काटू, लाहना टोली, मखमंदरो, मुरगु, बड़का टोली, नया टोली, छोटका टोली, पंडरा, पाली, डोरंडा में पदयात्रा सह जनसंपर्क कार्यक्रम कर जनता-जनार्दन का आशीर्वाद लिया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा की पूरे हटिया विधानसभा मे गाँव गाँव मुहल्ले मुहल्ले लोगों से मिले स्नेह,प्यार और आशीर्वाद का हृदय से आभारी हूँ, हटिया की जनता से मिल रहे अनंत प्यार और आशीर्वाद ने ये पूरी तरह तय कर दिया है कि हटिया विधानसभा क्षेत्र से पुनः एक बार नवीन जयसवाल की जीत होगी और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। पदयात्रा सह जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभिन्न गाँव और मुहल्ले सेजेम्स बॉन्ड खालको, पाली मुखिया कमल खालको, अमित तिवारी, रूपेश गोप, कृष्णा उरांव, पप्पू गोप, रोहित गोप, राम ऊराव, कृष्णा भगत, रामेश्वर गोप, पर्मेश्वर सिंह, लाला उराव के साथ सेकडों की संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्य निर्वाचन कार्यालय के कर्मी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा



**रांची(बिभा)।** मुख्य निर्वाचन कार्यालय में फराश के पद पर कार्यरत रामअवधेश सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार,अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा एवं संदीप सिंह सहित कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधितों को निदेशित किया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए नियमानुसार स्व. रामअवधेश सिंह के परिजनों को सभी देय पावनाएं यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाएं।

### व्यय प्रेक्षक अजेय कुमार ने सिल्ली व खिजरी के निर्वाची पदाधिकारी संग की बैठक, दिया निर्देश



**रांची(बिभा) :** सिल्ली और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों का भारत निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक अजेय कुमार ओझा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राम नारायण सिंह तथा खिजरी विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू के द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान हो रहे व्यय के संबंध में जानकारी देने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को लेखा जांच तथा चुनाव से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें व्यय की अधिकतम सीमा प्रति उम्मीदवार अधिकतम 40,000,00/- के बारे में बताया गया। व्यय प्रेक्षक श्री अजेय कुमार ओझा द्वारा सभी उम्मीदवारों को जानकारी देते हुए कहा गया कि श्सिर्फ.पैसे के बल पर कोई भी उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में न कर सके, इसीलिए निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे प्रचार अभियान के दौरान सभी उम्मीदवारों के द्वारा किए जाने वाले व्यय की समीक्षा की जाती है। इस अवसर पर सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के अएड आकाश कुमार, खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अएड पंकज नारायण और व्यय प्रेक्षक के संपर्क पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद थे।

### भाकपा माले ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**रांची(बिभा) :** रांची विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से जेएमएम की उम्मीदवार डॉ महुआ माजी के पक्ष में भाकपा माले का डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चुटिया और मेन रोड़ रांची में हुआ। आज इंडिया गठबंधन की जेएमएम उम्मीदवार डॉ महुआ माजी के पक्ष में भाकपा माले रांची का चुटिया के धूमसा टोली,हरिजन मुहल्ले में हुआ उसके बाद प्रचार इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार डॉ महुआ माजी के साथ संयुक्त रूप से न्यू डेली मार्केट इलेक्ट्रॉनिक मंडी और सुधा इलेक्ट्रॉनिक मार्केट मेन रोड़ में हुआ। इस संयुक्त जनसंपर्क अभियान में भाकपा माले का पर्चा और वोट इंडिया गठबंधन से जेएमएम की उम्मीदवार डॉ महुआ माजी के पक्ष में मांगा गया। जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में जेएमएम उम्मीदवार डॉ महुआ माजी,भाकपा माले से कॉमरेड शुवेंदु सेन,नदीम खान,महेश कुमार सिंह,सुशीला तिग्गा,शांति सेन,सुदामा खालखो,मो बब्बर,डेली मार्केट के अध्यक्ष मो हाशिम भाई,सुधा मार्केट के मो शादाब,ऐति तिर्की,गोपाल प्रसाद,दिलमोहन साहू,बीमा साहू,अनिल उरांव,नसीम खान शामिल थे। भाकपा माले का डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान विभिन्न मुहल्ले में होगा,साथ ही 10 नवंबर को शहर में पदयात्रा।

# संस्थानों में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश का है प्रावधान : के रवि कुमार

बिभा संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा है कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं। वह सोमवार को श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे।

कुमार ने कहा है कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उन्हें मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित भी करें। ताकि, ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

ज्ञात हो कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी करोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का भी प्रावधान है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस हेतु राज्य अंतर्गत समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधको से आग्रह किया है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इस हेतु इस प्रावधान का समुचित पालन करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी दो महीने में होंगे रिटायर

**रांची:** झारखंड में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी अगले दो महीने में रिटायर हो जायेंगे। इस महीने 30 नवंबर को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। वे अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा डीजीपी अजय कुमार सिंह और एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर हो जायेंगे। दूसरी ओर झारखंड कैडर के 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं।

#### आगामी विधानसभा सभा को लेकर मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

## सभी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित हो एवं मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की समस्या न हो: वरुण

बिभा संवाददाता



**रांची :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन ने आगामी विधानसभा सभा 2024 को लेकर मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी रांची, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी रांची, ईवीएम नोडल पदाधिकारी, एलआरडीसी रांची, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक सुमन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, सम्बंधित सभी नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

जानकारी हो की प्रथम चरण में दिनांक- 13 नवम्बर को 5 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव है जो - 58- तमाड़, 63- रांची, 64- हटिया, 65- कांके, 66- मांडर में चुनाव है, जिसके लिए 12 नवंबर 2024 को सामग्री डिस्पैच होना है। द्वितीय चरण में मतदान दिनांक- 20 नवंबर 2024 को विधानसभा क्षेत्र 61- सिल्ली, 62- खिजरी में चुनाव होना है जिसको लेकर 19 नवम्बर 2024 को ही सामग्री का वितरण होगा।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की सभी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित हो एवं मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसको लेकर सभी तैयारी समय से पूरा कर ले।

उपायुक्त रांची द्वारा सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान कर्मियों के बैठने, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था पहले से दुरुस्त रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या नही हो। उपायुक्त रांची द्वारा मतदान कर्मियों के लिए वाहन की भी समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने मतदान कर्मियों के भोजन की व्यवस्था (भुगतान के आधार पर) खाने के स्टॉल लगाने को कहा ताकि कम कीमत पर उन्हें भोजन मिल सकें इसके जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित दीदी किचन के द्वारा व्यवस्था कराने को कहा।

### राज्य में फिर से आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनेगी: सुप्रिया



बिभा संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि राज्य में फिर से आईएनडीआईए (इंडिया )गठबंधन की सरकार बनेगी। झारखंड सरकार का रिपोर्ट कार्ड ए प्लस है। राज्य की जनता भाजपा से हिसाब लेगी। लोकसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को प्रचार- प्रसार भी नहीं करने दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के तिरस्कार का हिसाब लेगी।

श्रीनेत सोमवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 57 लाख बेटियों और महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ दिया। इसमें 1000 रुपए दिए हैं, जबकि दिसंबर से 2500 रुपए दिए जाने हैं। 42 लाख लोगों का बिजली बिल माफ हुआ और उन्हें मुफ्त में बिजली मिल रही है। 4.50 लाख किसानों का ऋण माफ किया गया। 11 लाख छात्राओं को पांच हजार दिए गए। शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की 1.36 लाख करोड़ रुपए दबा कर बैठी है। यह राशि मिलती तो सरकार राज्य के 42500 छात्रों को पांच साल तक 5000 रुपए दे सकती थी। तीन लाख छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा सकता था। राज्य का जल संकट दूर हो सकता था। 68 लाख किसानों का दो-दो लाख का ऋण माफ हो सकता था। 68 लाख परिवारों को अबुआ आवास मिल जाता।

# सीएमपीडीआई ने कॉर्पोरेट श्रेणी में जीते तीन पुरस्कार

बिभा संवाददाता



**रांची:** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कोलकाता में आयोजित 50वें सीआईएल स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनियों को कॉर्पोरेट पुरस्कार प्रदान किए। सीएमपीडीआई ने कॉर्पोरेट श्रेणी में 3 पुरस्कार जीते। इस अवसर पर विक्रम देव दत्त, सचिव, कोयला मंत्रालय; पी.एम. प्रसाद, अध्यक्ष, सीआईएल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मनोज कुमार, सीएमडी, सीएमपीडीआई ने अपनी टीम के साथ सीएमपीडीआई द्वारा प्राप्त कॉर्पोरेट पुरस्कार ग्रहण किया । सीएमपीडीआई ने कॉर्पोरेट श्रेणी में, क्षेत्रीय संस्थान-V, बिलासपुर के कोरबा ड्रिलिंग कैंप ने सर्वश्रेष्ठ ड्रिलिंग कैंप पुरस्कार (गवेषण पुरस्कार), सीएसआर व्यय में प्रथम पुरस्कार (एमसीएल के साथ संयुक्त रूप से) और स्वच्छता पखवाड़ा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

## जिले के 9 चेकनाकों के मजिस्ट्रेट व पुलिसकर्मियों को शोकॉज

बिभा संवाददाता

**रांची:** रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने सोमवार को विधानसभा चुनाव के लिए स्थापित सभी 35 चेकनाकों के कार्यों की समीक्षा की. समीक्षा के दौरान सभी 35 चेकनाकों पर इनकी स्थापना से लेकर 4 नवंबर तक वाहन जांच की संख्या एवं अभी तक हुई जब्ती पर डीसी ने निराशा व्यक्त की. उन्होंने वैसे 9 चेकनाकों के दंडाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को स्पष्टीकरण निर्गत करने का निदेश दिया, जहां अभी तक जब्ती शून्य है.

डीसी वरुण रंजन द्वारा जिला के सभी 35 चेकनाकों के दंडाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में कार्य करने का निदेश दिया गया. कहा कि कोई भी वाहन बिना समुचित जांच पड़ताल के चेकनाकों से न गुजरे, ताकि आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान निर्धारित सीमा से ज्यादा की नकद, शराब, फ्रीबीज एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं जिनका निर्वाचन के दौरान अवैध उपयोग किया जा सकता है, उनके परिवहन पर रोक लगाई जा सके.

#### इन चेकनाकों को शोकॉज

1. मारंगहादा-तैमारा रोड चेकपोस्ट (तमाड़ विधानसभा)
2. ईचागढ़-सोनहातू रोड चेकपोस्ट ( सिल्ली विधानसभा)
3. गोला-सिल्ली रोड चेकपोस्ट (सिल्ली विधानसभा)
4. झारखंड-बंगाल सीमा, श्याम नगर चेकपोस्ट (सिल्ली विधानसभा)
5. खूंटी-सिलादोन-टकरा-भुसूर रोड (खिजरी विधानसभा)
6. रामगढ़-रांची रोड, ओरमांझी (खिजरी विधानसभा)
7. रांची-रामगढ़ रोड दीपक ढाबा के नजदीक (खिजरी विधानसभा)
8. कर्रा-काकरिया रोड, लापुंग ( मांडर विधानसभा)
9. पुरनापानी-लापुंग रोड ढोलेया ( मांडर विधानसभा)

# राज्यपाल को जैन धर्म के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा सात सूत्री मांग पत्र

बिभा संवाददाता



**रांची।** जैन धर्म के समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार जैन के अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही जैन धार्मिक के पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल के 50 वर्ष साधना और साधुत्व को समर्पित अभिरामम नामक पुस्तक और स्मृति चिन्ह भी भेंट की। यह पुस्तक संघ और राष्ट्र हित में है। इस किताब में जैन धर्म के मूल सिद्धांत और महावीर के उपदेशों का विस्तृत वर्णन है, जो समाज में अहिंसा और करुणा के मूल्य को बढ़ावा देता है।

#### ये है प्रमुख मांग

व्यापारियों की सुरक्षाः जैन व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करना, न केवल उनके व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह आर्थिक विकास में भी योगदान देता है।

महावीर शिक्षाः महावीर के उपदेशों और जैन धर्म के मूल सिद्धांतों पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। यह युवा पीढ़ी को सही दिशा में मार्गदर्शन देने में सहायक होगा।

रांची में भूमि की मांगः जैन धार्मिक गतिविधियों के लिए रांची शहर में उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इससे जैन समुदाय के कार्यक्रम और आयोजन आसानी से हो सकेंगे, जो समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा।

सोशल मीडिया में अपमानजनक सामग्री का नियंत्रणः सोशल मीडिया पर जैन धर्म के प्रति अपमानजनक और भड़काऊ वीडियो की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने की अपील की गई। यह जरूरी है कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाए और समाज में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा दिया जाए।

पारसनाथ विकासः पारसनाथ मंदिर, जो जैन धर्म का एक पवित्र स्थल है, के आस-पास सभी प्रकार के मांसाहारी भोजन और शराब पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है, ताकि इस क्षेत्र की धार्मिक और आध्यात्मिक भावनाओं का सम्मान किया जा सके।

सामान्य जनता की सुरक्षाः रांची शहर में आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। सभी नागरिकों को सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है, और इसके लिए सरकार को ठोस नीतियां बनानी चाहिए।

महावीर जयंती के अवसर पर झारखंड में सभी प्रकार के मांसाहारी भोजन और शराब पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है, ताकि इस पावन पर्व की धार्मिक भावना और जैन संस्कृति का सम्मान किया जा सके। इस दौरान राज्यपाल ने इन सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

### कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर सीसीएल को मिले कई कॉर्पोरेट अवार्ड्स




बिभा संवाददाता

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोल इंडिया मुख्यालय में समारोह आयोजित किया गया। इसमें सीसीएल को हाईएस्ट डिपार्टमेंटल कैपेसिटी यूटीलाइजेशन, एम्पलॉई वेलफेयर, सीएसआर एवं क्लीनलीनेस ऑफ कॉलोनी मेंटेनेंस एवं सीएसआर एक्सपेंडिचर में द्वितीय पुरस्कार मिला।

इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत केटेगरी में विजिलेंस एक्सीलेंस अवार्ड बिमल कुमार को, इंडिविजुअल एक्सीलेंस अवार्ड एस.के. सिंह को, बेस्ट एचओडी का अवार्ड अजय सिंह को एवं बेस्ट एरिया जीएम का अवार्ड अजय सिंह को दिया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी; केंद्रीय कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, अपर कोयला सचिव श्रीमती रूपिंदर बरार, अपर कोयला सचिव श्रीमती विस्मिता तेज, कोल इंडिया के अध्यक्ष पी.एम. प्रसाद; निदेशक (पी एंड आईआर) विनय रंजन; निदेशक (व्यवसाय विकास), देबाशीष नंदा, निदेशक (विपणन) मुकेश चौधरी, निदेशक (वित्त) मुकेश अग्रवाल, कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह एवं विभिन्न कंपनियों के सीएमडी सहित कोल इंडिया और सीसीएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रंगोली पोस्टर के माध्यम से मतदान करने का दिया संदेश




**बोकारो(बिभा) :** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के विभिन्न कौशल विकास केन्द्रों में रंगोली और पोस्टर के माध्यम से मतदान के महत्व से मतदाताओं को जागरूक किया गया। ड्रीम व्यूवर्स एडिट्रैक प्राइवेट लिमिटेड चास बोकारो, कौशल विकास केंद्र तलगड़िया समेत अन्य कौशल विकास केंद्रों में एक साथ हुआ आयोजन। केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली एवं पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। रंगोली और पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने मतदान के महत्व, वोट देने का अधिकार और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के बारे में संदेश दिया। उन्होंने अपने अभिभावकों एवं अपने आस-पास के लोगों को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का प्रतिज्ञा लिया। मौके पर स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता ने सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया।

गरगा पुल के समीप बनाये गये अस्थायी पटाखा दुकान में आग लगने का मामला

### तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित, तीन दिनों में देगी जांच रिपोर्ट



**बोकारो(बिभा) :** पिछले दिनों गरगा पुल समीप बनाये गये अस्थायी पटाखा दुकानों में आग लगने, कई पटाखों के दुकानों के जल जाने एवं सामग्रियों की क्षति होने के संबंध में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट समर्पित करने के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जांच कमेटी के अध्यक्ष उप विकास आयुक्त श्री गिरजा शंकर प्रसाद को बनाया गया है, जबकि पुलिस उपाधीक्षक नगर एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। उपायुक्त ने मामले में जांच कमेटी को तीन दिनों के अंदर विस्तृत जांच रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया है।

### रंगोली, दीपोत्सव एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिटी पार्क में मतदान करने का दिया संदेश



**बोकारो(बिभा) :** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के सिटी पार्क में रंगोली, दीपोत्सव और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व से मतदाताओं को जागरूक किया गया। रंगोली, दीपोत्सव और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीम के सदस्यों ने मतदान के महत्व, वोट देने का अधिकार और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का संदेश दिया। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार ने पार्क में उपस्थित लोगों को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं उन्हें दूसरे को मतदान करने के लिए जागरूक करने को कहा। सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया। मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता समेत स्वीप कोषांग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### डीसी ने पेटरवार फारेस्ट गेस्ट हाउस समीप स्थित चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण,



**बोकारो(बिभा) :** विधानसभा आम चुनाव 2024 की तिथियां घोषित होने के साथ ही जिले के विभिन्न चौक झ चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव ने विधि व्यवस्था समेत निर्वाचन को देखते हुए जिले के सीमावर्ती पेटरवार थाना अंतर्गत फारेस्ट गेस्ट हाउस समीप एसएसटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। कहा कि छोटे बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। स्वयं जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने कई छोटे बड़े लक्जरी वाहनों की जांच की। वाहनों के डैस बोर्ड/डिक्की आदि को देखा। इसके अलावा विधि व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को भी जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

### एलएच में हुआ माता का जागरण

**बोकारो(बिभा) :** काली पूजा समिति बीएसएल एलएच की ओर से भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें जजमान के रूप में पंडित सरवन झा और लक्ष्मी झा शामिल हुए । ज्योत प्रज्वलित करने के बाद जागरण की विधिवत शुरूआत हुई। इस अवसर पर आसपास के लोगों के साथ-साथ काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। मां शेरावालिए जय माता दी आदि गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष एच एन गिरी, सचिव उदय सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश सिंह, सुशील मृत्युंजय कुमार, एलबी झा, विप्लव वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। जागरण का उद्घाटन बोकारो विधायक विरंची नारायण ने किया।

# जनता मन बना चुकी भाजपा की सरकार बने झारखंड में : बिरंची

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** जनसंपर्क अभियान के दौरान एनडीए प्रत्याशी बोकारो विधायक बिरची नारायण ने चास नगर निगम के विभिन्न वार्डो मे चेक पोस्ट,मेनरोड,इस्पात कॉलोनी, कुँवर सिंह कॉलोनी में डोर टू डोर संपर्क अभियान कर वार्डवासियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने ने कहा केंद्र सरकार व पूर्व के भाजपा सरकार के योजना से हर शहर ,गांव टोला लाभाविन्त है। हर घर नल योजना के तहत चास नगर निगम के वासियों को जल उपलब्ध कराया जा रहा। पूर्व के रघुवर दास के सरकार में कई योजनाएं चास नगर निगम को मिली। हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी, झूठे वादे, लुट, भय, अत्याचार से अविश्वास से आम जनता में रोष है। जिस वादे के साथ 2019 में सरकार बनी पांच साल पूरे हो गए मगर कोई भी जनता से किया गया वादा पूरा न कर सके। दिन प्रतिदिन प्रखंड हो या जिला या प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर। संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री अभी जेल में तो कोई आईएस अधिकारी जेल में।

झारखंड की खनिजों की लूट मची जिसमे उनका परिवार के लोग भी शामिल हैं।

बोकारो विधानसभा के जनता ने अपना मन बना चुके है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित कार्यों का काम पुनः शुरू हो ताकि राज्य का सर्वाधिक विकास हो और जरूरत मंदो को उनका हक अधिकार मिल सके।

बोकारो भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि में अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच आया हूं विगत 10 सालों में जो भी वादा किया उसे पूर्ण करने का कार्य किया और आगे भी करूंगा। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को पहले मतदान फिर जलपान के साथ ईवीएम के क्रमांक संख्या 1 पर कमल का बटन दबाकर झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभा कर वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करे।

दौरे में जिला महामंत्री संजय त्यागी, मंडल अध्यक्ष अमर स्वर्णकार, निवर्तमान अध्यक्ष पन्नालाल कान्दु, अर्चना सिंह,मनराज सिंह, संतोष बरनवाल, बुद्धेश्वर घोषाल, सुबोध कुमार, विनोद सिंह, लीला देवी, अरविंद राय, राजेश घोषाल, रणजीत बरनवाल, झन्तु दे, हरेकृष्ण, राज सिंह, उदय सिंह,पप्पू चौरसिया, दिलाप पाल,अजित बाउरी, दीपक चन्द्र बाउरी, झन्तु बाउरी, विमल कुमार, दिनेश महतो,राजेश बरनवाल, अर्जुन स्वर्णकार, मिथुन, परमानंद, सदानंद, सेंटी काँदु,संजय बरनवाल आदि मौजूद रहे।

## लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान आज से



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान इस बार मंगलवार 5 नवंबर से नहाय खाय के साथ शुरूआत होगी । इस महापर्व को लेकर शहर के विभिन्न इलाकों में तैयारी जोर शोर से शुरू हो गयी है। छठ महापर्व को लेकर नगर के विभिन्न तालाब व सूर्य सरोवर के पास छठ घाट बनाने का काम अंतिम चरण में है। इस संबंध में पुजारी अमरजीत पांडेय ने बताया भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने से श्रद्धालुओं को वंश, मान, प्रतिष्ठा व कीर्ति प्राप्त होता है। नहाय खाय के साथ आगामी मंगलवार से छठ महापर्व का शुभारंभ होगा। इस दिन छठव्रति स्नान के बाद कद्द भात बनाती हैं। प्रसाद के रूप में ग्रहण कर छठव्रत का शुभारंभ करेंगे। दूसरे दिन संध्या में खरना होगा। जिसमें छठव्रती दिन भर निर्जला उपवास रहकर सूर्यास्त के बाद दूध से खीर बनाकर व पूजन कर भगवान सूर्य को भोग लगाएंगे। प्रसाद के रूप में स्वयं ग्रहण कर अन्य भक्त श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद के रूप वितरीत किया जाएगा। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास हो जाएगा। छठव्रत अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरूवार को छठव्रती निर्जला व्रत रखकर संध्या काल में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्ध्य प्रदान किया जाएगा। अनुष्ठान के चौथे दिन शुक्रवार की सुबह में उगते हुए भगवान सूर्य को छठव्रती तालाबों व सरोवरों में खड़ा होकर श्रद्धा व भक्ति के साथ दूसरा अर्ध्य प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही चार दिनों का सूयोर्पासना का महापर्व छठ शुक्रवार को संपन्न हो जाएगा।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने कटकमसांडी में जनसंपर्क कर मांगे वोट

**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी प्रखंड में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत मुन्ना सिंह के साथ उनके कार्यकर्ता एवं उनके सैकड़ों समर्थकों ने होरिया, रेबर, बलिया बजरंगबली मंदिर, कुरहागढ़ा बाजार चौक, नवाखाप, भेलवारी, फुटानी चौक, बारीकोलाझोंझी चौक, डोढ़वा, महुगाई, आराभुसाई, लावाकुदर, बचरा, अमझर, धौठवा बाजार, कोनहर, मनार, माड़ीगढ़ा, डिबलबांध, गुरी, झारदाग, डोहुरि, कठौतिया स्कूल मैदान, डाटों खुर्द बाजार, जतरा मेला, नदी पार इलाकों का भ्रमण कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सरयू यादव, जिला महासचिव रंजीत यादव, जिला महासचिव बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह, जिला महासचिव मनोज मोदी, प्रखंड सचिव रियाजउद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजा, पूर्व मुखिया आराभुसाई रहमत जी, दौत्व मुखिया जयप्रकाश केसरी, पूर्व मुखिया शेर मोहम्मद, शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, डांटे खुर्द की मुखिया कुमारी बाफला, जिला महासचिव रब्बानी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद थे।

## मसकुर आलम सिद्दीकी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले मसकुर आलम सिद्दीकी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है। सिद्दीकी ने कहा कि झारखंड का विकास सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबन्धन के नेतृत्व में ही हो सकता है और पार्टी ने जनप्रिय उम्मीदवार के रूप में श्वेता सिंह जैसी स्वच्छ छवि की नारी को टिकट दिया है जिससे प्रभावित होकर इस पार्टी के सदस्य के रूप में जन सेवा करूंगा।इस अवसर पर इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने कांग्रेस का पट्टा ओढ़ाकर उनका पार्टी में स्वागत किया और कहा कि बोकारो विधानसभा का विकाश ही हमारा मुख्य उद्देश्य है जिसे बिना भाई चारे के सार्थक नहीं किया जा सकता है आज जरूरत है कि हम सभी बोकारो परिवार के लोग एक होकर विकाश के प्रति सजग होकर इंडिया गठबन्धन को पुनः राज्य में सरकार के रूप से स्थापित करना होगा।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्तार अंसारी,खालिद खान, नुमान अंसारी,अब्दुल मन्नान,अली असगर,आलम अंसारी,मुर्शीद,मो एहसान,अब्दुल मुनाफ रजा उपस्थित रहे।

### कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह का आजाद नगर में जोरदार स्वागत



**बोकारो :** महागठबंधन प्रत्याशी श्वेता सिंह जी का आज आजाद नगर में झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार की ओर से जोरदार स्वागत के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में सैकड़ो युवा भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्य लिए सभी का हार्दिक अभिनंदन, श्वेता जी को जीत की अग्रिम बधाई सुशांत मिश्रा जी जो की नॉमिनेशन में आज तक का सबसे ज्यादा भीड़ लेकर के गए थे और पर उनका झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में और वह अपने प्रत्याशी पत्र से वापस लिए गठबंधन परिवार प्रत्याशी श्वेता सिंह जी को अपना समर्थन दिए जिसमें मुख्य रूप से बोकारो जिला के सम्मानित जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी जी केंद्रीय सदस्य मंटू यादव जी जय नारायण महतो जी अशोक मुर्मू जी जिला संगठन सचिव फैयाज आलम चास प्रखंड के उपाध्यक्ष जावेद आलम जी बुद्धिजीवी मोर्चा के उपाध्यक्ष नौशाद आलम जी अख्तर अंसारी जी पंचायत प्रभारी शमशाद आलम जी के साथ-साथ नवीन हेमराम जी बड़ा हेबराम जी सोशल मीडिया प्रभारी कन्हैया सिंह जी कुजूर नौबत कुजूर पाल माना गगरी अनुज मुरमुर शंकर मुर्मू अल्बर्ट हेमराम हजारों लोग मौजूद थे ।

## उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर मिनी अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का किया उद्भेदन

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्ग दर्शन में विधानसभा चुनाव के आलोक में जिला उत्पाद बल के सहयोग से दुग्दा थाना अंतर्गत बुढ़ीदीह क्षेत्र में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जहां भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामाग्री एवं तैयार शराब बरामद किया गया।

मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल,अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास उपस्थित थे।

मौके से टीम ने कुल 05 लाख 08 हजार 470 रुपए मूल्य का सामान जब्त किया है। जिसमें विदेशी शराब- 6 पेटी में 72 पीस कुल 54 लीटर, शुष्व (spirit)- पांच जरकीन में 225 लीटर, तैयार विदेशी शराब- 10 जरकीन में 450 लीटर, ब्लैक टाइगर व्हिस्की के लेबल का एक रोल, 111 व्हिस्की के लेबल का एक रोल, नंबर एक व्हिस्की, बी सेवन व्हिस्की, आर सी व्हिस्की एवं आइकोनिग वाइट व्हिस्की का लेबल का बंडल, झारखंड सरकार का नकली ईएएल, विभिन्न ब्रांड के ढ़क्कन, खाली बोतल एवं पेट बोतल इत्यादि शामिल है।

## कायस्थ महापरिवार क्षेत्रीय समिति ने एकजुट होकर किया चित्रगुप्त प्रतिमा का वैंड वाजे के साथ किया विसर्जन

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** कायस्थ महापरिवार बोकारो जिला के क्षेत्रीय समिति श्री चित्रगुप्त सेवा समिति सेक्टर 2, श्री चित्रगुप्त समिति सेक्टर 12, श्री चित्रगुप्त महापरिवार कल्याण समिति, सेक्टर 8, 9 और 11, सेक्टर श्री चित्रगुप्त परिवार सेक्टर 4ऋ 5 और 6 एवं श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार कल्याण समिति, चास से सभी पूजित चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमा एडीएम विल्डिंग के पास राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा के पास एकत्रित हुई। सामुहिक विसर्जन के लिए सभी प्रतिमा को गाड़ी में सजा कर लाया गाय। सवसे पहले सभी लोगों ने डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया फिर कायस्थ महापरिवार बोकारो जिला के अध्यक्ष गोरख प्रसाद सिन्हा हरी झंडी दिखा कर सामुहिक विसर्जन के लिए रवाना किऐ। सामुहिक विसर्जन वैंड वाजे के साथ चित्रगुप्त महाराज की जयकारा लगाते हुए सेक्टर 1 राम मन्दिर, कैंप 1, गरगा पुल, धर्मशाला मोर, महावीर चौक, जोधाजी मोड़ से निकल कर सोलागीडीह तालाब में विसर्जन किया गया। बोकारो में सामुहिक विसर्जन पिछले 35 वर्षो से होती आ रही है । शोभायात्रा में महिलाओं की भी संख्या थी। शोभायात्रा में प्रमुख पदाधिकारियों में वी वी एल श्रीवास्तव, अशोक कुमार सिन्हा, मुरारी प्रसाद,अनिल श्रीवास्तव,मनीष श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिन्हा, जय शंकर प्रसाद, शशी भुषण प्रसाद, मृत्युंजय कुमार सिन्हा, नविन कुमार सिन्हा अरविंद सिन्हा, मिथलेश अम्बष्ठा, दीना नाथ शरण, संजय कुमार, कपूर रंजन, विश्वजीत आनंन्द, दीवाकर शरण, अगम प्रसाद, शम्भू शरण श्रीवास्तव, एस जी के सिन्हा, पंकज कुमार, अशोक कुमार सिन्हा, आर के श्रीवास्तव, राहुल सिन्हा, संचित अनल कुमार, मनिष सिन्हा, सुरेश सिन्हा, कुमार वैभव, आदि शामिल हुए। विसर्जन के वाद श्री श्री चित्रगुप्त कल्याण समिति चास की ओर से भोजन कराया गाया।

# बोकारो विधानसभा के सैकड़ों युवा कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों युवा काँग्रेस व वर्तमान हेमंत सरकार की गलत नीतियों और विधायक के निराशाजनक कार्यों से तंग आकर भाजपा में शामिल हुए। बोकारो विधायक सह भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें भाजपा परिवार में पट्टा पहनाकर जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर पर स्थानीय युवाओं ने अपने लोकप्रिय प्रत्याशी बिरंची नारायण को ढोल बाजे ताशे के साथ स्वागत किया।

बिरंची नारायण ने कहा यह एकजुटता ही बदलाव का संकेत है। हम सभी मिलकर बोकारो विधानसभा में विकास के नए रास्ते पर चलेंगे। भाजपा हमेशा विकास और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है, और हम इस विश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे कि सभी के सहयोग से हमारी योजनाएँ धरातल पर उतरेंगी।

काँग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वालों में त्रिवेणी महथा सहित सैकड़ों युवा शामिल हैं। यह संख्या दशार्ती है कि स्थानीय जनसमुदाय अब बदलाव की ओर अग्रसर है और वे भाजपा के साथ मिलकर एक नई शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। भाजपा, बोकारो विधानसभा में विकास की नई दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और हम इस दिशा में सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

इस अवसर पर संजय त्यागी, विधानसभा संयोजक कमलेश राय,मुकेश राय,विक्की राय,सुनील मोहन ठाकुर,ब्रज दुबे मौजूद थे।

# आदिवासियों का महान पर्व दिशोम सोहराय सेक्टर चार के जाहेर गढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** दिशोम जाहेर सेवा ट्रस्ट बोकारो द्वारा आयोजित संताल आदिवासियों का महान पर्व दिशोम सोहराय महोत्सव,दिशोम जाहेर गढ़ सेक्टर चार में हर्षोल्लास और धुमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविन्द्र नाथ हांसदा एवं संचालन महाबीर मरांडी ने किया।

सबसे पहले नायके बाबा जगरनाथ मुर्मू ने विधिवत रूप से हमारे इष्ट देवताओं को जिसमें जाहेर आयो मारांग बुरु,लुगू बाबा-लुगू आयो, मोड़ें कः तुरुयकः को फल-फूल,अरवा चावल,दुध चढ़ाकर पूजा अर्चना किए तथा सामुहिक रूप से प्रार्थना किए की हमलोग सभी जीवों का भविष्य सुख शांति समृद्धि से परिपूर्ण रहे। सोहराय महोत्सव पर दिशोम जाहेर गढ़ सेक्टर चार में मांदर की थाप पर सामुहिक रूप सोहराय नृत्य हुआ, जिसमें बच्चे बुजुर्ग महिला पुरुष युवक-युवतियों ने जमकर आनंद उठाया। सोहराय महोत्सव संताल आदिवासी समाज का मुख्य त्योहार है, खासकर गाय एवं बैलों को देवता के रूप पुजते है जो सालों भर खेती बारी में सहयोग करते हैं और हमें अन्न देता है।

मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष मोहन टुडू,सोहराय सोरेन,सुनील कुमार टुडू,बीड़ी किस्कु, आदि वक्ताओं ने अपना-अपना विचार व्यक्त किए।

इस उपलक्ष्य में मुख्य रूप से कृष्णा सोरेन, महावीर सोरेन, सुरेश मुर्मू,प्रवीण किस्कु,काली हांसदा, लक्ष्मण मुर्मू, दिनेश सोरेन, सुभाष चन्द्र हेम्ब्रम, दिलीप हेम्ब्रम,अमन बास्के, अजय मरांडी,सोमाय चन्द्र टुड,दिनु हेम्ब्रम , शंकर टुडू, सहदेव सोरेन, सरकार मुर्मू, सुमित मुर्मू,चन्द्र हेम्ब्रम,भादु हेम्ब्रम, सुलोचना हांसदा, नमिता मरांडी,नुनीबला सोरेन, रेणुका सोरेन,होलोदमुनी सोरेन, शोभा मुर्मू, सोरेन,हिना मुर्मू, सलमा मुर्मू,रीता किस्कु,बेला सोरेन, शंकर टुडू आदि उपस्थित थे।

## सेल ने अकादमिक सहयोग के लिए एएससीआई, हैदराबाद के साथ किया समझौता



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद के बीच 04 नवंबर, 2024 को कंपनी के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में अकादमिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

यह समझौता ज्ञापन सेल केनव-पदोन्नत अधिकारियोंसहित दूसरे कार्मिकों के लिए अनुकूलित प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। इस तरह के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी सेल की समग्र शिक्षा और विकास रणनीति का हिस्सा है, जिससे कंपनी के अधिकारियों को और अधिक अकादमिक अनुभव मिल सकेगा और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सकेगा। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के निदेशक (कार्मिक) श्री केके सिंह और एएससीआई, हैदराबाद के निदेशक डॉ. निर्मल्या बागची की उपस्थिति में किए गए।


## संक्षिप्त खबरें

### समरसेबल पंप चोरी मामले पर दो लोगों को पुलिस ने भेजा जेल



**खूँटी(बिभा)** । जिले के कर्रा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कच्चाबारी से विगत 03 सितम्बर को हुए समरसेबल पंप सेट के चोरी होने के मामले पर कर्रा पुलिस ने रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जिसमें कच्चाबारी पतराटोली से एक संदिग्ध युवक विलियम पंकज उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया गया, जिससे कड़ाई से पुछताछ करने पर अपनी संलिप्तता स्वीकार किया तथा चोरी गये समरसेबल पम्प को उसके निशानदेही पर कच्चाबारी के विपीन मिंज के यहाँ से पम्प को बरामद किया गया। तभी उसे भी पकड़कर दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि पकड़ाये उक्त अभियुक्त द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया। इस छापामारी दल में कर्रा थाना प्रभारी पु०अ०नि० मनीष कुमार, पु०अ०नि० सुधीर कुमार यादव व कर्रा थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

### पुलिस ने हत्या मामले पर 24 घंटे के अंदर एक को किया गिरफ्तार, एक फरार



**खूँटी(बिभा)** । विगत शनिवार की रात खूँटी थाना क्षेत्र के कुंदी ग्राम में हुई हत्या मामले पर बंड्या पाहन उपाख्य बुड़ाय पाहन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जो अनमोल पाहन के साथ मिलकर रविवार की रात को 70 वर्षीय को टांगी से मार कर हत्या कर देने का मामला हुआ था इस संबंध में मृतक के बेटा कंडीर पाहन के लिखित आवेदन आधार पर कांड अनुसंधान के क्रम में घटना में संलिप्त बंड्या पाहन उपाख्य बुड़ाय पाहन को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया और सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि पुछताछ के दौरान बुड़ाय ने अपनी संलिप्ता की बात को स्वीकार करते हुए अपने अन्य सहयोगी के साथ मिलकर जमीन विवाद को लेकर इस कांड के महेश्वर पाहन का हत्या करने की बात को स्वीकार किया है। अन्य के विरुद्ध छापामारी जारी है। इस छापामारी दल में पु०नि०-सह-थाना प्रभारी मोहन कुमार पु०अ०नि० मनीदीप, आ0-258 रौशन कुमार शर्मा, आ0-146 भानु प्रताप सिंह व खूँटी थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### पुलिस व आबकारी विभाग ने किया 145 ली. महुआ शराब नष्ट



**तोरपा(बिभा)** । महुआ शराब के विरुद्ध सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत डोड़मा बाजार और तिरला गाँव में तोरपा पुलिस और उत्पाद विभाग द्वारा छापामारी किया गया। जिसमें डोड़मा बाजार में अवैध शराब बिक्री करने के दौरान तथा तिरला गाँव के घर में संयुक्त छापामारी कर कुल लगभग 200 किग्रा जावा महुवा नष्ट किया गया एवं 100 लीटर महुवा शराब नष्ट किया गया। इधर, रनिया थाना अंतर्गत रनिया और ताम्बा बाजार में लगभग 45 लीटर महुवा शराब नष्ट किया गया।

### वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कराने पहुँचे मतदान कर्मी



**खूँटी(बिभा)** । जिले के अंतर्गत खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पर जाने में असमर्थ 85 प्लस के वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराया जा रहा है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं जो मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने में असमर्थ है, वैसे मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में सोमवार को खूँटी एवं तोरपा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान कर्मी, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर, सुरक्षा बल की टीम द्वारा जारी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान की पूरी प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। प्रथम राउंड में 3 नवम्बर से 7 नवम्बर तक होम वोटिंग की प्रक्रिया चलेगी। 60 खूँटी एवं 59 तोरपा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से मतदान सुनिश्चित कराया जा रहा है। वहीं होम वोटिंग के दौरान अनुपस्थित मतदातओं का मतदान द्वितीय राउंड 9 नवम्बर से 10 नवम्बर के बीच कराया जाएगा।

### बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम में आज है मतदाता महोत्सव

**खूँटी(बिभा)** । जिला के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से 5 नवम्बर को पूर्वाह्न 11.30 बजे से बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, खूँटी में मतदाता महोत्सव का आयोजन स्वीप कोषांग के द्वारा किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिलावसियों को मतदाता महोत्सव कार्यक्रम को लेकर आमंत्रित किया है। उपायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे 13 नवम्बर को शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराया जा सके। मतदाता महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, रिले रेस, रॉक शो, स्लोगन प्रतियोगिता, मानव पिरामिड, फूड स्टॉल, हेल्थ कैम्प समेत अन्य का आयोजन किया जाएगा।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तो घुसपैठियों को चुन-चुन कर भगाया जाएगा: लक्ष्मीकांत वाजपेई

बिभा संवाददाता




खूँटी । जिले के भाजपा कार्यालय में सोमवार को चुनावी सम्बन्धी बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी पहुँचे और पदाधिकारियों को मतदान करने और कराने के लिए मतदाताओं का आवश्यक कागजात और मतदान केंद्र में कार्यकताओं के कार्य सम्बंधी जानकारी दिये। साथ ही , उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान करती है। हमारी सरकार बनती है तो झारखंड से सभी घुसपैठियों को चुन-चुन कर भगाया जाएगा। भारत माता सुरक्षित है तो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही है।

विधानसभा प्रभारी ओम सिंह ने कहा कि आप सभी कर्मवीर कार्यकर्ता अपने संचय उर्जा को लगा कर अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने का कार्य करें। पांच जिलों में ओबीसी आरक्षण जो शुन्य है उसे फिर से लागू करने का संकल्प पत्र में घोषणा पार्टी ने किया है। गोगो दीदी योजना से महिलाएँ सशक्त होंगी। साथ ही कहा कि अपने बुथ मजबूत करें और हेलिकॉप्टर शॉट से छक्का मारकर खूँटी विधानसभा को जीत दिलाने का काम करें।

विधानसभा संयोजक कांशी नाथ महतो जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग आदि लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला महामंत्री संजय साहू व धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, जिला मिडिया सह प्रभारी महावीर राम, मण्डल अध्यक्ष क्रमशः मदन मोहन गोप, कलिन्दर राम, जिला एसी मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, दिलिप सिन्हा, मंगा नाग, अमित कश्यप, सुदन मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खूँटी में केंद्रीय मंत्री शिवराज ने घोषणाओं और वादों का लगाया अम्बार

## सरकार बनने पर पांच प्रण और 25 वादे पूरा करेगी भाजपा सरकार : शिवराज



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । भाजपा के पक्ष में मतदान की संख्या में बढ़ोतरी कराने व जीत हासिल कराने हेतु रविवार को खूँटी पहुँचे भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री व तीन बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा कार्यकताओं को उर्जा स्त्रोत बने। उन्होंने भाजपा चुनावी कार्यालय में उपस्थित भाजपानीत जनों को सम्बोधित करते हुए वादों के अम्बार लगा दिये। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता और जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड में सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में 2100रूपए हर महीने 11 तारीख को चली जाएगी। पोस्ट ग्रेजुएट लड़के लड़कियों को हर महीने 2000 रूपएमिलेंगे। महिलाओं के जमीन 1रूपए में रजिस्ट्री हो गया। किसानों की फसल बीमा 5000रूपए प्रति 5 एकड़ में की जाएगी। किसानों के धान 3100 रूपए प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी और खाते में तुरंत पैसा भी जाएगा। आवास बनाने के लिए बालू मुक्त हो जाएगा। डबल इंजन की सरकार होने से आवास बनाने के लिए केंद्र सरकार पैसा देगी उसमें से आवास को सुंदर बनाने के लिए 100000 रूपए झारखंड सरकार भी देगी। उन्होंने कहा कि पाँच प्रण और 25 वादे भाजपा सरकार ही पूरा करेगी। इसके पूर्व भाजपा उम्मीदवार नीलकंठ सिंह मुंडा ने उनका शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। वहीं मंच का संचालन महामंत्री संजय साहू ने किया। इस कार्यक्रम में खूँटी व मुरहू प्रखण्ड के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुँचे थे।

## कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों के लोगों से बात कर मतदान के लिए किया प्रेरित

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों का सोमवार को उपायुक्त ने निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्र संख्या 143 ईरुद्ध एवं मतदान केंद्र संख्या 144 सोदाग पहुँच उन्होंने स्थानीय लोगों से बात किया और उन्हें मतदान की विशेषता बताते हुए 13 नवम्बर को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र के मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्र के मतदाता भी काफी उत्साहित दिखे। युवा, वृद्ध, दिव्यांग सभी वर्ग के मतदाताओं ने पूरी उत्साह के साथ एक स्वर में 13 नवम्बर को वोट करने की बात कही। मौके पर स्थानीय कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत भी प्रस्तुत कर मतदाताओं को 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। उठो जागो और मतदान करो जैसे विषय पर बेहतरीन संदेश देते हुए नाटक एवं संगीत प्रस्तुत किया गया। जिसे लोगों ने खूब सराहा। मौके पर बीडीओ खूँटी ने भी मतदाताओं को प्रेरित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कही। इस दौरान मतदाता हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वयं हस्ताक्षर कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। जिसके पश्चात क्षेत्र के युवा, वृद्ध, दिव्यांग सभी वर्ग के मतदाता ने अपना हस्ताक्षर एवं अंगूठा लगाकर मतदान अवश्य करने का प्रतिज्ञा लिया।

### नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा सूर्य उपासना का छठ महापर्व

**खूँटी** । सूयोर्पासना महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा आराधना करने के लिए यह नेम निष्ठा का महापर्व कहलाता है। इन चार दिनों में पहला दिन आज नहाय-खाय संजोत करके कद्दू भात पूरे पवित्र रूप से बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। आज उपासकों के घर में कद्दू भात बनेगा। तत्पश्चात कल छठी मैया की आराधना के साथ खड़ना व्रत किया जाएगा। जिसकी तैयारी की जा रही है । वहीं अब छठ के गीत क्षेत्र में गूंजने लगे हैं। लोग इस नेम निष्ठा के महापर्व की तैयारी जोरों से करने लगे हैं।

### अन्नपूर्णा देवी ने शहर के कई वार्डों में किया दौराकमल फूल में वोट देने की अपील

**कोडरमा**। भाजपा की स्टार प्रचारक व केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कोडरमा विधानसभा के अंतर्गत झुमरी तिलैया शहर के विभिन्न वार्डों में सोमवार को दौरा कर मतदाताओं से कमल फूल में वोट देकर भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यूपीए की सरकार में भ्रष्टाचार घुसपैठ एवं विकास के कार्य में ब्रेक लगा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो महिलाओं को ?1 में रजिस्ट्री, उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली फ्री, रक्षाबंधन, दीपावली जैसे त्योहारों पर दो सिलेंडर फ्री एवं ?500 में गैस सिलेंडर भर कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाकर विकास कार्यों को और गति देने का कार्य करेगी। इधर भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि सरकार झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनेगी और ऐसे में कोडरमा विधानसभा में प्रत्येक मतदाता भाजपा के पक्ष में मतदान कर डॉ नीरा यादव के हाथों को मजबूत करें।

### मुस्लिम समुदाय की अनेक महिला पुरुष हुए भाजपा में शामिल

**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र के जन्नत नगर गचछटाँड़ के काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के युवक युवती महिलाएँ सोमवार की रात विधायक आवास में जाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भाजपा का अंगवस्त्र देकर उन सभी का स्वागत किये। वहीं उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों का साथ और सभी का विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी कटिबद्ध है और भाजपा में शामिल होने के लिए सभी को अभिनन्दन है। मौके पर विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि हमेशा ही सभी वर्गों के लोगों का ख्याल रखा गया है और आगे भी रखा जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विनोद नाग जिला महामंत्री संजय साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा की जिलाध्यक्ष सफीक खान, विधायक प्रतिनिधि कासीनाथ महतो आदि अनेक लोग शामिल थे।

### दो मोटरसाइकिल के टक्कर से घायलों में एक की मौत

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की सुबह लगभग 7 बजे रुंजू गाँव और तिलमी के बीच जंगल मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल के आपस में टक्कर होने से चार लोग घायल हो गए थे। जिन घायलों को कर्रा अस्पताल उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर किया गया था। जिसमें रंजू गाँव निवासी 18 वर्षीय आजाद तोपनो, तिलमी गाँव निवासी बिरसा मुंडा, एवं तिलमी गाँव निवासी गुलशन खलखो एक ही मोटरसाइकिल पर रंजू गांव से तिलमी की ओर आ रहे थे। वहीं दूसरी ओर मास्को गाँव निवासी दिपयान गोप कोटलो गाँव की ओर जा रहा था। जंगल मोड़ के पास दोनो का मोटरसाइकिल सीधी आमने सामने टक्कर होने से सभी युवकों रास्ते में गिर गया और सभी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजन आजाद तोपनो की हालत बिगड़ने पर उसको रिम्स के पहले खूंटी के एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उसकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गयी ।तभी पुलिस ने केस दर्ज कर शव को अन्त्यपरिक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## छठ महापर्व के लिए बाजार में सूप दो सौ रुपए तक बिके

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । छठ महापर्व के अंतिम साप्ताहिक बाजार खूँटी में सोमवार को लौकी व सूप की बिक्री जोरों रही। जिसके कारण त्यौहार बाजार में काफी भीड़-भाड़ रही। वहीं छठ महापर्व के लिए सूप की काफी मांग होने से इस बार छठ महापर्व में उपयोग होनेवाले सूप का दाम ऊँचा है। लेकिन छठ करना है तो सूप लेना है। जहाँ सूप व दऊरा खरीदने के लिए लोग पहुँचे। इस बार सूप 150/- रुपए से 200/- तक रही। बाजार में सूप खरीदने आई कुंती देवी ने बताया कि इस बार सूप काफी महंगा है। लेकिन खरीदना तो पड़ेगा ही क्योंकि घर में हम तीन बहनें छठ महापर्व कर रहे हैं। सूप 200रुपए करके खरीदे हैं। सुनीता कुमारी ने बतायी कि हमारे घर में माँ छठ करती है तो अर्घ्य देने के लिए सूप खरीदने पहुँचे और इसके साथ अन्य पूजा सामग्री भी खरीदे। जनार्दन मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष छठ पूजा में सूप देते हैं। इसलिए ढाई सौ रुपए में दो सूप खरीदे। इस बार सूप छठ के कारण काफी महंगा है। लेकिन सूप के बिना पूजा नहीं हो पाएगी।

### छठ के नहाय-खाय के कारण लौकी के बढ़ा दाम

चतुर्दिवसीय अनुष्ठान के पहले दिन नहाए खाए में लौकी भात खाया जाता है। इसलिए बाजार में सोमवार को लौकी पचास रुपए किलो बिक्री हुआ। और दाम बढ़ने के बावजूद उपासक परिवारों ने लौकी खरीदे।

## फांसी के फंदे से झूलता मिला प्रेमी युगल का शव

बिभा संवाददाता

**दुमका**। रानेश्वर थाना क्षेत्र के पाटजोर गांव के एक पेड़ में फांसी के फंदे से झूलता हुआ एक प्रेमी युगल की शव बरामद हुई है। इस गांव के धान खेत के बीच मौजूद एक पेड़ से नाबालिक युवक युवती की लाश बरामद की ही है। घटना रविवार देर रात की है। सोमवार सुबह ग्रामीणों की नजर फांसी में झूलते प्रेमी युगल पर पड़ गया। और घटना की सूचना रानेश्वर पुलिस को दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंचकर झलता हुआ दोनों लाश को बरामद किया। और पोस्टमार्टम के लिए फूलों झानू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल दुमका भेज दिया है। मृतक किशोर दूध कुमार राय एवं किशोरी सुष्मिता राय के रूप में पहचान की गई है। किशोर दूध कुमार राय 18 वर्ष संकाकंदर गांव के रहनेवाला था । और किशोरी सुष्मिता राय 14 वर्ष पाटजोर गांव की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि किशोर एवं किशोरी के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोर एवं किशोरी एक ही जाति बिरादरी के है। दोनों की पहचान पूर्व से ही थी। अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या की कारण का खुलासा नहीं हुआ है। जबकि किशोर की गांव साकाकंदर किशोरी के गांव पाटजोर गांव से करीब 18 किमी दूर है। दोनो ही परिवार खेतीबारी कर परिवार का भरणपोषण चलाते है। इधर प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो यह हत्या है। फांसी पेड़ की एकभी डाल पर लगाई गई है। पूर्व में एक रस्सी से फंदा बनाया गया है। और उसी फंदे से दो रस्सी लगाकर फांसी लगाई गई है। साथ ही प्रतीत होता है कि मृतकों के पैर जमीन पर सटा हुआ प्रतीत होता है। घटनास्थल धान खेत में लगा धान फसल से घेरा हुआ है। इधर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह को इस बाबत पूछने पर बताया कि घटना आत्महत्या की ही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना की खुलासा होगी। बताया कि अब तक परिजनों की और से शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# धनबाद में तेज रफ्तार पिकअप वैन ने चार को कुचला, तीन की मौत

बिभा संवाददाता



**धनबाद**। धनबाद के गोविंदपुर स्थित जीटी रोड पर फकीरडीह के पास सोमवार की सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब 7 बजे रूबी खातून (26) अपनी बेटी सीपत परवीन (08), बहन जानवी उर्फ आयत परवीन (15) और उनके पड़ोस की ही रहने वाली दुर्गेश शाह की पुत्री ट्यूशन जाने के लिए सड़क पार करने की तैयारी में थे, इसी दौरान तेज रफ्तार एक पिकअप वैन ने चारों को बुरी तरह से रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही रूबी, सीपत और जानवी की मौत हो गई। जबकि दुर्गेश शाह की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे स्थानीय लोगों ने तत्काल स्थानीय एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

वहीं घटना से गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे बीडीओ जहीर आलम, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे और स्थानीय थाना प्रभारी मोहम्मद रुस्तम अली ने लोगों को समझा कर शांत कराया। वहीं घटना में शामिल पिकअप वैन जो बिहार का बताया जा रहा है, उसके मालिक ने मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये मुआवजा और घायल बच्ची के इलाज का पूरा खर्च देने का आश्वासन दिया है।

## बूथ स्तरीय बैठक में झामुमो ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र


बिभा संवाददाता

**दुमका**। इंडोर स्टेडियम में झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधानसभा स्तरीय बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद नलीन सोरेन एवं दुमका विधानसभा प्रत्याशी बसंत सोरेन मौजूद रहे। बैठक में कार्यकत्ताओं को बूथ स्तर के कार्यो को बताया। कार्यकत्ताओं को बूथ एवं पंचायत स्तर पर उनके दायित्वों से बताया।

मौके पर सांसद नलीन सोरेन ने कार्यकत्ताओं को हेमंत सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव पहुंचाने और दिशोम गुरू शिबू सोरेन एवं सीएम हेमंत सोरेन का अबुआ राज का संदेश पहुंचाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ता पार्टी के रीढ़ होते है। कार्यकत्ताओं के बल पर ही कोई चुनाव जीता जाता है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के तरह एकजुटता का परिचय देते हुए विधानसभा प्रत्याशी बसंत सोरेन के पक्ष में चुनाव करने का अपील किया। इस अवसर पर प्रत्याशी बसंत सोरेन ने कहा कि चुनाव चुनौतीपूर्ण है। इस चुनाव को कार्यकर्त्ता हलके में नहीं ले। इसे चुनौती के रूप में स्वीकारें। उन्होंने कहा कि चुनौती से लड़ना उन्हें और उनके पार्टी कार्यकत्ताओं को बखूबी आता है।

इस अवसर पर जीत को दावा करते हुए कार्यकत्ताओं से जीतोड़ मेहतन करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भजापा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने का काम किया। लेकिन प्रदेश की जनता का आशीर्वाद और स्नेह था कि हेमंत सोरेन जेल से आखिरकार बाहर निकले। उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ता के मेहनत के बल पर चुनाव जरूर जीतेंगे। कार्यकर्त्ता बूथ स्तर पर और पंचायत स्तर पर मजबूती के कार्य करते हुए तैयारी में जुट जायें। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए बसंत सोरेन ने कहा कि बूथ सदस्य बैठक कार्यकत्ताओं की आयोजित हुई। बैठक में कार्यकत्ताओं को जीत सुनिश्चित करने के लिए उनके दायित्वों को बताया गया।

# हैरिस हों या ट्रंप- भारत- अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त



आर.के. सिन्हा

**प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

अमेरिका में कल ही यानि 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है।

भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में




प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है।

भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। ₹सिलिकॉन वैली₹ में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है।

बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं।

हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्गंना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्गंना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत- अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# कनाड़ा की अपरिपक्वता

सरकार ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कनाड़ाई मंत्री के आरोपों को 'बेतुका और निराधार' करार देते हुए खारिज कर दिया। इससे पहले शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कनाड़ाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया गया और उन्हें एक नोट सौंपा गया जिसमें कनाड़ाई मंत्री के आचरण पर नाराजगी जताई गई। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नोट में भारत सरकार ने कनाड़ा के उपमंत्री डेविड़ मॉरिसन के आरोप पर गहरी नाराजगी जताई। मॉरिसन ने मंगलवार को एक संसदीय पैनल के समक्ष कहा था कि कनाड़ा में सिख अलगाववादियों पर हमले की साजिश के पीछे पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के एक शीर्ष पदस्थ अधिकारी थे। दरअसल, कनाड़ा पुलिस ने जब से खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच के दौरान मिले 'सबूतों' के आधार पर भारत सरकार के एजेंटों का नाम लिया है, तब से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास उभर आई है। कनाड़ा पुलिस ने कहा है कि उसकी जांच में कनाड़ा में 'हत्याओं और हिंसक कृत्यों' और भारत सरकार के एजेंटों के बीच संबंधों का पता चलता है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते दोनों ने एक दूसरे के राजनयिकों को वापस बुला लिया। कनाड़ा तनाव बनाए रखने का रवैया अपनाए हुए है, और बीते मंगलवार को कनाड़ाई मंत्री का बयान इसी सिलसिले का हिस्सा है। कनाड़ा आखिर, भारत के साथ संबंधों की कीमत पर इस प्रकार का रवैया क्यों अपनाए हुए है। दरअसल, कनाड़ा में निकट भविष्य में चुनाव होने हैं, और वहां सिखों की खासी आबादी है, जिस पर अलगाववादी खासा प्रभाव रखते हैं। इनके मतों पर प्रधानमंत्री जस्टिन टूड़ो की नजर है। इसलिए इन मतदाताओं के तुष्टिकरण की गरज से कनाड़ा गैर-जिम्मेदाराना हरकत किए जा रहा है। सबूत मांगे जाने की भी अनदेखी कर रहा है। राजनयिक परिपाटियों का 'घोर उल्लंघन' करने तक से नहीं चूक रहा। उसने भारत को साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची तक में ड़ाल दिया है। कनाड़ा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को ऑड़ियो और वीड़ियो निगरानी में रखकर उनका 'उत्पीड़न' शुरू कर दिया है। वह हर वो कोशिश कर रहा है जिससे भारत के खिलाफ वैश्विक विमर्श को प्रभावित कर सके। जो भी आरोप लगा रहा है, उसके समर्थन में कोई प्रमाण भी पेश नहीं कर रहा। कहा जा सकता है कि कनाड़ा के व्यवहार में परिपक्वता का अभाव है।



## चिंतन-मनन

# जीवन का संघर्ष

एक दिन एक व्यक्ति बहुत परेशान लग रहा था। मित्र ने पूछा- क्या बात है? आज इतने परेशान क्यों हो?

उसने कहा- मैं बहुत मुसीबत में फंस गया हूं।

मित्र बोला- तुम्हारी क्या मुसीबत हो सकती है? तुम्हारे दोनों लड़के संपन्न हैं। खूब धन कमा रहे हैं। तुम्हें किस बात की कमी है?

तुम ठीक कहते हो। लड़के संपन्न हैं, पर मेरी मुसीबत उनके कारण ही है। ?सा क्या हुआ, जो मुसीबत आ गई? मुसीबत बहुत बड़ी है। मैंने लड़कों को पढ़ाया। एक डॉक्टर बन गया और एक वकील। उनका यह व्यवसाय ही मुसीबत का कारण है।

उनके व्यवसाय से आपकी मुसीबत का लेना-देना क्या है?

हुआ यह कि एक एक्सीडेंट में मेरे पैर में चोट लग गई, पैर में घाव हो गया। जो डॉक्टर है, वह कह रहा है, पिताजी! घाव को जल्दी ठीक कर लें अन्यथा इसमें रस्सी पड़ जाएगी। हो सकता है फिर पैर काटने के सिवाय कोई विकल्प न रहे। यह तो अच्छी बात है। इसमें मुसीबत का प्रश्न ही कहां है? लेकिन जो वकील है, वह कह रहा है पिताजी! अभी घाव को ठीक नहीं करना है। इसे बढ़ने दें। जब घाव गहरा हो जाएगा, तब मैं दावा करूंगा और पूरा हजार्ना वसूल करूंगा। यही मेरी मुसीबत है। यह जीवन का संघर्ष है, टकराहट है। व्यक्ति दोनों ओर से खिंचा जा रहा है। एक लड़का कहता ठीक कर लें और एक लड़का कह रहा - घाव को और गहरा होने दें। यह जीवन का विचित्र संघर्ष है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति जी रहा है और संघर्षो को झेल रहा है।

# छठ व्रत की महिमा अपरम्पार !



छठ व्रत की महिमा अपरम्पार है जिसकी ख्याति दिन दुनी रात चैगनी विश्व पैमाने पर फैलती जा रही है। इसकी अपार महिमा के चलते आज व्रत करने वालों की संख्या में भी अपार वृद्धि होती जा रही है। देश के पूर्वी भाग बिहार उ.प्र. से शुरू होने वाला यह व्रत आज देश के हर भाग सहित विश्व स्तर पर श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। इस व्रत में मुख्य रूप से सूर्य की उपासना होती है। उगते सूर्य की उपासना तो सभी करते है पर विश्व स्तर पर यह अपने आप में अद्वितीय व्रत है जहां डूबते सूर्य की भी उपासना की जाती है। इस व्रत की शुरूआत हर वर्ष कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है तथा षष्ठी तिथि की शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के उपरान्त समापन सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया जाता है। इस वर्ष यह व्रत 5 नवंबर से लेकर 8 नवम्बर तक मनाया जायेगा।

इस व्रत में व्रत करने वाला व्रती चतुर्थी तिथि से नहाय खाय, पंचमी को खरना, षष्ठी तिथि के प्रारम्भ से ही बिना अन्न जल ग्रहण किये व्रत करते हुये नदी, जलाशय, तलाब में जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने एवं सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत को पूरा करता है। इस व्रत में पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जाता है। इस व्रत में प्रसाद में सारे मौसमी फल, गन्ना, ठेकुआ शामिल होता है। व्रत करने वाला परिवार इस व्रत को आस्था एवं पूर्ण विश्वास से करता है, मान्यता है कि इस व्रत को करने वाले की हर मनोकामना पूर्ण होती है। इस व्रत को अधिकांशंतः महिलाएं ही करती है। विशेष पुत्र प्राप्ति की कामना हेतु पुरूष भी इस व्रत को अपनी पत्नी के साथ करते देखे जा सकते है।

इस व्रत को करने की परमपरा अनादि काल से चली आ रही है। इस व्रत को प्राचीन काल से ही नाग, किन्नर, मानव में करने के प्रमाण मिलते है। संकट काल में द्वापर युग में दौपदी द्वारा इस व्रत को करने एवं पांडवों को अपना राज्य मिलने की भी बात प्रमुख रही है। यह व्रत विहार, झारखंड के हर परिवार में श्रद्धा के साथ प्रति वर्ष किया जाता है। इस प्रांत के निवासी देश, विदेश जहां भी रहते है, श्रद्धा के साथ वही इस व्रत को करते है। इसी करण यह व्रत आज अंतर्राष्टीय रुप ले चुका है। देश का हर कोना- कोना आज इस व्रत की गूंज से गुंजयमान तो हो ही रहा है, मारिशश, फीजी, सूरीनामी आदि देश में भी इस छठ पूजा की धूम मची हुई है।

षष्ठी तिथि को अस्थाचल होते हुए सूर्य को प्रथम अर्घ्य इस कामना एवं विश्वास के साथ कि उदय के समय हमारी झोली खुशियों से सूर्य देव की असीम कृपा से सदा के लिये भर जायेगी, दूसरे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत की समाप्ति होती है। इस अवसर पर घाट का दृश्य अति मनोरम होता है। ईख से अच्छादित वातावरण हर किसी को अपनी ओर खींच लेता है।

इस व्रत की महिमा अपरम्पार है। जिस किसी ने भी इस व्रत को विश्वास एवं श्रद्धा के साथ किया है। उसकी हर मनोकामना पूर्ण हुई है। पुत्र, यश, धन प्राप्ति के लिये किये इस व्रत के परिणाम सदैव ही सकरात्मक रहे है। तभी इस व्रत को करने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि ही होती जा रही है। आज यह व्रत केवल विहार, झारखंड प्रांत का ही नहीं होकर पूरे देश का हो चला है। जो भी इस व्रत की अपार महिमा से परिचित हुआ है, इस व्रत को करते मिलेगा। इस व्रत को हर जाति संप्रदाय के लोग करते मिलेगें। इसी कारण यह व्रत आपसी भाईचारा एव्र सद्भावना का प्रतीक बन चुका है। आज राज्य सरकार भी इस व्रत की महिमा, आस्था, विस्वास को देखते हुये राजकीय अवकाश घोषित कर रही है जिससे व्रत की गरिमा बढ़ने लगी है। इसी वर्ष दिल्ली की राज्य सरकार ने छठ पूजा को राजकीय अवकाश में शामिल कर लिया है। आगे अन्य सरकार भी इस दिशा में अपना कदम बढ़ायेगी।

**डॉ. भरत मिश्र प्राची (लेखक स्वतंत्र पत्रकार)**

# एमएसपीः किसानों को भरोसा देने की कोशिश



अमित बैजनाथ गर्ग



हाल में केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रुपये और अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई। रेपसीड और सरसों के दाम में प्रति क्विंटल तीन सौ रुपये बढ़ाया गया है। मसूर में 275 रुपये की वृद्धि की गई है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद-बिक्री का सत्र अप्रैल, 2024 से शुरू होगा।

खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना हो चुकी है, जिसकी मांग किसानों की ओर से लगातार हो रही थी। एमएसपी में 23 फसलों को शामिल किया जा चुका है। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान आंदोलन करते रहे हैं। सवाल है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! एमएसपी किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसकी वजह से किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है। एमएसपी की शुरू आत 1967 में हुई थी। एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल उत्पादन के लिए किसानों के नकद खर्च के साथ-साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी बढ़ने से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है, और फसल विविधीकरण में मदद मिलती है।

एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी जब फसल की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए तो सरकार इसकी भरपाई करे। किसानों को धानझ्गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसल पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। फल, सब्जी, मवेशी, मछली पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये कंपनियां कॉन्ट्रैक्ट तोड़ देती हैं, और किसानों को घाटा उठाना पड़ता है। कर्ज में डूब जाता है और आत्महत्या तक के लिए मजबूर हो जाता है।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी व्यवस्था का दबदबा इस सेक्टर में इनोवेशन को हतोत्साहित करेगा। किसान सरकारी व्यवस्था पर निर्भर होकर रह जाएंगे और जोखिम लेने से डरेंगे। इसलिए किसानों को चावल-गेहूं की एमएसपी खरीद के चक्र से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अहित करेगी। उनका दावा है कि स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक फसलों के दाम बढ़ेंगे तो खाद्य वस्तुओं के दाम 25 से 30 फीसद बढ़ जाएंगे और सरकार के लिए महंगाई नियंत्रण कठिन हो जाएगा। किसानों का कहना है कि उनकी फसल की पूरी खरीद की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। किसान जितनी फसल पैदा करेंगे, उसकी एमएसपी पर पूरी खरीद सरकार और उसकी एजेंसियों को करनी होगी। तभी किसानों का भला होगा और फसलों का विविधीकरण भी पूरा हो जाएगा।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भरता देश के स्थायित्व और सम्मान का विषय है। एमएसपी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ खुले बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप तंत्र भी साबित हुआ है। आयात द्वारा खाद्य सुरक्षा कतर, बहरीन आदि जैसे कम आबादी और मजबूत औद्योगिक-आर्थिक आधार वाले देशों के लिए व्यवहार्य मॉडल हो सकता है। उनका दावा है कि ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दुनिया के बाकी देशों के लिए गेहूं का उत्पादन और निर्यात कर सकते हैं, लेकिन तब कृषि गतिविधियों से जुड़े भारतीयों सहित दुनिया की आधी आबादी बेरोजगार हो जाएगी। उनका कहना है कि कुछ मामलों में आयात की पक्षपातपूर्ण सरकारी नीति ने देश में तिलहन किसानों और खाद्य तेलों के उद्योगों को हानि पहुंचाई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ऐसी नीतियों से बचना चाहिए।

कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर कहते हैं कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी जिससे किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाया जा सकेगा। एमएसपी की कानूनी गारंटी तिलहन-दालों सहित सभी कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी जो ज्यादा पानी और संसाधनों की खपत वाली अनाज फसलों के उत्पादन की तुलना में किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी।



हर बच्चा अलग होता है, खास होता है और बेहद प्यारा होता है। अपने बच्चे की परवरिश के दौरान यह जरूर याद रखें। अपने बच्चे को अपनी तरह से जीने के लिए तैयार करें, ना कि किसी दूसरे के बच्चे की तरह। इससे वह भी खुश रहेगा और आप भी।

# आपका बच्चा है सबसे खास



शिवानी बचपन में खासी जिद्दी थी। खाना खाने के नाम पर बिस्तर के नीचे घुस जाती। मां और दादी को खूब चिरौरी करके उसे खाना खिलाना पड़ता। अगर उसका स्कूल यूनिफॉर्म जरा सा भी मैला होता, तो वह स्कूल ही जाने से इनकार कर देती। चोटियों की रिबन एक लेवल पर बंधी होनी चाहिए, शूज के लेस अगर उन्नीस-बीस भी बंधे होते, तो वह खड़े-खड़े रोने लगती। शिवानी ने बाद के दिनों में अपनी जिद पर काबू पा लिया। खासकर जब उसकी बेटी रूही हुई, तो उसे लगा कि वह भी उसी की तरह जिद्दी होगी। पर नहीं। रूही जिद्दी नहीं थी, पर अपनी मां की तरह चुप नहीं बैठती थी। तरह-तरह की कहानियां बनाने का गजब का शौक था रूही को। एक दिन अपनी टीचर से कह आई कि मेरी मां रात को परी लोक चली जाती है और सुबह लौट कर आती है। उसने टीचर से यह भी कहा कि उसके घर में एक राक्षस रहता है। टीचर ने शिवानी को बुलवाया और जब उसे रूही की कहानी के बारे में बताया, तो शिवानी चौंक गई। स्कूल के बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर सी.के. चंद्रा ने बताया कि हर बच्चा अलग होता है। यह जरूरी नहीं कि वह अपने पेरेंट्स की तरह हो। इसलिए हर बच्चे की परवरिश अलग तरह से होनी चाहिए। पेरेंटिंग का वैसे भी कोई तयशुदा फॉर्मूला नहीं होता। अगर बच्चा जिद्दी है, एग्रेसिव है, शर्मीला है या खाने से जी चुराता है, उसे समझाने के लिए आप एक तरह का रवैया नहीं अपना सकते। जरूरी बात तो यह है कि आप अपने बच्चे को वह जैसा है, वैसा ही अपनाएं। उसके मूल स्वभाव को बदलने की कोशिश ना करें। नौ साल की रंजिनी अच्छा गाती थी, पर दूसरों के सामने गाते समय वह हकलाने लगती थी। रंजिनी की मम्मी पायल चाहती थी कि उसकी बेटी संगीत के रियलिटी शो का हिस्सा बने। रंजिनी स्टेज पर पहुंच कर हकलाने लगी और जज ने उसका मजाक बना दिया। इस घटना का रंजिनी पर इतना बुरा असर पड़ा कि वह डिप्रेशन का शिकार हो गई। वह अब किसी से भी बिना हकलाए बोल नहीं पाती। डॉक्टर मधुमती कहती हैं, 'पेरेंट्स अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चे से करते हैं। यह गलत है। बच्चों से उस बात की अपेक्षा करिए, जो उनकी पहुंच के अंदर हो। किसी भी तरह का अनावश्यक दबाव उन्हें या तो विद्रोही बना देता है या दब्बू।'

## आपका बच्चा कैसे है खास?

जब पहली बार अपने मुंह से वह मां कहता है, आपकी जिंदगी बदल जाती है। आपको इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका बच्चा कैसा दिखता है, आपके लिए वह संसार का सबसे अनमोल रत्न है। हर बच्चे की जरूरत अलग होती है। आपका बेटा दिन में सिर्फ दो बार दूध पीता है, बेटी चार बार पीती है। बेटा साइंस में कमजोर है और बेटी को भाषा संबंधी दिक्कतें ज्यादा होती हैं। उनकी जरूरतों और पसंद के हिसाब से आपको उनके भविष्य की तैयारी करनी होगी। दस साल तक के बच्चे लगभग हर बात के लिए पेरेंट्स पर निर्भर करते हैं और सबसे ज्यादा विश्वास अपने माता-पिता पर ही करते हैं।

## बच्चों के साथ ये कभी ना करें

बच्चों की छोटी से छोटी समस्या की अनदेखी ना करें। हो सकता है वह आपको अपने से जुड़ी कोई बड़ी बात बताना चाह रहा हो। आपका बच्चा आपकी जिंदगी में रोशनी का काम करता है। पर आप उसका इस्तेमाल अपने स्वार्थ के लिए ना करें। आपका सपना आपका है, बच्चे का नहीं। अगर आप डॉक्टर नहीं बन पाए, तो बच्चे को इसके लिए फोर्स ना करें। वह अगर बनना चाहता है, उसकी दिलचस्पी है, तो उसे आगे बढमने में मदद करें। अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए बच्चों से राजनीति ना करवाएं। बच्चे को घर में दूसरे रिश्तेदारों के खिलाफ ना भडम्काएं। वे इससे कन्फ्यूज्ड हो जाते हैं और अपना संतुलन खो देते हैं। बच्चे की सीमा को जानें। उस पर सीमा से आगे बढ़ने का दबाव ना डालें। अगर आपके बच्चे को कोई तन या मन से जुड़ी समस्या है, तो उसे स्वीकार करें। बच्चे बहुत सेंसिटिव होते हैं और मां-पिता की बेचारगी भांप लेते हैं।

## पांच बातें जरूर रखें याद

अगर आपका बच्चा पढ़ाई से जी चुराता है, तो निश्चित ही वह ट्यूशन जाने से भी बचेगा। सबसे पहले यह जानने की कोशिश कीजिए कि उसे पढ़ना क्यों नहीं पसंद? कहीं वह डिस्लेक्सिक या स्लो लर्नर तो नहीं? अगर नहीं, तो वह जब पढ़ने बैठे तो उसके साथ बैठें और उसे आसान शब्दों में समझाने की कोशिश करें। हो सकता है इसकी तैयारी आपको पहले से करनी पड़े। शर्मीले बच्चों को उनकी खोल से निकालने के लिए उन्हें अपने साथ किसी क्लब में या बच्चों के ग्रुप में खेलने ले जाएं। शर्मीले बच्चे धीरे रिएक्ट करते हैं। लेकिन अपना काम बखूबी करते हैं। उनको स्पेस दें और उनके काम की तारीफ करें। आप जितना समय उनके साथ बिताएंगी, वे दूसरों के साथ उतनी जल्दी सहज होते जाएंगे। हाइपर एक्टिव बच्चे को हर वक्त किसी काम में लगाएं। उनको एक दिन पहले ही दूसरे दिन के काम के बारे में बता दें। कभी बागवानी, तो कभी क्राफ्ट, कभी पेंटिंग तो कभी खेल-कूद। इन बच्चों को अगर चुपचाप घर बैठने को कहेंगी, तो ये तोड़-फोड़ मचाना शुरू कर देंगे। इनकी एनर्जी सही जगह पर लगाएं। वैसे हाइपर बच्चे जल्दी ही किसी काम से बोर भी हो जाते हैं, पर जो भी काम करते हैं, दिल से करते हैं। झूठ बोलने वाले या ज्यादा गपबाजी करने वाले बच्चे अपनी दुनिया के शहंशाह होते हैं। इनकी बातों पर बहुत ध्यान ना दें, ना ही गंभीरता से लें। अगर आप रस लेकर उनकी बातें सुनेंगी, उनकी बातों को चटखारे लेकर दूसरों को बताएंगी, तो उनकी यह आदत बढ़ती जाएगी। बात-बात पर रोने वाले या घबरा जाने वाले बच्चों में आत्मविश्वास की कमी होती है। घर का माहौल अगर स्वस्थ नहीं है, कोई बीमार है, झगड़ा ज्यादा होता है या पैसे की तंगी है, तो बच्चों में आत्मविश्वास की कमी होने लगती है। बच्चे पर इनका असर ना पड़ने दें। बच्चे को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि उसकी स्कूल की फीस कितनी है, उसे घर और स्कूल में पढ़ाई का माहौल चाहिए। वह ऐसे लोगों के बीच रहना चाहता है, जहां वह अपने आपको सुरक्षित महसूस करता हो।

# गर्भवती मां की सबसे बड़ी चिंता

भारत में लगभग 87 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि गर्भधारण और बच्चे के जन्म के बाद वो कैसी दिखेंगी। 600 महिलाओं पर किए गए सर्वे के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वे में शामिल 76 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि प्रेग्नेंसी के दौरान उन्हें कभी-कभी बहुत बुरा लगता है, क्योंकि आसपास के सभी लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान होने वाले बच्चे पर होता है, जबकि शारीरिक बदलाव और दर्द के दौर से वो गुजर रही होती है। वहीं, 93 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि उन्हें लगता है कि उनके पति चाहते हैं कि बच्चे के जन्म के बाद उनका फिगर पहले जैसा हो जाए। 90 प्रतिशत महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चिंता प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाले स्ट्रेच मार्क्स होते हैं।





भारतीय शादी से जुड़े रीति-रिवाजों की तुलना किसी अन्य देश के रीति-रिवाजों से नहीं की जा सकती। हर दिन इस्तेमाल में आने वाली आम चीजें, शादी की रीति-रिवाजों में खास हो जाती हैं। पान, सुपारी और हल्दी जैसी चीजें कैसे बनाती हैं आपकी शादी को खास।

# आपकी शादी को खास बनाती हैं ये सामग्री

## खूबसूरत त्वचा के लिए हल्दी

शादी से जुड़ी सबसे आम रस्म है हल्दी लगाना। शादी से एक दिन पहले दूल्हा और दुल्हन को शादीशुदा महिलाएं हल्दी लगाती हैं। पारंपरिक रूप से हल्दी की इस विधि में दुल्हन पीले रंग का कपड़ा पहनती है। हल्दी के कार्यक्रम के बाद दूल्हा और दुल्हन को एक-दूसरे से मिलने की इजाजत नहीं होती है। हल्दी, बेसन और तेल को मिलाकर इस दिन के लिए उबटन बनाया जाता है। हल्दी में एंटीसेप्टिक गुण होता है, वहीं बेसन त्वचा को साफ करके उसमें चमक लाता है और तेल त्वचा को जरूरी नमी प्रदान करके उसकी खूबसूरती बढ़ाता है। कई बार इस उबटन में चंदन और केसर भी मिलाया जाता है ताकि त्वचा की खूबसूरती और बढ़ सके।

## समृद्धि का प्रतीक है चावल

भारतीय खानपान में चावल का प्रमुखता से इस्तेमाल होता है और चावल के इसी गुण के कारण उसे शुद्ध और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। शुद्धता के इस प्रतीक का इस्तेमाल हमारे यहां के समारोह और रीति-रिवाजों में बहुलता से किया जाता है। हिंदू विवाह के दौरान नए जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए उनके ऊपर चावल छिड़का जाता है। ऐसी मान्यता है कि चावल नकारात्मक चीजों को दूर भगाता है, इसलिए विवाह के दौरान प्रज्वलित अग्नि में दूल्हे के द्वारा चावल भी डाला जाता है। घर की देवी को भी चावल अर्पित किया जाता है। शादी के बाद विदाई के वक्त दुल्हन अपने हाथों में चावल भरकर उसे अपने सिर के पीछे की ओर फेंकती है, वहीं अपने ससुराल पहुंचकर वह चावल से भरे बरतन को अपने पैरों से गिराकर घर में प्रवेश करती है। इन दोनों रिवाजों के माध्यम से दुल्हन यह प्रार्थना करती है कि उसके मायके और साथ ही साथ उसके ससुराल में समृद्धि हमेशा बनी रहे।

## पान-सुपारी भी हैं खास

हर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ शादी से जुड़े विभिन्न विधि-विधानों का अहम हिस्सा है पान और सुपारी। कई धार्मिक रीति-रिवाजों में तो सुपारी को देवी का प्रतीक भी माना जाता है। वहीं, पान का पत्ता ताजगी और समृद्धि का प्रतीक है। कई हिंदू विवाह में पान के पत्ते को दूल्हा और दुल्हन के सिर पर लगाया जाता है। दूल्हे के परिवार का स्वागत भी पान के पत्ते से किया जाता है और अमूमन शादी की हर विधि में पान के पत्ते का इस्तेमाल होता है। वहीं, पान का पत्ता और नारियल सभी मेहमानों को धन्यवाद के प्रतीक के रूप में भी दिया जाता है।

## शुद्ध नदियों का प्रतीक पानी

शादी के विभिन्न रीति-रिवाजों में पानी का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है। पानी शुद्ध नदियों का प्रतीक है। इसे जिंदगी और जीवन चक्र का आधार माना जाता है। सभी धर्म और समुदाय में सफाई करने के लिए, सेहत को बेहतर बनाने के लिए, अच्छे भविष्य और समृद्धि के लिए शादी के रीति-रिवाजों में पानी का इस्तेमाल किया जाता है।

## इनका भी होता है इस्तेमाल

- आम, केला, नीम और तुलसी के पत्तों का इस्तेमाल भी शादी के विभिन्न रीति-रिवाजों में किया जाता है। ये सभी पत्ते शुद्धता के प्रतीक हैं।
- जब दुल्हन गृह-प्रवेश करती है, उस समय गुड़ खिलाकर उसका स्वागत किया जाता है। शादी के बाद के विभिन्न रिवाजों में दही का इस्तेमाल भी होता है।
- घी को पवित्र माना जाता है और शादी के अमूमन सभी रिवाजों में घी का इस्तेमाल दीप जलाने के लिए किया जाता है।
- कई समुदायों में दुल्हन के पैर धोने के लिए दूध और नारियल पानी का इस्तेमाल किया जाता है।

# बस 5 मिनट और आप तैयार

वक्त कम है। ढेर सारा काम है। पर खूबसूरत तो दिखना ही है ना! सिर्फ पांच मिनट में कैसे तैयार हों, ताकि वक्त की कमी आपकी खूबसूरती को निखारने की राह में न आए।

- पांच मिनट के भीतर आप तैयार हो सकती हैं, बशर्ते आपकी आईब्रो सही शेप में हो, आपकी त्वचा भीतर से खूबसूरत हो, आपने वैक्सिंग करवा रखी हो और आपमें किसी भी लुक को अपना बनाने का आत्मविश्वास हो। त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए संतुलित और पोषक खाना खाएं और ढेर सारा पानी पिएं। वहीं अपने वॉर्डरोब में मिक्स-एंड-मैच करने वाले कपड़े रखें, ताकि कहीं बाहर जाने से पहले कपड़े तलाशने में आपको वक्त जाया न करना पड़े।
- मेकअप शुरू करने से पहले त्वचा पर प्राइमर लगाएं। प्राइमर त्वचा को नमी और पोषण देने के साथ-साथ उसे मुलायम भी बनाता है। प्राइमर को आप फाउंडेशन भी कह सकती हैं। मेकअप करने के लिए ग्लो अप प्राइमर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा की रंगत एक जैसी दिखेगी और साथ ही उसमें चमक भी आएगी। ग्लो अप प्राइमर एक्ने और अन्य दाग-धब्बों के निशान को भी छुपा देता है। आंखों के लिए नियॉन रंग के आईलाइनर का इस्तेमाल करें। सी ग्रीन, ऑरेंज और एप्पल ग्रीन रंग के आईलाइनर आजकल चलन में हैं। इसके साथ आंखों में काजल, बड़ी बिंदी और लिपस्टिक आपके पूरे लुक को कई गुना बेहतर बना देंगे।
- एक सामान्य-सी ड्रेस को एक्सेसरीज की मदद से आप बेहद खास ड्रेस में तब्दील कर सकती हैं। ए लाइन सलवार-सूट पूरी तरह से आउट ऑफ फैशन हो चुके हैं। अनारकली सूट या मिक्स एंड मैच सलवार-सूट और उसके साथ एक साधारण-सी चोटी से आपको बहुत खूबसूरत लुक मिलेगा। अगर मौका कोई खास है और आप साड़ी पहनने की सोच रही हैं तो उसके साथ कमरबंध भी पहन सकती हैं। इसके अलावा आप अपनी साड़ी को बंगाली स्टाइल में पहनकर उसके साथ चाबी के छल्ले को एक्सेसरीज के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।
- आपके पूरे लुक का एक अहम हिस्सा है, हेयर स्टाइल। पर, जरूरी नहीं है कि जो हेयरस्टाइल आपकी मम्मी पर बहुत अच्छा लग रहा है, आप पर भी अच्छा लगे। इसलिए अपनी पर्सनैलिटी और लुक को ध्यान में रखते हुए ही अपना हेयरस्टाइल चुनें। फिश टेल चोटी, ढीली पोनीटेल, फ्रेंच जूड़ा और लो जूड़ा भी आप बना सकती हैं। इसके साथ गजरा या अन्य फ्लोरल एक्सेसरीज का इस्तेमाल करना न भूलें।
- जंक ज्वेलरी और डायमंड ज्वेलरी का चलन अब कम हो रहा है। सोने की ज्वेलरी फिर से चलन में है। अगर आपकी ड्रेस से मैच करती कुंदन ज्वेलरी आपके पास है, तो आप उसे भी पहन सकती हैं।



## वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट और को-पायलट ने कूदकर बचाई जान

आगरा । यूपी के आगरा में सोमवार को वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और को-पायलट ने कूदकर जान बचाई। फिलहाल इस घटना को लेकर वायु सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद पायलट और उसके साथी दो किलोमीटर दूर मिले हैं। गनीमत रही कि पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को कागारौल के सोनिगा गांव के पास खाली खेतों में गिराया। यदि आबादी वाले हिस्से में विमान क्रैश होता तो बड़ी क्षति हो सकती थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक यह मिग-29 विमान था, जो पंजाब के आदमपुर से उड़ा था। फिलहाल घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ है। मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया है।

## ईरानी पर्यटक ने मंदिर में नमाज पढ़ने पर मांगी माफी

### -ताजमहल देखने आया है ईरानी परिवार

आगरा । आगरा में ताजमहल घूमने आए एक ईरानी ने मंदिर में जाकर नमाज पढ़ी। यह मामला सामने आने और पकड़े जाने के बाद ईरानी परिवार ने माफी भी मांग ली है। ईरानी परिवार ने कहा कि मंदिर में साफ-सफाई देखकर नमाज पढ़ ली थी। बता दें कि ताजमहल के पूर्वी गेट के पास एक मंदिर बना हुआ है। मंदिर के अंदर एक ईरानी पर्यटक ने नमाज़ पढ़ ली। जिसके बाद वहां हंगामा हो गया था। सूचना पर ताज सुरक्षा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की तो ईरानी पर्यटक ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि यह मंदिर है। साफ-सफाई देखी तो उन्होंने नमाज पढ़ ली। ईरानी परिवार ने इसे लेकर माफी भी मांग ली है। मामला सोमवार का बताया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने पर्यटकों से बातचीत की और उनका पासपोर्ट चेक किया। पूछताछ में ईरानी परिवार ने बताया कि ताजमहल देखने के बाद बाहर आये तो काफी भीड़ जमा थी। ईरानी परिवार ने कहा कि मंदिर का दरवाजा खुला हुआ था और मंदिर में कोई भी नहीं था। बाद में पता लगा कि यह मंदिर है। पिता और बेटी ने माफी मांगी और कहा कि वह किसी की भी धार्मिक भावना को आहत नहीं करना चाहते हैं। ईरानी परिवार का माफी मागने का वीडियो भी वायरल हुआ है। एसीपी अरीब अहमद ने मौखिक तौर पर बताया कि ईरानी परिवार ताजमहल घूमने आया था। उन्होंने गलती से मंदिर में नमाज पढ़ ली थी। ईरानी परिवार ईरान में प्रोफेसर के पद पर है।

## लॉरेंस के भाई ने दी भीम सेना अध्यक्ष को धमकी, सलमान से पहले तुझे मारुंगा

गुरुग्राम। एनसीपी नेता की हत्या करवाने और सलमान खान को धमकी देने वाले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ सेक्टर-37 थाना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। शिकायत भीम सेना के अध्यक्ष सतपाल तंवर ने दर्ज कराई है। तंवर का कहना है कि 30 अक्टूबर शाम छह बजकर 25 मिनट से लेकर रात नौ बजकर 37 मिनट पर उन्हें चार बार विदेशी नंबर से वाट्सएप कॉल आई। विदेशी नंबर होने की वजह से उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। रात नौ बजकर 48 मिनट पर जब फिर कॉल आई, तो उन्होंने उठाया। कॉल उठाते ही कहा फिल्म अभिनेता सलमान खान उसका दुश्मन है और उसको मारने से पहले सतपाल तंवर को मारेगा। उसने कहा कि वह कनाडा से अनमोल बिश्नोई बोल रहा है। इसके बाद भी कई बार फोन करके धमकी दी। शिकायत के मुताबिक अप्रैल में भी उनके पास लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी भरा पत्र आया था। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि शुरुआती छानबीन से पता चलता है कि कॉल करने वाले की आवाज अनमोल बिश्नोई से मेल नहीं खा रही है। मामले की छानबीन क्राइम ब्रांच व साइबर क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है।

## गर्म लोहे से दागा, सिगरेट से जलाया, नाबालिग की हत्या कर टॉयलेट में फेंका

### -लड़की घर में करती थी नौकरानी का काम, पुलिस ने किया दंपति को गिरफ्तार

चेन्नई। चेन्नई में एक नाबालिग लड़की का शव घर के टॉयलेट में मिलने से सनसनी फैल गई थी। वह नाबालिग लड़की घर में नौकरानी का काम करती थी जिसको प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में चार अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। जांचकर्ताओं के मुताबिक नाबालिग लड़की को चेन्नई के अमिनजिकराई क्षेत्र के मेहता नगर स्थित एक फ्लैट में गंभीर यातनाएं दी गईं। उसे गर्म लोहे से दागने, सिगरेट से जलाने और अन्य क्रूरता का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। आरोपित दंपती निशाद और नासिया ने कथित तौर पर लड़की के शव को घर के टॉयलेट में छोड़ दिया और फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया और अन्य चार लोगों को भी हिरासत में लिया है। यह घटना समाज में घरेलू कामकाजी लोगों के प्रति बढ़ते हिंसा और शोषण के मामलों को उजागर करती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पीड़िता को न्याय दिलाने ठोस कदम उठा रही है।

## एआई में वृद्धि होने के कारण 2030 तक कई गुना बढ़ेगा ई कचरा

नई दिल्ली । भारत में जिस तरह से एआई मॉडल का तेजी से विकास हो रहा है। उसको देखते हुए रिपोर्ट में कहा गया है। 2030 तक 10 अरब आईफोन के बराबर ई कचरा भारत में एकत्रित होगा। यह कचरा भारत के लिए बड़ी समस्या खड़ा करेगा। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी और चीन की वाइनीज एकैडमी आफ साइंसेज के शोधकर्ताओं ने नेचर जर्नल में एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। उस रिपोर्ट में एआई सर्वर की वजह से जो ई कचरा बढ़ेगा। उसकी संभावनाओं पर काम किया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार 2023 तक 2.6 किलो टन प्रतिवर्ष ई कचरा था। जो 2030 तक लगभग 2.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष हो जाएगा।

# मोदी सरकार ने भारतीय भाषाओं के संरक्षण के लिए अनेक बड़ी पहल की: शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार ने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए कई बड़ी पहल की हैं और पिछले दस वर्ष का समय इन भाषाओं के उत्थान के लिए गौरवमयी कालखंड रहा है।

श्री शाह ने यहां केन्द्रीय हिन्दी समिति की 32वीं बैठक की अध्यक्षता की। केन्द्रीय हिन्दी समिति हिन्दी के विकास और प्रसार के संबंध में दिशा-निर्देश देने वाली सर्वोच्च समिति है।



गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मोदी सरकार ने भारतीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक उपयोग के लिए कई बड़ी पहल की हैं और 2014 से 2024 तक का समय भारतीय भाषाओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए गौरवमयी कालखंड है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने पांच और भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा दिया है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां 11 भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हिदी में अपने विचार व्यक्त कर राजभाषा हिंदी का गौरव बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्राथमिक और सेकंडरी शिक्षा भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होने से सभी भाषाओं के विकास के लिए अनुकूल वातावरण बना है। उन्होंने कहा कि देश में भाषाओं के विकास की दिशा में यह एक प्रेरणादायी परिवर्तन है और इसका उद्देश्य देश की क्षमता का शत-प्रतिशत दोहन करना है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बच्चों और युवाओं की पूर्ण क्षमता का उपयोग देश के विकास में करना है तो ये आवयश्क है कि वे अपनी मातृभाषा में पढ़ें, विश्लेषण करें और निर्णय लें। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय हिन्दी समिति का उद्देश्य हिन्दी के साहित्य का संवर्धन और हिन्दी को देश की संपर्क भाषा के रूप में स्थापित करना है।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हिंदी को सशक्त बनाने के लिए पिछले 5 साल में तीन बड़े कार्य किए गए हैं। पहला बड़ा कार्य हिंदी शब्दसिंधु शब्दकोष का निर्माण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले 5 साल में शब्दसिंधु विश्व का सबसे समृद्ध शब्दकोष बनेगा। भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना दूसरा बड़ा कार्य हुआ है। श्री शाह ने कहा कि जब तक हम सभी भारतीय भाषाओं को मजबूत नहीं करेंगे तब तक आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषा अनुभाग ने तकनीक का प्रयोग कर अनुवाद करने की पहल की है। गृह मंत्री ने कहा कि तीसरा बड़ा कार्य देश के विभिन्न हिस्सों में राजभाषा सम्मेलन आयोजित करना है जिससे राजभाषा के महत्व को समझने में सरलता होगी।

श्री शाह ने हिंदी को मजबूत करने के लिए दो बड़े कार्य करने की आवश्यकता बताई। पहला, हिंदी साहित्य को मजबूत करने, संजोने और व्याकरण के लिए दीर्घकालीन नीति बनाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आधुनिक शिक्षा के सभी पाठ्यक्रमों का हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की भी जरूरत है। गृह मंत्री ने हिंदी को सर्वस्वीकृत और लचीली बनाने पर भी बल दिया।

बैठक में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, संसदीय कार्य राज्यनमंत्री डॉ. एल.मुरुगन , ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, संसदीय राजभाषा समिति के उपाध्यंक्ष भर्तृहरि महताब,संसदीय राजभाषा समिति की तीनों उप समितियों के संयोजक, राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्या और संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली ने भाग लिया।

## पुराने वादे पूरे नहीं किए, नए वादों की बौछार कर रही कांग्रेस और भाजपा : मायावती



**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती ने भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्रों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इन पार्टियों ने चुनाव में मिथ्या प्रचार और वादों की भरमार लगा रखी है। मायावती ने कहा कि देश में व्यापक स्तर पर गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, साफ पानी और कानून व्यवस्था जैसी बुनियादी जरूरतों का अभाव है, इससे करोड़ों लोग त्रस्त और परेशान हैं।


मायावती ने भाजपा और कांग्रेस की सरकारों पर आरोप लगाकर कहा कि वे आरोप-प्रत्यारोप की नकारात्मक राजनीति में व्यस्त हैं, खासकर महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर। उन्होंने कहा, जनता देख रही है कि इनके पिछले वादों का क्या हाल हुआ है। बहनजी ने बताया कि कांग्रेस और भाजपा, दोनों ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया है। इन पार्टियों के वादे होते ही हैं, लोगों को गुमराह करने के लिए, और सरकार बनने के बाद उन्हें भुला दिया जाता है। इसकारण हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की कांग्रेसी सरकारें पर वादाखिलाफी का आरोप लग रहा हैं।

मायावती ने उपचुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वे जनहित और जनकल्याण से ज्यादा धर्म के कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, बसपा चुनाव में जनता को गुमराह करने वाला कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती है। हमारा उद्देश्य करोड़ों गरीबों, मजलूमों और बेरोजगारों के प्रति ईमानदारी से काम करना है।

मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के पिछले अनुभवों के मद्देनजर, यह स्वाभाविक है कि जनता उनसे पूछे कि वे अपने वादों को क्यों नहीं निभाते।

## कर्नाटक में ऐतिहासिक स्मारकों पर वक्फ बोर्ड ने ठोका दावा...एएसआई ने दिखाया आईना

**मुंबई (एजेंसी )।** बेंगलुरु (ईएमएस)। वक्फ बोर्ड इन दिनों काफी चर्चा में है। वक्फ की संपत्ति को लेकर राजनीतिक गलियारों में जमकर विवाद दिख रहा है। इसी कड़ी में अब वक्फ बोर्ड ने विश्व विरासत घोषित हो चुके ऐतिहासिक स्मारकों पर भी अपना दावा ठोक दिया है। वक्फ बोर्ड ने कर्नाटक के 43 ऐतिहासिक स्मारकों पर दावा ठोका है। इसमें गोल गुम्बज, इब्राहिम रौजा, बारा कमान और बीदर व कलबुर्गी शामिल हैं। इन 53 स्मारकों में से 43 विजयपुरा में हैं। विजयपुरा वक्फ बोर्ड ने 2005 में 43 स्मारकों पर अपना दावा ठोक दिया था। इन ऐतिहासिक स्मारकों का मालिकाना हक वक्फ बोर्ड के पास नहीं है।



नियमों के मुताबिक, एक बार जब किसी ऐतिहासिक स्मारक का मालिकाना हक एएसआई अपने अधिकार क्षेत्र में ले लेता है, तब उस किसी को दूसरे को नहीं भेजा जा सकता है। ऐसी स्थिति में सवाल पैदा होता है, कि आखिर किस आधार पर वक्फ बोर्ड इन संपत्तियों पर अपना दावा ठोक रहा है। एएसआई के अधिकारी के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों के साथ छेड़छाड़ हो रहा है। इसके लिए सीमेंट और अन्य सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है, ताकि उसकी मूल पहचान को बदला जा सके। लेकिन, एएसआई ने स्पष्ट कर दिया है कि इस छेड़छाड़ को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

एएसआई अधिकारियों के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों में पंखे, एसी, ट्यूबलाइट और टॉयलेट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि इसकी मूल पहचान को बदल सके। इसमें से कुछ ऐतिहासिक स्मारकों में दुकानें भी बन चुकी है। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को भी खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके पहले वक्फ बोर्ड ने किसानों की जमीन पर भी दावा ठोका था, जिसे देखकर किसानों ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के संबंध में बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखा था। इस पत्र में किसानों ने बैठक में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी, ताकि वे भी अपना मत खुले दिल से रख सके।

## 10 नवंबर को सेवानिवृत होंगे चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, अयोध्या पर दिया था फैसला

नई दिल्ली,(ईएमएस) । भारत की सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, अगले सप्ताह रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत होंगे और यह संयोग है कि नौ नवंबर को अयोध्या मामले में आए फैसले को पांच साल पूरे हो रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ गत जुलाई में अयोध्या गए थे और रामलला के दर्शन किए थे। वह संभवत: पहले सीजेआई हैं, जो रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या गए। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या राम जन्मभूमि मामले में अपना फैसला सुनाया था। इस फैसले में जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, पूर्व प्रधान न्यायाधीश एसए बोबड़े, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एस अब्दुल नजीर शामिल थे। पीठ के अन्य चार न्यायाधीश पहले ही रिटायर हो चुके हैं। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने हाल ही में अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट की दशहरे की छुट्टियों के दौरान अपने पैतृक गांव के दौरे के दौरान कहा था कि अयोध्या विवाद के समाधान के लिए उन्होंने भगवान से प्रार्थना की थी, जो कि उनके इस बयान की चर्चा का विषय बना। चंद्रचूड़ का कार्यकाल महत्वपूर्ण निर्णयों से भरा है और उनके रिटायर होने के बाद देश के न्यायिक इतिहास में उनके योगदान को याद किया जाएगा।

## अखिलेश यादव का बीजेपी पर तंज... चुनाव टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे



**लखनऊ (एजेंसी)।** त्योहारों को देखते हुए चुनाव आयोग ने वोटिंग को एक हफ्ते तक टालने का फैसला किया है। अब उत्तर प्रदेश, केरल और पंजाब में 13 नवंबर की जगह उपचुनाव 20 नवंबर को होंगे। चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे। उनके इस पोस्ट को सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि 13 नवंबर को होने वाली उपचुनाव की वोटिंग को टालने के लिए कांग्रेस, बीजेपी समेत कई दलों ने चुनाव आयोग से अपील की थी। पार्टियों का कहना था कि कई त्योहारों के चलते 13 नवंबर को वोटिंग कम हो सकती है। हालांकि, चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे! पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, बीजेपी इतनी कमजोर कभी न थी। दरअसल बात ये है कि यूपी में महा-बेरोजगारी की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर प्रदेश आए हुए हैं, और उपचुनाव में बीजेपी को हराने के लिए वोट डालने वाले थे। जैसे ही बीजेपी को इसकी भनक लगी, उसने उपचुनावों को आगे खिसका दिया, जिससे लोगों की छुट्टी खत्म हो जाए और वो बिना वोट डाले ही वापस चले जाएं। ये बीजेपी की पुरानी चाल है- हारेंगे तो टालेंगे।

### बीजेपी ने तारीखों में बदलाव के लिए दिया था ज्ञापन

बता दें कि बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप-चुनाव की तारीखों में बदलाव की मांग को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन दिया था। बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने कहा था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा होने की वजह से कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद और प्रयागराज में लोग तीन चार दिन पहले इकट्ठे जो जाते हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को कार्तिक पूर्णिमा को ध्यान में रखते हुए तारीखों में बदलाव करना चाहिए। बीजेपी की मांग थी कि 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को चुनाव कराए जाएं।

## रायबरेली दौरे पर रहेंगे राहुल गांधी, विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

### -उपचुनाव में राहुल प्रचार करेंगे या नहीं चर्चाओं का दौर शुरु

**नई दिल्ली, (एजेंसी )।** यूपी में विधानसभा की 9 सीटों होने वाले उपचुनाव के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली का दौरा करेंगे। इस दौरे में राहुल गांधी कई महत्वपूर्ण बैठकों और उद्घाटन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह जिला समन्वय की बैठक और दिशा की बैठक में शामिल होंगे, जहां अमेठी के सांसद केएल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा राहुल रायबरेली के शहीद चौक का उद्घाटन करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। सांसद राहुल का यह दौरा सुबह 10-30 बजे फुरसतगंज एयरपोर्ट से शुरू होगा, जहां से वह सड़क मार्ग से डिग्री कॉलेज चौराहा पहुंचेंगे और शहीद चौक का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन में दिशा की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य विकास परियोजनाओं की समीक्षा और समन्वय में सुधार करना है। राहुल गांधी का यह दौरा यूपी उपचुनाव के बीच हो रहा है, जिससे यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या वे उपचुनाव में प्रचार करेंगे। हालांकि कांग्रेस ने इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से जब कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर पूछा तो उन्होंने पुष्टि की कि उनकी कांग्रेस नेताओं से बातचीत हुई थी। यह उपचुनाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि अखिलेश भी इस बार व्यक्तिगत रूप से प्रचार करने उतरने वाले हैं। आमतौर पर सपा के उम्मीदवार स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में ही चुनावी मुकाबला करते रहे हैं, लेकिन इस बार अखिलेश खुद मैदान में होंगे। इस बदलाव को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अखिलेश और राहुल गांधी का एक साथ उपचुनाव में प्रचार करना कांग्रेस और सपा के गठबंधन को जनता के सामने एक मजबूत विकल्प के रूप में पेश कर सकता है। इंडिया गठबंधन के चलते दोनों पार्टियों का साथ आना, खासतौर पर यूपी जैसे बड़े राज्य में, विपक्ष को एक नई ऊर्जा दे सकता है। हालांकि, राहुल गांधी के प्रचार में शामिल होने की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन इसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरु हो गई है। राहुल गांधी का रायबरेली दौरा सिर्फ एक विकास कार्यों की समीक्षा के लिए नहीं है बल्कि कांग्रेस के लिए यूपी में अपना आधार मजबूत करने की दिशा में एक कदम भी माना जा रहा है। यह दौरा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उत्साह और नई दिशा देने का अवसर है, खास कर तब जब यूपी उपचुनाव में पार्टी की स्थिति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उनके दौरे से जहां रायबरेली में कांग्रेस की सक्रियता दिखाई देगी, वहीं उपचुनाव में उनकी उपस्थिति या प्रचार की संभावना विपक्षी गठबंधन के बीच नए समीकरण बनाने में मददगार साबित हो सकती है। ऐसे में आने वाले दिनों में देखना होगा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक साथ प्रचार अभियान में उतरते हैं या नहीं।

## छठ पूजा नहाय-खाय के साथ आज से होगी शुरु, प्रशासन ने की सभी तैयारियां पूरी

### -गंगा और सहायक नदियों के करीब 550 घाटों पर श्रद्धालु करेंगे पूजा

**पटना (एजेंसी)।** चार दिवसीय छठ महापर्व मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरु होगा। बुधवार को खरना अनुष्ठान होगा, गुरुवार शाम को पहला अर्घ्य और शुक्रवार सुबह अंतिम अर्घ्य देने के बाद यह पर्व संपन्न हो जाएगा। छठ पूजा पर पटना के घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की हैं। इस बार गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से कुछ चुनौतियां आई, लेकिन जिला प्रशासन ने सभी घाटों को पूरी तरह से तैयार किया है।

पटना में गंगा और सहायक नदियों के करीब 550 घाटों पर श्रद्धालु छठ पूजा करते हैं। पटना नगर निगम ने 102 गंगा घाटों पर छठ पूजा की व्यवस्था की है। इसके अलावा, 45 पार्क और 63 तालाबों पर भी छठ पूजा की जाएगी। सभी घाटों और तालाबों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी तैयारियों पर नजर रख रहे हैं।

निगम ने 512 अस्थायी शौचालय, 450 अस्थायी यूरिनल और पीने के पानी के लिए 185 नल लगाए हैं। इसके साथ ही 50 पानी के टैंकर और 37 चापाकल उपलब्ध कराए हैं। 355 अस्थायी चेंजिंग रूम बनाए हैं और 154 वाच टावर सुरक्षा निगरानी के लिए लगाए गए हैं। 97 मुख्य और 13 सहायक नियंत्रण कक्ष और 14 यात्री शेड स्थापित किए हैं।

छठ पूजा के दौरान सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। 333 गोताखोर, 306 नाव एवं सिविल डिफेंस के 168 वालंटियर भी तैनात रहेंगे। डीएम पटना ने निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार की नाव का संचालन नहीं होगा, चाहे वह प्रचार-प्रसार के लिए हो या मनोरंजन के लिए। नाव संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नदी में लगातार रिवर पेट्रोलिंग की व्यवस्था भी की है।



# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अक्टूबर में बढ़कर 57.5 हुई: पीएमआई

**तेजी से बढ़ते नए ऑर्डर तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत मांग वृद्धि दिखाती है**

**नई दिल्ली ।**

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर के आठ महीने के निचले स्तर से अक्टूबर में बढ़कर 57.5 हो गई। सोमवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में आठ महीने के निम्नतम स्तर 56.5 से बढ़कर अक्टूबर में 57.5 हो गया, जो परिचालन स्थितियों में पर्याप्त तथा त्वरित सुधार का संकेत है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में अक्टूबर में काफी वृद्धि हुई है, क्योंकि अर्थव्यवस्था की परिचालन स्थितियों में व्यापक रूप से सुधार जारी है। तेजी से बढ़ते नए ऑर्डर तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत मांग वृद्धि को दर्शाती है। भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग से प्रदर्शन में तेजी आई। इसके अलावा, नए उत्पादों पेश किए जाने और सफल विपणन पहलों ने बिक्री प्रदर्शन को बढ़ाने में मदद की। सितंबर में डेढ़ साल में सबसे कम वृद्धि के बाद नए निर्यात ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। समिति के सदस्यों ने एशिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और अमेरिका से नए ऑर्डर में वृद्धि की सूचना दी। कीमतों के मोर्चे पर अक्टूबर के आंकड़ों ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत मुद्रास्फीति दबाव का संकेत दिया। वहीं भारतीय विनिर्माता भविष्य की उत्पादन मात्रा के संबंध में अधिक आशावादी हैं। भंडारी ने कहा कि तीसरी वित्तीय तिमाही की शुरूआत में मजबूत उपभोक्ता मांग, नए उत्पाद जारी होने से कारोबारी विश्वास भी बढ़ा है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# ट्रेन में गंदगी फैलाने वाले 12,609 लोगों पर लगाया गया जुर्माना

**रेलवे ने सफाई को लेकर नया अभियान शुरू किया, यात्रियों को कचरा न फैलाने की दे रहा सलाह**



**नई दिल्ली।**

भारतीय रेलवे ने सफाई को लेकर एक नया अभियान शुरू किया है, जिसके तहत ट्रेनों और स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए यात्रियों पर नजर रखी जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना और सफाई के प्रति जागरूक करना है। हाल ही में रेलवे ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिसमें 12,609 लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। अभियान के तहत 2259 ऑपरेशन्स चलाए गए, जिनमें यात्रियों को रेलवे परिसर में कूड़ा-कचरा न फैलाने के लिए सलाह दी गई। हालांकि कई यात्री घर से बना खाना लेकर आते हैं और खाने के बाद बचे हुए खाद्य पदार्थ और पैकिंग का सामान ट्रेनों या स्टेशनों पर छोड़ देते हैं। ऐसे यात्रियों को अभियान के दौरान पकड़ा गया और जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई के दौरान कई यात्री अपनी गलती स्वीकारने के बजाय तरह-तरह के तर्क देकर बचने की कोशिश करते रहे। कुछ ने कहा कि ट्रेन आने वाली थी, इसलिए गंदगी वहीं छोड़ दी, जबकि दूसरों ने दावा किया कि वे डस्टबिन में फेंकना भूल गए लेकिन ट्रेनों के टिकट निरीक्षक (टीटी) ने किसी भी दलील को नहीं माना और सभी पर जुर्माना लगाया। इस स्थिति पर यात्रियों ने कहा कि यदि उन्हें पता होता कि जुर्माना लगाया जाएगा, तो वे बेहतर होता कि खाना बाहर से ही खरीदते, जिससे गंदगी फैलाने का सवाल ही नहीं उठता। रेलवे के इस प्रयास से उम्मीद की जा रही है कि यात्री सफाई के प्रति अधिक जागरूक होंगे और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचेंगे। भारतीय रेलवे का यह अभियान न केवल ट्रेनों और स्टेशनों की स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए है, बल्कि यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

# इस वर्ष 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा वैश्विक सौर निवेश: जोशी

**- वैश्विक सौर निवेश 2018 में 144 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 393 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की 7वीं आम सभा के उद्घाटन सत्र में कहा कि वैश्विक सौर निवेश इस साल 500 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जो 2023 में 393 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में यह कोयले तथा गैस से भी अधिक किफायती ऊर्जा स्रोत है। उन्होंने कहा` कि` निवेशों से न केवल नई क्षमता जुड़ रही है, बल्कि दुनिया भर में सौर ऊर्जा की लागत भी कम हो रही है। उन्होंने कहा` कि यह तीव्र वृद्धि रिकॉर्ड-तोड़ निवेशों से प्रेरित है। वैश्विक सौर निवेश 2018 में 144 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 393 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है और 2024 के अंत तक इसके 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आज सौर ऊर्जा कई क्षेत्रों में कोयले और गैस से आगे निकलकर बिजली का सबसे किफायती स्रोत बन गई है। मंत्री ने बताया कि आईएसए 'टुवाड्र्स 1000' (1000 की ओर) रणनीति से आगे बढ़ रहा है जिसका लक्ष्य 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 अरब डॉलर का निवेश जुटाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के शासन में भारत ने महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्य निर्धारित किए हैं और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने पिछले महीने 90 गीगावाट की स्थापित सौर क्षमता हासिल कर ली और 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के अपने व्यापक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि भारत नए क्षितिज पर भी अपनी नजरें स्थापित कर रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जिसे 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता से समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा ` कि हमने करीब 37.5 गीगावाट की कुल क्षमता वाले 50 सौर पार्क को मंजूरी दी है। 2030 तक 30 गीगावाट के अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए संभावित अपतटीय पवन ऊर्जा स्थलों की पहचान की है।

# मल्टीबैगर आईपीओ: शेयर धारकों को जोरदार रिटर्न दे रहा, शेयर 10 महीने में 400 फीसदी चढ़ा

**नई दिल्ली ।**

पिछले एक साल में शेयर बाजार में कई आईपीओ ने दस्तक दी और लिस्टिंग पर निवेशकों की खूब कमाई कराई लेकिन एक इश्यू ऐसा है जो लगातार अपने शेयरधारकों को जबरदस्त रिटर्न दे रहा है। लिस्टिंग के बाद से अब तक यह शेयर 400 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया है। हैरानी की बात है कि इस शेयर की लिस्टिंग को एक साल से भी कम समय हुआ है। दरअसल बीएसई और एनएसई पर लिस्टेड मोतीसंस ज्वैलर्स एक मल्टीबैगर आईपीओ साबित हुआ है। यह शेयर दिसंबर 2023 में एनएसई पर 98 फीसदी के प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ था। शेयर अपने आईपीओ प्राइस 55 रुपए से बढ़कर 291 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। इस अवधि में शेयरों ने 400 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दे दिया है। मोतीसन्स ज्वैलर्स के शेयरों ने 1 अक्टूबर, 2024 को 329.90 रुपए का रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया था। 2024 में अब तक यह स्टॉक 191 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया है और लगातार 10 महीनों में से पॉजिटिव रिटर्न दे रहा है। हालांकि, अक्टूबर महीने में इस शेयर में 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है, जबकि सितंबर में यह शेयर 77 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गया था। मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड भारत में आभूषणों के निर्माण और खुदरा बिक्री करती है। कंपनी सोने, हीरे, कुंदन, मोती, चांदी, प्लैटिनम, कीमती पत्थरों और अन्य धातुओं से बनी चूड़ियां, हार, झुमके, पेंडेंट, कंगन, अंगूठियां, नाक पिन, चेन और मंगलसूत्र बनाती है। मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए ग्राहकों को सर्विस मुहैया कराती है. कंपनी की स्थापना 1997 में हुई थी और यह जयपुर में स्थित कंपनी है।

# दिवाली के बाद अब छठ पूजा के लिए ट्रेन में टिकट नहीं, फ्लाइट में बढ़ा किराया

**- दिल्ली से पटना या दुबई जाना एक बराबर**

**नई दिल्ली।**

दिवाली के बाद अब छठ पूजा के लिए ट्रेन और फ्लाइट में टिकटों की मारामारी चल रही है। देशभर से बिहार और झारखंड जाने वाली फ्लाइट्स में टिकट के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। आलम यह है कि पटना और दरभंगा के लिए फ्लाइट का किराया दुबई, मलेशिया, बैंकॉक और सिंगापुर जाने से ज्यादा महंगा हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और सूरत समेत कई शहरों से बिहार की ओर जाने वाली फ्लाइट्स के किराये में जबरदस्त उछाल आया है। हवाई किराये में आए इस तगड़े उछाल पर एक ट्रैवल एजेंट ने कहा है कि त्योहारी सीजन में एयर फेयर में उछाल देखने को मिलता है, लेकिन इस साल किराये में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिला है। हैरान की बात है कि इतने महंगे किराये के बावजूद फ्लाइट्स में टिकट नहीं मिल पा रही है। दिल्ली-मुंबई से पटना और दरभंगा का फ्लाइट किराया 13000 से 18000 रुपये पहुंच गया है। वहीं सूरत से पटना का एयर फेयर भी 4 से 6 नवंबर के बीच 13 से 18 हजार रुपये पहुंच चुका है। उधर, दिल्ली से दुबई, मलेशिया, बैंकॉक और सिंगापुर का एयर फेयर 10000 से 20000 रुपये है। छठ पूजा के मौके पर देशभर से लाखों लोग यूपी, बिहार और झारखंड की ओर जाते हैं इसलिए इस सीजन में ट्रेनें पूरी तरह से पैक रहती है। ट्रैवल एजेंट ज्यादा पैसे लेने के बावजूद टिकट नहीं दे पा रहे हैं। फ्लाइट्स के किराये में यह बढ़ोतरी सिर्फ छठ पूजा के दौरान है। इसके बाद की तारीखों में किराया सामान्य नजर आ रहा है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ ही 84.11 रुपये पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारीविदेशी पूंजी की सतत निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में महज एक पैसे की बढ़त के साथ 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत डॉलर स्थानीय इकाई पर दबाव बना रहा है जिससे दिन में रुपया के सीमित दायरे में कारोबार करने का अनुमान है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भी स्थानीय इकाई को प्रभावित किया जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद यह 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था।

## एफकॉन्स इन्फ्रा का शेयर निर्गम मूल्य से 10 फीसदी गिरकर सूचीबद्ध

**कंपनी का बाजार मूल्यांकन 16,680.87 करोड़ रुपये रहा**

**नई दिल्ली ।** शापूरजी पालोनजी समूह की प्रमुख बुनियादी ढांचा इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का शेयर निर्गम मूल्य 463 रुपये से आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 7.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 430.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 9.31 प्रतिशत लुढ़कर 419.85 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 7.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 426 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 16,680.87 करोड़ रुपये रहा। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत मंगलवार को 2.63 गुना अभिदान मिला था। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एआईएल) ने एंकर या बड़े निवेशकों से 1,621 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने 5,430 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 440-463 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। महाराष्ट्र स्थित एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर में वर्तमान में प्रवर्तक तथा प्रवर्तक समूह की इकाइयों की 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 80 करोड़ रुपये का इस्तेमाल निर्माण उपकरण खरीदने, 320 करोड़ रुपये दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी के लिए, 600 करोड़ रुपये कर्ज चुकाने और शेष राशि सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए रखेगी।

## बजाज ऑटो की अक्टूबर में वाहन बिक्री दो फीसदी बढ़कर 4,79,707 इकाई हुई

**- वर्ष 2023 के अक्टूबर महीने में वाहन बिक्री 4,71,188 इकाई थी**

**मुंबई ।** वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो की वाणिज्यिक वाहनों तथा निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री अक्टूबर में दो प्रतिशत बढ़कर 4,79,707 इकाई हो गई, जो 2023 के इसी महीने में 4,71,188 इकाई थी। बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में कुल घरेलू बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 3,03,831 इकाई रह गई, जबकि 2023 के इसी महीने में 3,29,618 वाहन बिके थे। निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 1,75,876 इकाई रहा, जो एक साल पहले समान अवधि 1,41,570 इकाई था। हालांकि समीक्षाधीन महीने में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 4,14,372 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 4,08,144 दोपहिया वाहन बिके थे। कंपनी ने कहा कि इसमें से घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,55,909 इकाई रही जो अक्टूबर 2023 में बेची गई 2,78,468 इकाइयों से आठ प्रतिशत कम है। वहीं पिछले महीने दोपहिया वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 1,58,462 इकाई हो गया। वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री पिछले महीने चार प्रतिशत बढ़कर 65,335 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 63,044 वाणिज्यिक वाहन बिके थे।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

**सेंसेक्स 942 , निफ़्टी 309 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट रही। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई हैं। आज कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएई सेंसेक्स जहां 79 हजार , वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 24 हजार के नीचे खिसक गया। बाजार में गिरावट का एक और कारण अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाजार में संशय के हालात बनना भी है। जिससे निवेशकों ने बाजार से दूरी बनायी। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई सेंसेक्स 1.18 फीसदी करीब 941.88 अंक नीचे आकर र 78,782.24 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार निफ्टी भी 1.27 फीसदी तकरीबन 309 अंक नीचे आकर 23,995.35 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 42 के शेयर गिरावट पर बंद हुए।

वहीं सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स का शेयर सबसे ज्यादा 3.23 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, सनफार्मा, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, टाइटन, टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए।

दूसरी ओर महिन्द्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2त्न फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, स्टेट बैंक, एचसीएल टेक, इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

बाजार में गिरावट का मुख्य कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंकिंग शेयरों का नीचे आना रहा है। जानकारों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाजार में संशय है उससे भी विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भारतीय बाजार पर दबाव आया है।

विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड मासिक बिकवाली और कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहने से भी अक्टूबर में बेंचमार्क लगभग 6 फीसदी नीचे आया। जानकारों के अनुसार पिछले चार महीनों में बेंचमार्क में 15 फीसदी की बढ़त रही थी।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि सेंसेक्स में अभी और गिरावट हो सकती है और यह 72,000 के स्तर तक भी फिसल सकता है। ऐसे में 2024 में अब तक की गई सारी बढ़त समाप्त हो जाएगी। । बाजार जानकारों के अनुसार किसी भी रिकवरी की कोशिश में बिकवाली का दबाव झेलना पड़ सकता है, जिससे बड़ी वापसी की उम्मीद कम ही नजर आ रही है।

अभी निवेशकों की नजर अमेरिकी चुनावों और फेड रिजर्व के परिणामों पर लगी हुई हैं। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों और घरेलू कंपनियों के तिमाही परिणाम इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिले मिश्रित रुझानों के बीच ही बाजार की शुरुआत लाल निशान पर हुई। बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती कारोबार में नीचे आये । सेंसेक्स 150 अंक की गिरावट के साथ 79,573 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 100 अंक की गिरावट के साथ 24,204 पर कारोबार कर रहा था। वहीं पिछले कारोबारी सत्र शुक्रवार को जब देश भर ने दीवाली मनाई गई तब शेयर बाजारों ने शाम को एक घंटे के लिए मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र आयोजित किया। मुहूर्त ट्रेडिंग में सेंसेक्स 335.06 अंक बढ़कर 79,724.12 पर बंद हुआ और निफ्टी 50 94.20 अंक बढ़त लेकर 24,299.55 पर बंद हुआ। वहीं चुनाव से पहले शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट उच्च स्तर पर बंद हुआ।

## त्योहारी सीजन में ईवी वाहन बाजार में रिकॉर्ड बिक्री हुई

**- ईवी का कुल पंजीकरण 2,17,716 वाहनों तक पहुंच गया**



**नई दिल्ली ।** त्योहारी सीजन ने अक्टूबर में भारत के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार को जबरदस्त रफ्तार दी। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में पिछले दो महीनों से जारी गिरावट का रुख पलट गया। महीने के दौरान ईवी का कुल पंजीकरण 2,17,716 वाहनों तक पहुंच गया जो सितंबर में हुई 1,60,237 वाहनों की बिक्री के मुकाबले 35 फीसदी अधिक है। यह इलेक्ट्रिक वाहनों की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री भी है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री का यह आंकड़ा मार्च के मुकाबले भी अधिक है जब 2,13,063 वाहनों की बिक्री हुई थी। मार्च में फेम-2 योजना के अंतिम दिनों की बिक्री से भी ईवी को रफ्तार मिली थी। मगर अक्टूबर के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल मांग में कितनी तेजी आई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों की मासिक बिक्री 2024 में दूसरी बार 2 लाख वाहनों के पार पहुंच गई। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों का कुल पंजीकरण बढ़कर 16 लाख के पार पहुंच गया। इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में दोपहिया सबसे बड़ी श्रेणी रही जहां कुल 9,54,241 वाहनों की बिक्री हुई। यह इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री का करीब 59 फीसदी है। उसके बाद 5,68,419 वाहनों यानी 35 फीसदी बिक्री के साथ इलेक्ट्रिक तिपहिया का स्थान रहा। इलेक्ट्रिक कार 83,802 वाहनों की बिक्री के साथ काफी पीछे रही, जबकि बस, ट्रक एवं निर्माण वाहनों की हिस्सेदारी 1 फीसदी रही। इस साल ईवी श्रेणी में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई, क्योंकि 15 लाख का आंकड़ा छूने में उसे महज 10 महीने लगे। इस उपलब्धि को हासिल करने में पिछले साल पूरे 12 महीने लगे थे। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के लिए अक्टूबर जबरदस्त महीना साबित हुआ। इस दौरान त्योहारी मांग के दौरान ग्राहकों ने नए वाहन खरीदने की होड़ लगा दी। अक्टूबर में न केवल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) ने भारी छूट के साथ खरीदारी को बेहतर बना दिया बल्कि केंद्र की पीएम-ई ड्राइव योजना से भी बिक्री को बढ़ावा मिला। सरकार ने दो वर्षों के लिए 10,900 करोड़ रुपये के साथ यह योजना 1 अक्टूबर को शुरू की थी। इसने विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहन श्रेणियों में सब्सिडी को लक्षित करते हुए बिक्री को बढ़ावा दिया। एनआरआई कंसल्टिंग ऐंड सॉल्यूशंस के एक विशेषज्ञ ने कहा कि प्रोत्साहन, त्योहारी उत्साह और शुभ मुहूर्त ने कुल मिलाकर ईवी बाजार को रफ्तार दी। महीने के दौरान खास तौर पर इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। अक्टूबर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री सितंबर के मुकाबले 50 फीसदी बढ़कर 1,39,097 वाहन हो गई। सितंबर में 90,372 ई-दोपहिया की बिक्री हुई थी। इस बीच इलेक्ट्रिक तिपहिया की बिक्री में भी 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई और वह सितंबर में 62,901 वाहनों के मुकाबले बढ़कर अक्टूबर में 67,170 वाहन हो गई।

# वित्त मंत्रालय ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली ।**



वित्त मंत्रालय ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह नियुक्ति डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के स्थान पर होगी जिनका विस्तारित कार्यकाल 14 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है।` आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का यह पद अर्थशास्त्रियों के लिए है। चयनित उम्मीदवार मौद्रिक नीति विभाग की देखरेख करेगा और दर निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति का सदस्य भी होगा। सार्वजनिक घोषणा में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार आवेदकों के पास भारत सरकार में सचिव या समकक्ष स्तर पर अनुभव सहित लोक प्रशासन में कम से कम 25 वर्ष का कार्य अनुभव या किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक वित्तीय संस्थान में कम से कम 25 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए। 15 जनवरी 2025 तक उम्मीदवारों की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 30 नवंबर है। केंद्रीय बैंक में चार डिप्टी गवर्नर होते हैं। मौद्रिक नीति विभाग की देखरेख के लिए एक अर्थशास्त्री, एक वाणिज्यिक बैंकर, तथा दो बैंक से लिए जाते हैं। नोटिस में कहा गया` कि यह ध्यान देने योग्य है कि वित्तीय क्षेत्र नियामक नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएएससी) योग्यता के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति की भी पहचान करने और सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र है, जिसने पद के लिए आवेदन नहीं किया है। समिति उत्कृष्ट उम्मीदवारों के संबंध में पात्रता और योग्यता/अनुभव मानदंड में छूट की भी सिफारिश कर सकती है। एफएसआरएएससी की अध्यक्षता मंत्रिमंडल सचिव करते हैं। समिति के अन्य सदस्यों में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, आरबीआई गवर्नर और तीन बाहरी विशेषज्ञ शामिल हैं। पात्रा को पहली बार जनवरी 2020 में तीन साल के कार्यकाल के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें दो बार एक साल का विस्तार दिया गया था।

## मैजिकपिन ने डिलीवरी चार्ज घटाया, 5 रुपए में घर आ जाएगा सामान

**मैजिकपिन के प्लेटफॉर्म शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की गई**

**नई दिल्ली ।**

ई-कॉमर्स ऐप मैजिकपिन ने प्लेटफॉर्म शुल्क घटाकर 5 रुपये प्रति डिलीवरी कर दिया है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह राशि इसके प्रतिस्पर्धियों के शुल्क के मुकाबले आधी है। जोमैटो और स्विगी ने लगभग दो सप्ताह पहले प्रति आपूर्ति प्लेटफॉर्म शुल्क में लगभग 42-67 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। मैजिकपिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मौजूदा कैलेंडर वर्ष के लिए प्लेटफॉर्म शुल्क में कमी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम त्योहारी सत्र के दौरान अपने आपूर्ति नायकों और अपने ग्राहकों की भलाई के लिए एक संतुलन बना सकते हैं। इसलिए मैजिकपिन का वादा है कि अधिक से अधिक लोग त्योहारी सत्र का आनंद उठा सकें। मैजिकपिन के प्लेटफॉर्म शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह साल के बाकी हिस्से के लिए केवल पांच रुपये है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के बाकी समय में खाद्य वितरण पर कोई शुल्क वृद्धि नहीं की जाएगी। जोमैटो ने प्लेटफॉर्म शुल्क सात रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया है। यह राशि ग्राहकों से प्रति ऑर्डर आपूर्ति शुल्क के अलावा ली जाएगी। स्विगी ने भी प्लेटफॉर्म शुल्क छह रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया है।

# रिद्धिमान साहा रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** नेशनल डेस्क। भारत के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा है कि मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन उनका आखिरी सीजन होगा।

बता दें कि बंगाल के 40 वर्षीय विकेटकीपर ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से 40 टेस्ट और नौ एकदिवसीय मैच खेले हैं। त्रिपुरा के साथ खिलाड़ी-संरक्षक के रूप में दो साल बिताने के बाद टीम में वापसी करने वाले साहा वर्तमान में बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथे दौर के मैच की तैयारी कर रहे हैं। वह भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के साथ बैठक के बाद बंगाल लौट आए थे।

उस समय साहा ने संकेत दिया था कि वह बीसीसीआई के सफेद गेंद वाले टूर्नामेंटों में हिस्सा नहीं लेंगे और प्रथम श्रेणी प्रारूप पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि बंगाल को रणजी का खिताब दिलाने में मदद मिल सके, जो 2019-20 में उनसे नहीं मिला था, जब वे पिछड़ गए थे। अपनी कटुतापूर्ण विदाई के कारणों पर ध्यान न देते हुए साहा ने प्रशासन में भूमिकाओं के बजाय कोचिंग में अवसर तलाशने की उत्सुकता व्यक्त करते हुए ÷केवल आगे देखने÷ पर जोर दिया था। पिछले साल केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर किए जाने से पहले साहा लंबे समय तक भारत की लाल गेंद टीम का हिस्सा थे। 2014 में एमएस धोनी के टेस्ट संन्यास के बाद भारत के पहली पसंद के विकेटकीपर बने साहा ने आखिरी बार भारत के लिए दिसंबर 2021 में खेला था, जब माना जाता था कि राहुल द्रविड़ के नेतृत्व वाले तत्कालीन टीम प्रबंधन ने उन्हें बताया था कि भारत आगे बढ़ रहा है। उस समय, जबकि वह यकीनन भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर थे, ऋषभ पंत के उद्भव ने इसे कठिन बना दिया, हालांकि साहा ने कई मौकों पर दूसरे विकेटकीपर की भूमिका निभाना जारी रखा। बंगाल लौटने पर साहा ने युवा अभिषेक पोरेल का गहन मार्गदर्शन किया, जिन्होंने बंगाल के लिए सभी प्रारूपों में नियमित खिलाड़ी बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। 22 वर्षीय विकेटकीपर हाल ही में मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन किए गए चार खिलाड़ियों में शामिल थे। जहां तक उनके अपने आईपीएल करियर की बात है, तो संभावना है कि साहा नीलामी में शामिल नहीं होंगे। अब तक साहा ने 2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद से इसके हर संस्करण में भाग लिया है और हाल ही में वह गुजरात टाइटन्स के साथ थे, जिसके साथ उन्होंने 2022 में खिताब जीता था।

साहा ने पहले कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया है, जिनके लिए उन्होंने 2014 के फाइनल में एक यादगार शतक लगाया था, जहां वे उपविजेता रहे थे। अंत में साहा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ÷क्रिकेट में एक शानदार सफर के बाद,



यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। मैं बंगाल के लिए आखिरी बार खेलने को लेकर गौरवान्वित हूं। रिटायरमेंट से पहले मैं सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलूंगा।÷

# पाक के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज आसान नहीं होगी : मैक्सवेल



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज आसान नहीं होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम को यहां एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी है। मैक्सवेल ने कहा कि पाकिस्तान की टीम अपनी अप्रत्याशित खेल शैली के कारण किसी को भी हैरान कर सकती है। मैक्सवेल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को पाक के खिलाफ घरेलू सीरीज में अपनी पूरी ताकत लगानी होगी क्योंकि पाक टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा।

मैक्सवेल ने उन चुनौतियों को भी बताया जिनका सामना ऑस्ट्रेलिया की टीम को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में करना पड़ सकता है। पाकिस्तान टीम नए कप्तान मोहम्मद रिजवान की अगुवाई में पहली सीरीज खेलेगी। मैक्सवेल ने कहा कि, मुझे लगता है कि हमें सीरीज में कठिन मुकाबले के लिए तैयार रहना चाहिए। इसका कारण है कि आप निश्चित नहीं हैं कि क्या हो सकता है और वे खेल के सभी क्षेत्रों में बहुत खतरनाक हैं। उनके पास अच्छे स्पिनर हैं, उनके पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं और उनके पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो उनके लिए मैच जीत सकते हैं। मैक्सवेल ने साथ ही कहा कि, मुझे लगता है कि जब आप इस सफेद गेंद वाली सीरीज में उनके खिलाफ खेलेंगे तो आप उन उतार चढ़ावों को देखेंगे और ये बहुत मनोरंजक होने वाला है। वे शानदार क्रिकेट खेलते हैं जहां सचमुच कुछ भी हो सकता है। हमारे लिए अपनी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना कठिन होगा, क्योंकि वे आपकी किसी भी योजना के लिए बहुत नुकसानदेह हो सकते हैं। पाकिस्तान में इस बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी चाहिये। पाक राष्ट्रीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 4 नवंबर से 10 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया के अलग अलग मैदानों पर खेलेगी। पहला मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा, इसके बाद 8 नवंबर को एडिलेड में दूसरा एकदिवसीय खेला जाएगा. तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम मैच पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी।

# एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं श्रेयस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में चार भारतीय भी हैं। इसमें नंबर एक पर हैं श्रेयस अय्यर। आजकल भारतीय टीम से बाहर चल हरे श्रेयस ने एक ओवर में 31 रन बनाए हैं। श्रेयस ने साल 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ये रिकॉर्ड बनाया था। श्रेयस ने विशाखापत्तनम एकदिवसीय में वेस्टइंडीज के गेंदबाज रोस्टन चेज के एक ही ओवर में 31 रन बना दिये थे।इस दौरान श्रेयस ने 4 छक्के और एक चौका लगाया था। श्रेयस ने तब 32 गेंदों पर 53 रन बनाये थे। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर दूसरे नंबर है हैं। सचिन ने 1999 में हैदराबाद में हुए एकदिवसीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक ओवर में ही 28 रन बटोर थे। सचिन ने तब क्रिस ड्रूम के एक ओवर में ही चौकों और छक्कों के साथ 150 गेंदों पर 186 रन बनाये थे।

तीसरे नंबर पर तेज गेंदबाज जहीर खान का नाम है। जहीर ने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए जोधपुर एकदिवसीय में एक ओवर में 27 रन बना दिये। जहीर ने रन तेज गेंदबाज हेनरी ओलंगा के ओवर में बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 4 छक्के लगाये थे। इसके अलावा चौथे नंबर पर पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं। सहवाग ने साल 2005 में श्रीलंका के खिलाफ एक ओवर में 26 रन बटोरे थे जिसमें 5 चौके और एक छक्का लगा था। सहवाग ने ये रन श्रीलंका के गेंदबाज दिलहारा लोकुहेटिज की गेंदों पर बनाए थे।

# सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम से किया विशेष आग्रह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ÷भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेलने का आग्रह किया है। भारत को इंडिया ए के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच खेलना था, जिसे उन्होंने रद्द कर दिया है। हालांकि गावस्कर ने टीम को मैचों के बीच अभ्यास मैच खेलने की सलाह दी है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि जो युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेले हैं, उन्हें खुद को परिस्थितियों के अनुकूल ढाल लेना चाहिए। ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलेंगे और इसलिए उन्हें गति और उछाल के अभ्यस्त होने में कुछ समय लग सकता है। गावस्कर ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि उन्हें अभ्यास मैच खेलना चाहिए। टेस्ट मैचों के बीच के अंतराल में उन्हें वास्तव में अभ्यास मैच खेलने चाहिए। जरूरी नहीं कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए। लेकिन जूनियर खिलाड़ियों के लिए भी जिन्होंने



पहले कभी ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है। यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल्स ये सभी युवा बल्लेबाज हैं। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया ए टीम या क्वींसलैंड जैसी स्टेट टीम के खिलाफ भी। जूनियर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में उछाल और पिचों के अभ्यस्त होने का अवसर दिया जाना चाहिए।' गावस्कर ने आगे भारत को सलाह दी कि वे जितना हो सके उतना अभ्यास करें और थ्रो डाउन के बजाय नियमित गेंदबाजी खेलने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, 'बस खुद पर भरोसा रखें। जितना हो सके उतना अभ्यास करें। मुझे लगता है कि थ्रोडाउन का सामना करना कुछ हद तक फायदेमंद है। लेकिन नियमित गेंदबाजी का सामना करना ज्यादा जरूरी है। तेज गेंदबाजों का सामना करें। बेशक (जसप्रीत) बुमराह का नहीं, क्योंकि बुमराह आपको मार सकते हैं। लेकिन आप दूसरों से 22 गज की बजाय 20 गज की दूरी से गेंदबाजी करने के लिए कह सकते हैं। इसलिए, गेंद जल्दी बल्ले पर आती है।' इस बीच, घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक वाइटवॉश के बाद भारत खुद को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) स्टैंडिंग में एक अनिश्चित स्थिति में ला बैठा है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम 58.33त्न अंक प्रतिशत के साथ स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है और अब उसे WTC फाइनल के लिए अपने दम पर क्वालीफाई करने के लिए अपने अगले पांच मैचों में से चार जीतने की जरूरत है। इसलिए भारत को अपने तीसरे लगातार फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए आगामी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराने की सख्त जरूरत है, जो इस समय एक बहुत बड़ा काम है।

## शमी मध्यप्रदेश के खिलाफ होने वाले रणजी मुकाबले से वापसी करेंगे

नई दिल्ली । भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब रणजी ट्रॉफी के जरिये अपनी फिटनेस साबित करने उतरेंगे । शमी टखने की सर्जरी के बाद से ही टीम से बाहर हैं । ऐसे में अब वह घरेलू क्रिकेट से अपनी फिटनेस हासिल करना चाहते हैं । शमी के मध्य प्रदेश के खिलाफ 13 नवंबर से इंदौर में होने वाले मुकाबले में अपनी घेरलू टीम बंगाल की ओर से खेलने की संभावनाएं हैं । शमी हालांकि कर्नाटक के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेलेंगे ।शमी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में आराम से वापसी करना चाहते हैं जिससे चोटिल होने का खतरा न रहे । शमी ने हाल में द एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के नेट्स में शुभमन गिल को गेंदबाजी भी की थी । इसके बाद शमी ने एक कार्यक्रम में कहा कि वह अब उन्हें दर्द नहीं है, इसलिए वह कुछ घरेलू मैच खेलेंगे । अब देखना होगा कि शमी 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं । शमी ने अंतिम बार एकदिवसीय विश्वकप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल खेला था । उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं ।

# यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत किस तरह वापसी करता है : गिलक्रिस्ट


नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर–बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3–0 की हार के बाद भारत जिस तरह वापसी करेगा, उसे देखना दिलचस्प होगा, जब वे आगामी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेंगे।



भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3–0 की अभूतपूर्व हार झेलने के बाद इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा जो 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर उसकी पहली टेस्ट सीरीज हार है। गिलक्रिस्ट ने कहा, 'मैं उनसे आसानी से हारने की उम्मीद नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि उस हार और इस तथ्य के बाद कि यह एक क्लीन स्वीप था – मुझे याद नहीं है कि उनके साथ ऐसा कब हुआ है, सिर्फ एक सीरीज हारना, क्लीन स्वीप की तो बात ही छोड़िए। मुझे लगता है कि इससे आंतरिक रूप से कुछ सवाल उठेंगे और एक जुनूनी क्रिकेट राष्ट्र से उस बदलाव को देखने का दबाव, अपेक्षा और इच्छा, उन सभी खिलाड़ियों के कंधों पर भारी पड़ेगी ।' गिलक्रिस्ट ने कहा, 'वहां (टीम में) कुछ उम्रदराज खिलाड़ी हैं जो शायद खुद पर थोड़ा संदेह करना शुरू कर दें । उस भारतीय टीम में कुछ उच्च श्रेणी के क्रिकेटर हैं । यह देखना दिलचस्प होगा कि वे उस चुनौती से कैसे उबरते हैं ।'

# गंभीर पर उठ रहे सवाल , ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो बढ़ेंगी मुश्किलें

मुम्बई । भारतीय टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार से टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवाल उठने लगे हैं । गंभीर को अभी तीन माह पहले ही कोच बनाया गया था । उसके बाद से ही भारतीय टीम का प्रदर्शन कुछ विशेष नहीं रहा है । गंभीर को टीम चयन मामलों में भी पूरे अधिकार दिये गये थे उसके बाद भी वह परिणाम नहीं दे पाये हैं । अब गंभीर की ऑस्ट्रेलिया दौरे में कड़ी परीक्षा होगी। वहीं अगर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहता तो गंभीर की मुश्किलें बढ़ जाएंगी । गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम 27 साल में पहली बार श्रीलंका से एकदिवसीय सीरीज हारी । इसके बाद अब उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का शिकार होना पड़ा है । इससे पहले भारतीय टीम कभी भी तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में नहीं हारी है।



हालांकि उनके बचाव में कहा जा रहा है कि टीम के साथ कोच केवल योजना ही बना सकता है पर स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जानने के बाद भी मुंबई में पूरी तरह से स्पिनरों की सहायक पिच बनाने पर भी सवाल उठे हैं। मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को नाइटवाचमैन के रूप में भेजने और पहली पारी में सरफराज खान को आठवें नंबर पर भेजने पर भी सवाल उठ रहे हैं । बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'गंभीर को ऐसा अधिकार दिया गया है जो इससे पहले कोच रहे रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ को नहीं मिला था। बीसीसीआई के नियम कोच को चयन समिति की बैठकों का हिस्सा बनने की अनुमति नहीं देते हैं पर ऑस्ट्रेलिया दौरे की चयन बैठक के लिए गंभीर को अपने सुझाव देने का अवसर दिया गया । ' बोर्ड के इस अधिकारी ने कहा, 'दौरे के महत्व को देखते हुए मुख्य कोच को इसमें भाग लेने की अनुमति दी गई थी ।'

# वसीम अकरम का दावा- टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान भारत को हरा देगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एक साहसिक दावा किया कि पाकिस्तान टेस्ट प्रारूप में टर्निंग ट्रैक पर भारत से आगे निकलने की क्षमता रखता है। भारतीय टीम को बीते दिनों ही अपने टर्निंग ट्रैक पर न्यूजीलैंड से शर्मनाक सीरीज हार मिली थी, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में चल रही है। रविवार को न्यूजीलैंड ने वो कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत को 12 साल बाद घरेलू मैदान पर पहली बार टेस्ट सीरीज में हार दिलाने के बाद कीवी टीम 24 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत का सूपड़ा साफ करने वाली पहली टीम बन गई है।

पाकिस्तान और भारत आखिरी बार 2007 में एक ही स्थान पर टेस्ट मैच खेलने उतरे थे, जिसे भारत ने जीता था। तब से एशियाई दिग्गज आईसीसी और एशिया कप टूर्नामेंट में एक-दूसरे से भिड़े नहीं हैं। हाल के नतीजों के बाद कीवी टीम अपनी



अप्रत्याशित जीत का जश्न मना रही है। वसीम को लगता है कि पाकिस्तान के पास बॉल टर्नर के पक्ष में घूमने वाली पिचों पर भारत को हराने की क्षमता है।

अकरम ने सोमवार को पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले वनडे की कमेंट्री के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान के पास स्पिनिंग ट्रैक पर अब भारत को टेस्ट में हराने का मौका है। उन्हें न्यूजीलैंड ने घरेलू मैदान पर 3-0 से हराया है। बता दें कि जहां भारत को स्पिनिंग ट्रैक पर हार का स्वाद चखना पड़ा, वहीं पाकिस्तान ने इंग्लैंड पर अपनी हालिया घरेलू सीरीज जीत के दौरान ऐसी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुल्तान में हैरी ब्रूक और जो रूट की यादगार पारी के बाद पाकिस्तान शुरुआती टेस्ट हार गया। लेकिन इसके बाद नई चयन समिति ने कुछ नए चेहरों को टीम में शामिल किया जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। आगामी दो टेस्ट के लिए स्पिनिंग ट्रैक तैयार किए गए थे। साजिद खान और नोमान अली ने सूखी हुई सतहों पर शानदार प्रदर्शन किया और 40 में से 39 विकेट हासिल किए और पाकिस्तान को सीरीज जीत दिलवा दी।

# सामने आई आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन की तारीख, जानें कब–कहां होगा आयोजन



नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आगामी बड़ी नीलामी नवंबर 2024 के अंतिम हफ्ते में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में होना तय हुआ है । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि कर दी है ।

## आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन का वेन्यू

आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन की तारीख और वेन्यू को लेकर लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अब इसे भारत के बाहर आयोजित किया जा सकता है । अब यह लगभग तय हो चुका है कि मेगा ऑक्शन सऊदी अरब की राजधानी रियाद में है । बीसीसीआई ने रियाद को चुने जाने का कारण वहां की बेहतरीन लॉजिस्टिकल सुविधा को बताया है ।

## कब होगा आयोजन

बीसीसीआई के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एजेंसी को बताया, 'आईपीएल नीलामी रियाद में होगी और यह फ्रेंचाइजी को बता दिया गया है । संभावित तिथियां 24 और 25 नवंबर हैं । आईपीएल के वैश्विक विस्तार को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया जा सकता है ।

## स्टार खिलाड़ियों के लिए लगेगी बोली

इस बार नीलामी बड़ी होगी जिसमें ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे भारत के स्टार खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी । 10 फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 641.5 करोड़ रुपये की राशि है । इन 204 स्थानों में से 70 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं । अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने 46 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार रखने) करेन के लिए सामूहिक रूप से 558.5 करोड़ रुपये खर्च किए हैं ।

# आलोचकों पर बरसे रोहित राजपाल, खिलाड़ी जब तक चाहें तभी तक कप्तान बना रहूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के गैर खिलाड़ी डेविस कप टेनिस कप्तान रोहित राजपाल ने अपने आलोचकों पर निशाना साधा है। राजपाल ने कहा है कि कुछ लोग डेविस कप कप्तान के रूप में मेरी योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं पर ऐसे लोगों को समझना चाहिये कि मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो जबरदस्ती कप्तान बना रहे। साथ ही कहा कि मैं तभी तक कप्तान रहूंगा जब तक कि खिलाड़ी चाहेंगे। राजपाल स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारतीय टीम की 0- 4 से हार के बाद से ही आलोचना झेल रहे हैं। उसी को लेकर इस खिलाड़ी ने कहा कि कि मैं भारतीय टेनिस समुदाय का हिस्सा हूं और उससे सभी प्रकार से जुड़ा हूं। टेनिस मेरा जीवन है इसलिए मैं भारतीय टेनिस समुदाय के




बारे में कोई भी गलत बात नहीं सोच सकता।

राजपाल ने कहा , ' मैं किसी का इस तरह अनादर करने की सोच भी नहीं सकता हालांकि गुस्से में एक बार मैंने आक्रामक प्रतिक्रिया दी थी पर मुझे इस प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिये थी। उस समय मेरी टीम मेरे साथ बैठी थी ऐसे में अलोचना से मैंने अपमानित सा महसूस किया इसलिए आलोचकों को लेकर कहा कि कौन मुझे बाहर करना चाहता है। राजपाल 2019 में कप्तान बने थे जब तत्कालीन कप्तान महेश भूपति ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था। उनकी नियुक्ति के समय उनकी योग्यता पर सवाल उठाये गए थे क्योंकि उन्होंने अपने कैरियर में एकमात्र डेविस कप मैच कोरिया के खिलाफ 1990 में खेला था। वह 1990 बीजिंग एशियाई खेल में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वहीं यह पूछने पर कि क्या वह डेविस कप में भारत की कप्तानी के योग्य हैं , राजपाल ने कहा , '' यह फैसला कार्यकारी समिति लेती है। उसमें कई लोग हैं जो टेनिस जानते हैं और बहुत साल से खेल प्रशासन में है और वे संतुलित फैसले लेते हैं।'' उन्होंने कहा , '' जिस दिन मुझे लगेगा कि खिलाड़ियों को लग रहा है कि कोई और बेहतर काम कर सकता है तो मैं स्वयं पद छोड़ दूंगा।

# संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा की तकनीक में एक बड़ी खामी को किया उजागर

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने टेस्ट में खराब फॉर्म के बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तकनीक में एक बड़ी खामी को उजागर किया है। भारतीय कप्तान अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं और भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। रोहित की टेस्ट में उनके आक्रामक रवैये के लिए आलोचना की गई है क्योंकि वह बड़े शॉट खेलते हुए आउट हो रहे हैं।

रोहित की तकनीक का विश्लेषण करते हुए मांजरेकर ने कहा, 'मैं कभी नहीं कहूंगा कि वह लापरवाह है क्योंकि वह रन बनाने और टीम को जीत दिलाने के लिए अपना खुद का तरीका ढूंढ रहा है। वह स्पष्ट रूप से अब अपने डिफेंस पर भरोसा नहीं करता है, आप देख सकते हैं कि, एक एलबीडब्ल्यू अपील थी और इससे वह और भी अधिक अस्थिर महसूस कर रहा होगा। इसलिए अगली चीज जो वह करने की कोशिश करता है वह है जवाबी हमला और उसने ऐसा किया क्योंकि लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था, और कौन जानता है कि यहां-वहां कुछ शॉट और वह शायद बांग्लादेश के रन चेज को दोहरा सकता था।'

मांजरेकर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज अपने बड़े शॉट को गलत तरीके से मार रहा है, जिसने हाल के दिनों में उसे नीचे गिरा दिया है। उन्होंने कहा, 'लेकिन आउट होने के लिए उन्होंने जो शॉट खेला, उसमें वह गेंद को सिर्फ कनेक्ट करने के बजाय स्टैंड में मारने की कोशिश कर रहे थे। वह अपने कुछ बड़े शॉट से चूक रहे हैं। पहले टेस्ट मैच में भी ऐसा ही हुआ था, जिसमें उन्होंने आगे बढ़कर गेंद को मैदान से बाहर मारने की कोशिश की थी, इसलिए वह अपने कई आक्रामक शॉट गलत मार रहे हैं और उन्हें अपने डिफेंस पर पूरा भरोसा नहीं है। इसलिए रोहित शर्मा के लिए यह वर्तमान में एक बड़ी समस्या है।'

मौजूदा घरेलू टेस्ट सीजन में अब तक रोहित ने दस पारियों में 13.30 की औसत से 133 रन बनाए हैं जिसमें उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है। भारतीय कप्तान का फॉर्म चिंताजनक रहा है क्योंकि उन्हें अगली बार पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है।



# रोहित और विराट ने दिलीप ट्रॉफी में खेलने से मना किया था

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद एक बार फिर अनुभवी खिलाड़ियों के अभ्यास मैच नहीं खेलने का सवाल उठा है । वहीं एक रिपोर्ट के अुनसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट सीरीज से पहले तैयारी के लिए दलीप ट्रॉफी में खेलने को कहा था पर इन दोनो ने ही इंकार कर दिया था । भारत को न्यूजीलैंड ने तीनो ही मैच हराये । तीसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी क्रम 147 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए बिखर गया. भारत तीसरा और अंतिम टेस्ट 25 रनों से हार गया । केवल ऋषभ पंत ही खेल पाये । इससे एक बार फिर सीरीज से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने की कमी उभरकर सामने आई है ।/ रिपोर्ट केअनुसार रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को चयन समिति ने दलीप ट्रॉफी में खेलने का अवसर दिया था पर इन्होंने थकान की बात करते हुए मना कर दिया था । न्यूजीलैंड के खिलाफ चुनी गई टीम में शामिल केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने ही अभ्यास मैच खेला था । .

## संक्षिप्त खबरें

### डीईओ ने बीएलओ सुपरवाईजरों संग की बैठक



**मेदिनीनगर (पलामू) (बिभा):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में जिले के पांचों विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी,सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी,सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी बीएलओ सुपरवाईजरों संग बैठक की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सर्वप्रथम प्रखंडवार वोटर इनफार्मेशन स्लीप के वितरण की जानकारी की। इस दौरान जिस प्रखंड में 75 प्रतिशत से कम वितरण हुआ है उसकी विशेष समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी को अगले दो दिनों में शतप्रतिशत वितरण कराने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि वितरण के दौरान इस बात का विशेष ख्याल रखा जाये कि वोटर इनफार्मेशन स्लीप उसी मतदाता को ही दिया जाये जो स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को अबसेंट,शिफ्टेड एवं डेथ(एएसडी) मतदाताओं की सूची तैयार करने को कहा,सूची तैयार करने में किसी तरह की कोई चूक नहीं हो,इसका विशेष ध्यान रखने पर बल दिया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान केंद्र के मतदाताओं के बीच विभिन्न गतिविधि का आयोजन करने का निर्देश दिया।इस कार्य में बीएजी का सहयोग लेने की बात कही।इसी तरह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग की प्रगति,एएमएफ वेरिफिकेशन सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

### मतदान दल ने पोस्टल बैलेट से मतदान



**लोहरदगा(बिभा)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों का प्रशिक्षण आज नदिया हिन्दू सीएम उत्कृष्ट उच्च विद्यालय में दो पालियों में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में शामिल हुए मतदान दल के पदाधिकारियों ने विद्यालय में बनाये गए तीन पोस्टल बैलेट सेंटर में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। प्रशिक्षण 05 नवम्बर तक चलेगा और साथ-साथ पोस्टल बैलेट से वोट भी होगा। कल प्रथम पाली में ही प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में विधानसभावार ईवीएम का दूसरा रेंडमाइजेशन किया



**दुमका(बिभा) :** एनआईसी दुमका में जिले के सभी 4 विधानसभा यथा 10-दुमका अ.ज.जा,12-जरमुंडी ,07-शिकारीपाड़ा अ.ज.जा एवं 11-जामा अ.ज.जा का सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में विधानसभावार ईवीएम का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। दूसरा रेंडमाइजेशन के द्वारा सभी चार विधानसभा के मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीन की टैगिंग की गयी। इस दौरान 10-दुमका (अ.ज.जा) के 286 बीयू,सीयू तथा वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया। 07-शिकारीपाड़ा अ.ज.जा के लिए 261 बीयू,सीयू तथा वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया।12-जरमुंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 600 बीयू,300 सीयू तथा वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया वहीं 11-जामा अ.ज.जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 540 बीयू एवं 270 सीयू तथा वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया। सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में पोलिंग पर्सनल का पार्टी फार्मेशन भी किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**लोहरदगा(बिभा)।** कुडू थाना क्षेत्र में एसपी हारिस बिन जमां को मिली गुप्त सूचना पर करवाई करते हुए एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अपराधकर्मी घटना को अंजाम देने के फिराक में था। पुलिस अधीक्षक हरीस बिन जमा के निर्देश पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा एवं कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो की अगुवाई में सलगी के कोलपारा में छापेमारी करते हुए एक देशी कट्टा एवं एक बुलेट के साथ कोलपारा निवासी चरकु सिंह के 29 वर्षीय शिव कुमार सिंह को उसके घर से गिरफ्तार करते हुए कांड संख्या 110/24 दर्ज करते हुए आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने बताया कि आरोपी शिव कुमार का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी पर गुमला जिले के बसिया और करंज थाना में लूटपाट और हत्या का मामले दर्ज है। अपराधकर्मी डेढ़ माह पूर्व ही जेल से बेल पर छुटा था।

### पलामू में तीन दिनों से लापता नाबालिग लड़की का शव कुएं से मिला, दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

**पलामू(बिभा)।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बभंडी गांव में 12 वषीर्या नाबालिग लड़की लाडली खातून का शव सोमवार को कुएं से मिला। वह तीन दिनों से लापता थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेजा गया है। शव मिलने के बाद चैनपुर थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग की गयी। लाडली शुक्रवार शाम पांच बजे सिले हुए कपड़े गांव के ही मंटू सिंह के घर देने के लिए गयी थी। इसके बाद से वह लापता हो गयी थी। इस संबंध में सनहा दर्ज कराने के बाद परिजन उसे ढूंढने में लगे थे लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इस बीच सोमवार को लाडली के घर से 400 मीटर दूर ब्रजेश दुबे के कच्चे कुएं में उसका शव देखा गया। कुएं से भयंकर दुर्गंध आ रही थी। ब्रजेश के पुत्र पंकज दुबे ने किशोरी का शव देखा। घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलने पर पलामू के अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उनके साथ चैनपुर, रामगढ़ और टाउन थाना क्षेत्र की पुलिस भी मौके पर पहुंची। उप प्रमुख सुनील सिंह, जिला परिषद सदस्य फजायल अहमद, मुखिया पति अजमल अंसारी, विधायक प्रत्याशी अजय सिंह चेरो के अलावा अन्य लोग भी पहुंचे। खोजी कुता के सहारे जांच की गयी।

#### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों की समीक्षा की

# निर्वाचन कार्य में छोटी लापरवाही भी बर्दाश्त नहीं : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

बिभा संवाददाता

**पलामू :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को पांचो विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारियों,विभिन्न कोषांगों व उनके प्रभारी पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की गयी।इस दौरान उन्होंने एक-एक कर सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत हुए।इसमें मुख्य रूप से ईवीएम/वीवीपैट कोषांग, सामग्री कोषांग,वाहन कोषांग,एमसीसी सेल,निर्वाचन कोषांग,पोस्टल बैलेट सेल,सेवा मतपत्र,मीडिया कोषांग आदि की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने दिनांक 3 नवंबर को होम वोटिंग व सुविधा केंद्र पर कितना मतदान हुआ से संबंधित पूरी जानकारी ली।इसी तरह उन्होंने पांचो विधानसभा में वोटर इनफार्मेशन स्लिप के वितरण की भी जानकारी ली।

बैठक में उन्होंने सभी से स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में छोटी लापरवाही को भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।इस दिशा में आवश्यक हो जाता है कि पूरे चुनाव प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन हो।बैठक में उन्होंने सेक्टर पदाधिकारी का तामिला,स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी ली।उन्होंने बीएलओ को असिस्ट करने को लेकर जो वॉलिंटर्स रहेंगे उनको प्रशिक्षित करने पर बल दिया।इसी तरह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने अन्य कई बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

### राजनीतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न



**पलामू :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत आगामी 13 नवंबर को जिले में होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपीएटी मशीनों की द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में किया गया। रेंडमाइजेशन का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक मनीष कुमार,पटेल आनंद बाबूलाल,पदुम सिंह अलमा,व टी.के शिबु व सभी पांचों निर्वाचि पदाधिकारियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से हुई द्वितीय रेंडमाइजेशन में सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए संख्यानुसार बूथ वाइज ईवीएम मशीन निर्धारित कर दी गयी है।उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की जाती है। उन्होंने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन के दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन तथा रि-रेंडमाइजेशन करके दिखाया गया और इसके उपरांत उनकी सहमति लेकर मशीनों के डेटा को फाइनल किया गया।

## झारखंड में बनेगी एनडीए की सरकार :नेहा

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा:** आजसू भाजपा जदयू एवं एल जी पी यानी एनडीए गठबंधन को जनता के मिल रहे अपार समर्थन से इंडी गठबंधन की हवाइयां उड़ी हुई है। जनता इंडी गठबंधन के पिछले 5 वर्ष के भ्रष्ट शासन को देखकर जनता तंग आ चुकी है। और इससे यथाशीघ्र पीछा छुड़ाना चाहती है। यह सरकार दोबारा आ गई तो राज्य को तबाही के कगार पर ले जायेगी। यह सरकार युवा विरोधी, महिला विरोधी ,बेरोजगारी बढ़ने वाला है। इससे ना कोई खुश है और ना किसी तरह की उम्मीद है। इसलिए इस सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। इस सरकार का समय पूरा हो चुका है। यह जन विरोधी सरकार अब नहीं चलेगी। जनता ने ठान लिया है ,कि इस बार लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को हर हाल में जीता कर विधानसभा भेजना है और इस राज्य में एनडीए का सरकार बनाना है। जिससे युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा मिल सके, ना कि इस सरकार की तरह बिना सिर पैर की योजना लाई जाती है। जैसे ?1000 देकर बेवकूफ बनाने का काम किया गया है। वह भी आखरी समय में ,यही योजना अगर यह सरकार चाहती तो अपने शुरूआती वर्षों में ही शुरू कर सकती थी। लेकिन सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाने के लिए आखिरी के महीने में यह योजना लाई और ?1000 देने का कार्य किया। जो सिर्फ ठगने का काम है ।सरकार चाहती तो एक-एक घर को महंगाई से निजात दिला सकती थी ।परंतु राज्य के मुखिया की सोच ही सही नहीं है वह जनता के बारे में सोच ही नहीं पाते। स्थानीय विधायक भी इतने अच्छे विभाग के मंत्री होकर जिला के लिए कुछ नहीं कर पाए। सिर्फ 5 साल घूम कर बिता दिया उपलब्धि गिनाने के लायक इनके पास कुछ भी नहीं है ।कोई भी बड़ा कार्य यह नहीं कर पाए हैं ।कांग्रेस जिस तरह से पिछले 70 सालों में मूलभूत सुविधा नहीं दे पाई ।यह सरकार भी और विधायक भी कुछ नहीं दे पाए तथा उम्मीद नहीं है कि आगे भी कुछ कर पाएंगे इसलिए इस बार जनता ने ठान लिया है कि एनडीए की सरकार बनेगी ।उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो ने आज पदयात्रा के दूसरे दिन भंडारा प्रखंड के विभिन्न गांव में कहीं ।आज की पदयात्रा उदारंगी अंबेरा आकाशी भिठ्ठा बड़ागाई चट्टी भंडारा पंडरिया आदि गांवों में हुआ जिसमें लोहरदगा प्रभारी नेहा महतो एवं एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत के साथ सैकड़ो कार्यक्रता सम्मिलित हुए और जनता के बीच जाकर नीरू शांति भगत की जीत के लिए जनता से वोट मांगा।

## 85 वर्ष से उपर की उम्र और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त होम वोटिंग की सुविधा का आज 85 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाताओं (40 प्रतिशत से अधिक) ने लाभ उठाया और अपने घर पर ही रहकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोहरदगा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निदेश पर गठित होम वोटिंग टीम द्वारा मतदाताओं को सुविधाएं दी गई और उनका सहयोग किया गया। चिन्हित मतदाताओं के घर पर पहुंच कर टीम की ओर से प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर, बीएलओ ने वोटिंग की प्रक्रिया को संपन्न कराया और इस दौरान आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन कराया गया।

होम वोटिंग कराने के लिए जिला में कुल 11 टीमें बनायी गई हैं। इसमें तीन टीमें नगर परिषद क्षेत्र, एक टीम कैरो प्रखण्ड, एक टीम कुडू प्रखण्ड, भण्डरा प्रखण्ड में 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र और 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक टीम, सदर प्रखण्ड लोहरदगा में दो टीमें, किस्को प्रखण्ड में एक टीम और सेन्हा प्रखण्ड में 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक टीम गठित की गई है। 85 वर्ष की उम्र से अधिक और दिव्यांग (40 प्रतिशत से अधिक) मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा 03 से 07 नवंबर तक तथा 09 नवंबर से 10 नवंबर के बीच मिलेगी। यह वोटिंग सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक सभी प्रखण्डों में होगी।

## पुलिस के हत्थे चढ़े चार साइबर अपराधी, मोबाइल, सीम समेत कई सामान बरामद

बिभा संवाददाता



**जामताड़ा :** जामताड़ा पुलिस को फिर एक बड़ी सफलता हाथ लगी। जब पुलिस ने चार साइबर अपराधी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने अपराधियों के पास से कई सामान भी बरामद की है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि कुछ साइबर अपराधी साइबर अपराध की घटना को अंजाम दे रहे है। जिसके बाद एक टीम गठित कर करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सिंदरजोरी और मठटांड़ गांव में छापेमारी कर चार साइबर अपराधी को साइबर अपराध करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अपराधियों में मिराज अंसारी, शब्बीर अंसारी, आसिफ अंसारी, महबूब अंसारी शामिल है। पुलिस ने उन साइबर अपराधियों के पास से 15 मोबाइल और 17 सिम कार्ड बरामद किया गया है। वहीं इसमें से दो साइबर अपराधी मिराज अंसारी और शब्बीर अंसारी पूर्व में भी साइबर अपराध के मामले में जेल जा चुका हैं। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर ने साइबर क्राइम थाना जामताड़ा में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सभी साइबर अपराधी पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों को क्रेडिट कार्ड और बिजली बिल का झांसा देकर ठगी करता था। सभी साइबर अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जामताड़ा जेल भेज दिया गया।

## छठ को लेकर नवादा जिला प्रशासन मुस्तैद : डीएम और एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

बिभा संवाददाात



**नवादा :** नवादा में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। डीएम से लेकर पुलिस अधिकारी तक हर कोई छठ पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। इस बीच नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने शहर के मिजार्पुर में स्थित सूर्य मंदिर घाट का निरीक्षण किया, जहां उनके साथ पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान भी मौजूद थे। बता दें कि नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय आस्था और उपासना के महापर्व छठ की शुरूआत 5 नवंबर से होने वाली है। ऐसे में छठ घाटों पर पूजा की तैयारियों को लेकर डीएम और एसपी निरीक्षण कर रहे हैं। डीएम रवि प्रकाश ने उपस्थित अधिकारियों को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए, जहां पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने सुरक्षा से जुड़े तमाम इंतजामों की जांच की।

इसमें घाटों की साफ-सफाई, सीसीटीवी, पानी की सही व्यवस्था जैसी चीजों का जायजा लिया गया है। डीएम रवि प्रकाश ने बताया कि छठ घाटों पर प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्था की जा रही है। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध रहेगी। अधिक पानी वाले छठ घाटों पर तैराक/ गोताखोरों की तैनाती की गई है। छठ महापर्व का अनुष्ठान शुरू होने से पहले सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। छठ घाटों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ काफी संख्या के साथ सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है।

डीएम रवि प्रकाश ने सुनिश्चित किया कि छठ पूजा के लिए बनाई जा रही व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप हों और किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते ठीक किया जाए। नवादा प्रशासन छठ व्रतियों की सुविधा के लिए पूरी तत्परता से काम कर रहा है ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम तरीके से पूजा संपन्न कर सके।

## पोलिंग पार्टी को दिया गया प्रशिक्षण

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी (पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, तृतीय पदाधिकारी व चतुर्थ पदाधिकारी) का प्रशिक्षण सीएम जिला उत्कृष्ट हिंदु उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया। आज प्रथम पाली में 350 और द्वितीय पाली में 366 मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में आइटीडीए परियोजना निदेशक, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, निवार्ची पदाधिकारी 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र समेत 14 असिस्टेंट लेवल मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में पदाधिकारियों को उनके दायित्व, सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किये जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई। पदाधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन कार्य एक बहुत ही संवेदनशील कार्य है जिसे अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाता है। पदाधिकारियों का कार्य मतदान के पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के उपरांत सभी समय होता है। सभी मतदान केंद्रों के पहुंच पथ की जानकारी, मतदान केंद्र में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी होनी चाहिए। अगर नहीं है तो उसकी जानकारी दी जानी चाहिए। मतदाताओं निर्भीक होकर मतदान कराने में सभी पदाधिकारी के कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान दिवस के पूर्व मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी, मतदान सामग्री की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चिता जैसे कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान के दिन किसी ईवीएम या वीवीपैट में खराबी आने पर आवश्यक कार्रवाई, समय समय पर रिटर्निंग ऑफिसर को विभिन्न रिपोर्ट भेजे जाने समेत अन्य विस्तृत जानकारी पदाधिकारियों को दी गई। साथ आवश्यक प्रारूप में रिपोर्ट दिए जाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। 05 नवम्बर 2024 को प्रशिक्षण का अंतिम दिन होगा जिसमें प्रथम पाली में कुल 288 मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। द्वितीय पाली में प्रशिक्षण नहीं होगा।

## दुष्कर्म का प्रयास करने वाले को जेल, मामला दर्ज

बिभा संवाददाता



**जामताड़ा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के लड़की के साथ बलात्कार करने का प्रयास करने को मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता की मां द्वारा नाला थाना में एक लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। तत्पश्चात नाला पुलिस ने आरोपी रंजीत गोरांई (28) को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। घटना शनिवार की है। आवेदन के अनुसार आवेदिका की बेटी शनिवार शाम को अपने गांव स्थित बहियार में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान मथुराडीह गांव के आरोपी रंजीत गोरांई के द्वारा उक्त लड़की को बलात्कार करने को लेकर प्रयास किया गया। हालांकि किसी तरह युवती अपने आप को बचाते हुए अपने घर पहुंची। तथा घटना के बारे में परिजनों को बताई। घटना को लेकर पिछले रविवार देर शाम को नाला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस संबंध में नाला थाना में कांड संख्या 99/24 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

घटना को लेकर थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ हीं घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से तफ्तीश की जा रही है।

# भाजपा नहीं चाहती राज्य का विकास: कल्पना सोरेन

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग** : झारखंड चुनाव में स्टार प्रचारक जोर-शोर से प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं. इसी कड़ी में कल्पना सोरेन ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बंडासिंघा मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित किया. जेएमएम की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन जानकी प्रसाद के लिए लोगों से वोट मांगा है. इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर भड़ास निकाली. उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य का विकास नहीं देखना चाहती है.

उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति ने हमारे राज्य की महिला विकास योजनाओं को ठप करने का काम किया. भाजपा के कारण ही पूरे पांच महीने तक प्रदेश का विकास काम प्रभावित हुआ. कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा की साजिश के तहत पूरे पांच महीने तक सीएम हेमंत सोरेन को जेल में रहना पड़ा. झारखंड की बहन-बेटियों के सपनों को वो वक्त गंवाना पड़ा, जो उन्हें पांच महीने पहले ही मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के रूप में मिल सकता था. केंद्र सरकार ने झारखंड की विकास का 136 करोड़ रुपए रोककर रखा है वह गरीबों, दलितों का और आमजनों का पैसा है.

वहीं मंच से झामुमो प्रत्याशी जानकी यादव ने कहा कि हमने अपने पांच साल के कार्यकाल में विकास की नई गाथा लिखी. हमने बरकट्ठा में डिग्री कालेज का निर्माण करवाया. हमने कई सड़क, पुल पुलिया का निर्माण करवाया. हमने गोहाल में पॉलिटेक्निक कॉलेज का भी निर्माण करवाया. इस बार झारखंड में दोबारा लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी और झारखंड विकास की नई गाथा लिखेगा.

जेएमएम के चुनावी कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुद्दूस अंसारी ने की. कार्यक्रम का संचालन कोडरमा जिला अध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय ने किया. मौके पर जेएमएम प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी, जिला संयोजक संजीव बेदिया, चलकुशा जिप सदस्य सबिता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शंभु लाल यादव, पूर्व उपाध्यक्ष यासीन खान, कमल नयन सिंह, कलीम खान, आरके मेहता मौजूद थे.

## प्रदेश के सभी जिलों में संकल्प पत्र पर भाजपा की प्रेस कॉन्फ्रेंस पांच को

**रांची।** भाजपा प्रदेश के सभी जिलों में संकल्प पत्र को लेकर पांच नवंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। इसके जरिए संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदुओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। गिरिडीह में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, बोकारो के चंदनकियारी में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सरायकेला में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, देवघर में सांसद निशिकांत दुबे, पलामू में सांसद वीडी राम, हजारीबाग में सांसद मनीष जायसवाल, धनबाद में सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और अग्निमित्र पाल, गुमला में केदार कश्यप और विमला प्रधान, लोहरदगा में मनीर उरांव, सिमडेगा में विनय लाल और सुदर्शन भगत, खूंटी में नीलकंठ सिंह मुंडा और चंद्रशेखर गुप्ता, लातेहार में प्रतुल शाहदेव, गढ़वा में विकास प्रीतम, रामगढ़ में ओपी चौधरी, चतरा में टोखन साहू, कोडरमा में नीरा यादव, दुमका में सुनील सोरेन, जामताड़ा में वीरेंद्र मंडल और सत्यानंद झा बाटुल, साहिबगंज में अनंत ओझा, गोड्डा में अमित मंडल और शेष जिलों में भी प्रमुख नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

# पीएम बताये सरना धर्मकोड की गारंटी क्यों नहीं देते हैं : जेएमएम

बिभा संवाददाता



**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घूम रहे हैं. गढ़वा गये, चाईबासा गये अच्छा है. उन्हें भी एहसास हो गया कि बीजेपी इस चुनाव में पराजित है. चाईबासा, गढ़वा में जो रैली हुई. अमित शाह कल झूठ का पुलिंदा जारी किये. उसमें कोई विशेष बात नहीं, वह परिवारवाद पर बोले, बीजेपी अब परिवारवाद पर बोलेगी. वह सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से मीडिया कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम यह कौन सा परिवारवाद जब बोलने के लिये कुछ नहीं तो ऐसी बात क्यों. डबल इंजन की सरकार 2019 में थी, 2014 से थी. इस अवधि में कितने उद्योग लगे, कितने बंद हो गये. पीएम आप के मुंह से झूठ निकले यह ठीक नहीं. चुनाव से पहले जमशेदपुर गये, वंदे भारत को हरी झंडी दिखाया, आज से शुरू हुई जो गया से चली. 12 वंदे भारत हो गई. गया से रांची, रांची से चाईबास तक. 9 वंदे भारत रेल मंत्रालय चला रही, 3 पीएम चला दिये. 3 वंदे भारत कहा से आ गये. उन्होंने कहा कि रेलवे से पता किया तो पता चला कि गया से गढ़वा तक आज चलाई गई, गया से रांची, रांची से चाईबासा 3 हो गये. पीएम का इतना हल्का भाषन बोलने के लिये कुछ नहीं. बस एक बात का अपमान हो रहा, विदेशों में जो भारतीय लोग रहते थे, नागरिकता बताने में शर्म करते थे, पीएम ने कहा मेरे आने के बाद गर्व करते हैं. सुप्रियो ने कहा कि 2.20 लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी विदेश के लिये. विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय में पेश हुए हैं, संसद में पेश हुए हैं.

प्रधानमंत्री जी को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हरियाणा की जनता भी उन्हें सुन रही थी. अभी तक विज्ञापन भी नहीं निकला तो फिर आवेदन कहां से हो गया और नियुक्ति कहां से हो गई. चाईबासा की सभा में प्रधानमंत्री के पहुंचने से पहले ही मैदान खाली होने लगा. लोगों को ढोकर लाया गया था. हमारी सरकार ने हो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए कैबिनेट से निर्णय लिया और मोदी जी कहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है. सरना धर्मकोड की गारंटी क्यों नहीं देते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह बताना चाहिए. जातीय जनगणना तक की घोषणा नहीं की गई. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हरमू मैदान में अंकिता नाम की एक लड़की के पिता को अपमान करने का काम किया था. इसके गवाह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी हैं. भ्रष्टाचार पर बात करने वाले प्रधानमंत्री के बगल में भानु प्रताप शाही और कमलेश सिंह बैठे हुए थे. उन्हें कहना चाहिये, हमने झारखंड में आकर जो घोषणाएं की, उसको लागू नहीं किया इसके लिए हमें माफ कर दें. एक हताश, निराश और पराजित स्टार प्रचारक लौट कर चले गएएक मुख्यमंत्री माचिस लेकर प्रचार करने आयेंगे वो बाटेंगे तो काटेंगे का नारा देंगे.

## सरायकेला-राजनगर मार्ग पर दो वाहनों की टक्कर में तीन की मौत, दो गम्भीर





बिभा संवाददाता

**सरायकेला खरसावां** : सरायकेला, 4 नवंबर (हि.स.)। सरायकेला- राजनगर मार्ग पर कालापाथर गांव के समीप टिप टेलर और 407 एलपी के बीच हुई टक्कर में रविवार की देर रात तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

बताया जाता है कि सरायकेला की ओर से आ रहे 407 वाहन ( जेएच06आर/6361 ) की राजनगर की ओर से आ रहे टिप टेलर ( जेएच05सीक्यु/1369 ) के बीच कालापाथर गांव के समीप आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिससे टिप टेलर में आग लग गई।

आग में झुलस जाने से टिप टेलर चालक की जलकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 407 के चालक और खलासी की भी गम्भीर चोट लगने से मौत हो गई। साथ ही, 407 वाहन में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बाहर निकाल कर उसे इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भिजवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सरायकेला थाना पुलिस ने दो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है, जबकि एक अन्य शव 407 के अंदर फंसा हुआ था। काफी मशक्कत के बाद उंक्त शव को भी निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उस दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने जाम हटाकर मार्ग पर वाहनों का आवागमन सुचारू कराया।

## आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर ने कसमार में चलाया जनसंपर्क अभियान

**बोकारो**: बोकारो जिले की गोमिया विधानसभा से आजसू (एनडीए) प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो ने सोमवार को कसमार प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने हिसीम, मुरहुलसूदी, सिंहपुर, खैराचातर आदि पंचायतों का दौरा कर लोगों से वोट मांगा. जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 40 वर्षों से गोमिया का विकास ठहरा हुआ था. विधायक बनने के बाद पिछले 5 वर्षों में उन्होंने जनता की सेवा की. विकास योजनाओं को सरजमीं पर उतारने का रिकॉर्ड कायम किया है. कहा कि जनता एक बार फिर मौका दे, ताकि क्षेत्र के विकास के अधूरे कार्यों को पूरा कर सकें. मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, अशोक कुमार सिंह, रामसेवक जायसवाल, महेंद्रनाथ महतो, गोविंद करमाली समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

## उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आरओ सेल के पदाधिकारी एवं कर्मी संग की बैठक

बिभा संवाददाता




**सिमडेगा**: जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आरओ सेल के पदाधिकारी एवं कर्मी से बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से 71-कोलेबिरा आर0ओ0 -सह- अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, 70-सिमडेगा आर0ओ0 -सह- अनुमंडल पदाधिकारी श्री अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पवन कुमार महतो, ए०आर०ओ० -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी, आर०ओ० सेल सभी कर्मी गण उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त २ने आर०ओ० सेल सभी पदाधिकारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को सभी कार्य दायित्वों को समय से निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज से ईवीएम कमीशनिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जो वीवीपैट, बी०यू० रिजेक्ट होगा। उसका ससमय सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री कर अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस का आवश्यक तैयारी पहले से ही कर लेने की बात कहीं। उपायुक्त महोदय ने दोनों आर0ओ0 को सामग्री कोषांग से पीठासीन पदाधिकारी को दी जाने वाली सामग्री पैकेजिंग का जांच कर लेने की बात कहीं। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को बीएलओ द्वारा मतदाताओं को दी जाने वाली वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

## गांव में पहुंची अंबा, आलता की थाली में रखे पैर, दही से हुआ शगुन

बिभा संवाददाता

**रामगढ़**। बड़का गांव विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अंबा प्रसाद ने सोमवार को पतरातू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान जनता ने उनका स्वागत झारखंडी परंपरा के साथ किया। ग्राम सुदी, अरमादाग, कोड़ी, दाड़ीदाग, कडरु, बारीडीह,जोबो, खपिया, सांकी, पाली निम्मी, चिकोर, लपंगा, लादी, मतकमा में हर जगह अंबा प्रसाद का पारंपरिक झारखंडी रीति-रिवाजों से स्वागत किया गया। अरमादाग में मुखिया के द्वारा घर की बेटी को पैर धोकर व आलता में पैर रखवा कर सजे धजे झूला में बैठाया गया एवं दही खिलाकर शगुन किया गया।

इस दौरान अंबा प्रसाद ने पिछले पांच वर्षों में किए गए विकास कार्य को लोगों के बीच रखा। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि कैसे उनकी सरकार ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं चलाईं। उन्होंने कहा आपका एक-एक वोट न केवल क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाएगा, बल्कि हमारी सेवा और समर्पण को और मजबूत करेगा।




# संक्षिप्त खबरें

## सिमडेगा फायरिंग घटना में दोषी सीआईएसएफ कर्मी निलंबित

**सिमडेगा(बिभा)** : झारखंड में 03 नवंबर 2024 की रात दो सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर गोली चलाने की घटना के जवाब में, उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई तुरंत शुरू कर दी गई है। 04 नवंबर 2024 की सुबह एक वरिष्ठ सीआईएसएफ अधिकारियों की टीम, जिसमें सुमंत सिंह, उप महानिरीक्षक और हरेंद्र नारायण, कमांडेंट शामिल थे, सिमडेगा पहुंची और घटना की गहन जांच की। उन्होंने इस मामले पर सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक और क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ अधिकारियों से भी मुलाकात की ताकि घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सके। तत्काल कदम के रूप में, शामिल हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है और दूसरे कर्मी को निलंबित करने की आवश्यक स्वीकृति भी मांगी गई है। इस घटना की गहन जांच जारी है, जिसके आधार पर दोनों कर्मियों के खिलाफ अनुकरणीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीआईएसएफ की यह त्वरित प्रतिक्रिया उसके प्रत्येक कर्मी के प्रति उच्चतम स्तर की अनुशासन और जवाबदेही बनाए रखने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## दो दिवसीय 11वी राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग में रांची बना विजेता, वेस्ट सिंहभूम उपविजेता

**रांची (बिभा)**: 11वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर, जूनियर, सब जूनियर, यूथ बालक/ बालिका/ महिला पुरुष रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स खेलगांव होटवार रांची में आयोजित की गई है। जिसका आज समापन किया गया समापन में मुख्य अतिथि के रूप में शशि प्रकाश झा विशेष सचिव, भू राजस्व विभाग झारखंड सरकार विशिष्ट अतिथि झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव एस.के पांडे, ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनकर सम्मानित किया । तथा उक्त प्रतियोगिता में रांची 93 अंकों के साथ बना विजेता व 33 अंक के साथ वेस्ट सिंहभूम बना उपविजेता। सभी अतिथियों को झारखंड साइकलिंग संघ की ओर से पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया ! झारखंड के विभिन्न जिलों से 220 बालक बालिका महिला पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव श्री शैलेंद्र कुमार पाठक, उपाध्यक्ष सुरजीत कुमार, झारखंड साइकलिंग संघ के सदस्य रितेश झा,कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, जितेंद्र महतो, दिलीप कुमार गुप्ता ,राजकुमार मेहता, चंद्र बहादुर सिंह, दीपक हेंब्रम, प्रवीण कुमार, साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के आब्जर्वर के रूप में शीर्ष, तकनीकी पदाधिकारी के रूप में प्रोन्नति रानी दास, राम कुमार भट, प्रथम शर्मा, धनंजय महतो, सुमित्रो बोरनाल आदि।

## प्रधानमंत्री ने पद्म श्री मुकुंद नायक की स्वास्थ्य की जानकारी ली




**रांची(बिभा)** : नागपुरी नृत्य के प्रख्यात कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक की शल्य चिकित्सा मैक्स अस्पताल में हुई । संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अस्पताल जाकर उनके पुत्र नंद लाल से भेंट की तथा मुकुंद जी के स्वास्थ्य का हाल जाना । उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि मुकुंद नायक जी राष्ट्र की धरोहर हैं और उनके हम सब उनके स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मुकुंद नायक अपने नागपुरी नृत्य और गीतों के लिए प्रसिद्ध हैं तथा उन्हें सन 2017 में पद्मश्री तथा 2019 में संगीत नाटक अकादमी सम्मान से अलंकृत किया गया है । उन्होंने नागपुरी नृत्य झूमर को झारखंड से बाहर अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है । वे कुछ दिन पहले सर्वाइकल की तकलीफ से पीड़ित थे जिस ऑपरेशन किया जाना जरूरी था । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संस्कृति मंत्रालय को श्री नायक के स्वास्थ्य की देखभाल करने के निर्देश दिये हैं । संस्कृति मंत्री ने श्री मुकुंद नायक के परिवार जनों से भेंट की तथा उनके स्वास्थ का हाल जाना । उनके साथ आय जी एन सीए के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी तथा संस्कृति मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों निर्देश दिए कि श्री नायक के उपचार में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

## 85 से अधिक उम्र के वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग कराया गया



**सिमडेगा(बिभा)**: झारखंड विधानसभा आम चुनाव -2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के निर्देश पर 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के 85 से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार होम वोटिंग कराया गया। इसके लिए दोनों विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। होम वोटिंग के लिए मतदान दल का गठन भी किया गया है जो मतदाता के घर पहुंच कर मतदाताओं से वोट कराया जा रहा है। आज प्रथम दिन में कुल 113 मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रथम चरण में 7 नवंबर तक चलेगा।मतदान कर्मी 8.30 बजे पूर्वाह्न से 4.30अपराह्न तक मतदान कराएंगे।

## मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया मतदान



**सिमडेगा(बिभा)**: विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर मतदान प्रक्रिया में शामिल कर्मचारियों ने सिमडेगा महिला कॉलेज, सलडेगा बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया। इस दौरान 70- सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने वाले मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। इस दौरान 506 मतदान कर्मियों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान के बाद सभी कर्मियों की अंगुलियों पर अमिट स्याही भी लगाई गई। इसके पश्चात 70-सिमडेगा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में 668 अधिकारी शामिल हुए। वहीं सिमडेगा पुलिस केंद्र में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के जरिये पुलिस कर्मियों के द्वारा वोट किया गया।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com